भोपाल
मंगलवार 06 मई 2025
■ वर्षः 30 ■ अंकः 129
■ पेजः 8 ■ मूल्यः 1.50/- रुपए

निष्पक्ष एवं विश्वसनीय खबरों का लोकप्रिय समाचार पत्र

# एक्सप्रेस न्यूज

## बेमौसम बारिश से मप्र तरबतर... 24 घंटे में 50 शहरों-कस्बों में गिरा पानी अशोकनगर में आंधी से टावर गिरा

# 16 जिलों में बारिश और ओले गिरे...



**भोपाल, ईएमएस।** मप्र में सोमवार को भी तेज आंधी, ओले और बारिश का दौर जारी रहा। शाजापुर, नीमच, सीहोर में ओले गिरे, जबकि गुना में आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि शादी का टेंट तक उड़ गया। अशोकनगर में एक मोबाइल टावर गिर गया। भोपाल, ग्वालियर, मंदसौर, रायसेन, विदिशा, रतलाम, भिंड, छतरपुर, मऊगंज,पन्ना, खरगोन समेत कई जिलों में बारिश का दौर जारी रहा। धूलभरी आंधी चली। ग्वालियर-सतना में 3 मिमी, गुना-नौगांव में 2 मिमी, रायसेन में 5 मिमी, छिंदवाड़ा में 1 मिमी, खजुराहो में 4 मिमी दर्ज की गई। बाकी जिलों में भी बारिश हुई, पर कम पानी गिरने से वह दर्ज नहीं हो सकी।

मप्र में बीते 24 घंटे में 50 शहरों-कस्बों में पानी गिरा। रायसेन में धूलभरी आंधी चली। अगले 12 घंटे के अंदर ग्वालियर-चंबल संभाग में ओले गिरने का अलर्ट है। इनमें मुरैना, गुना, विदिशा, ग्वालियर, शिवपुरी जिले के साथ पन्ना भी शामिल हैं। यहां गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली भी गिर सकती है। साथ ही 60 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी भी चल सकती है। इसी तरह श्योपुर, भिंड, अशोकनगर, विदिशा, राजगढ़, आगर-मालवा, शाजापुर, खंडवा, छतरपुर, सतना, मैहर में हल्की बारिश हो सकती है। कटनी, सिवनी, मंडला, उमरिया, शहडोल, भोपाल, छिंदवाड़ा और रीवा जिलों में भी मौसम बदला रहेगा।

### कई शहरों में तापमान में गिरावट

इधर, अधिकांश शहरों में दिन के तापमान में खासी गिरावट हुई है। रायसेन सबसे ठंडा रहा। यहां पारा 27.4 डिग्री पहुंच गया। एक ही दिन में 8.6 डिग्री की गिरावट हुई है। उज्जैन में 5.5 डिग्री की गिरावट के बाद पारा 35.5 डिग्री पर आ गया। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर में भी पारे में गिरावट हुई।

## चुपके-चुपके

### पति और पत्नी के झगड़े में बदनाम हो रही पुलिस

एक आईपीएस दंपति का आपसी झगड़ा पिछले कई महीनों से सुर्खियों में बना हुआ है। महिला आईपीएस अधिकारी अपने पति पर दूसरी औरत के साथ रहने का आरोप लगाते फिर रही हैं। इससे पुलिस की बदनामी हो रही है। खबरची का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जब डीजीपी ने मामले की जांच कराई तो पता चला की यह महज पति और पत्नी के बीच का झगड़ा है। सूत्रों का कहना है कि पति-पत्नी ने पारिवारिक झगड़े के बाद कोर्ट में तलाक का आवेदन दिया था। इस बीच मैडम ने अपना आवेदन वापस ले लिया और पति के खिलाफ उच्चस्तर पर शिकायतें करनी शुरू कर दी। जांच के बाद अब दोनों से जवाब मांगा गया है। यहां बता दें की दोनों वर्तमान में पुलिस अधीक्षक हैं।

-खबरची

## फटाफट खबरें

### पति-पत्नी और तीन बेटियां जिंदा जलीं

**कानपुर, ईएमएस।** कानपुर में रविवार रात 8 बजे एक 4 मंजिला बिल्डिंग में आग लग गई। हादसे में एक परिवार के 5 लोग जिंदा जल गए। मरने वालों में पति-पत्नी और उनकी 3 बेटियां हैं। बिल्डिंग के बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर पर जूता-चप्पल बनाने का कारखाना था। ऊपर के 4 फ्लोर में दो भाइयों का परिवार रहता था। आग की शुरुआत ग्राउंड फ्लोर पर कारखाने से हुई। देखते ही देखते आग पूरी बिल्डिंग में फैल गई। घर में रखे सिलेंडर, केमिकल और एसी फटने लगे।

### कनाडा में खालिस्तान समर्थकों की रैली

**टोरंटो, ईएमएस।** कनाडा को टोरंटो में खालिस्तानी समर्थकों ने रविवार को हिंदू विरोधी रैली निकाली। इस रैली में खालिस्तानियों ने 8 लाख हिंदुओं को वापस भारत भेजने के लिए नारे लगाए। यह रैली टोरंटो के मालटन गुरुद्वारे के पास निकाली गई। इसमें एक बड़े ट्रक पर जेल का मॉडल बनाया गया था और उसमें भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के पुतले रखे गए थे। इन पुतलों की कैदी की तरह दिखाया गया था।

### महाकाल मंदिर परिसर में लगी आग

**उज्जैन, ईएमएस।** उज्जैन में महाकाल मंदिर परिसर में कंट्रोल रूम की छत पर आग लग गई। इससे पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के एयर क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम की बैटरियां जल गईं। दूर से ही धुआं और आग की लपटें दिखाई दे रही थी। आग लगने के बाद मंदिर में भक्तों का प्रवेश रोकना पड़ा। घटना मंदिर के गेट नंबर 1 पर स्थित अवंतिका गेट के कंट्रोल रूम की छत पर हुई। सूचना मिलते ही दमकलें मौके पर पहुंची। कुछ ही देर बाद ही आग पर काबू पा लिया गया। फिलहाल बैटरी में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## पहलगाम आतंकी हमला...खुफिया एजेंसियों के फेल होने के बाद अब आतंकवादियों की खोज में आर्मी... राष्ट्रीय रायफल्स, पैरा कमांडो यूनिट, सीआरपीएफ, जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य अर्धसैनिक बल नाकाम

# 13 दिन बाद भी आतंकी पकड़ से दूर...

### केंद्रीय गृह मंत्रालय का राज्यों को मॉक ड्रिल का निर्देश, छात्रों-नागरिकों को प्रशिक्षण देने को कहा...

● नई दिल्ली/जम्मू कश्मीर, ईएमएस

22 अप्रैल को 4 आतंकवादी पहलगाम के बायसरन घाटी में आए, सैलानियों के धर्म पूछे, ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं और गायब हो गए। पिछले 13 दिनों से भारतीय सुरक्षा बलों ने उन्हें खोजने में एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया, कुछ सुराग हाथ जरूर लगे, लेकिन आतंकी अभी तक पकड़ से दूर हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि पहले खुफिया एजेंसियां फेल हुईं और अब आतंकवादियों की खोज में आर्मी, राष्ट्रीय रायफल्स, पैरा कमांडो यूनिट, सीआरपीएफ, जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य अर्धसैनिक बल नाकाम साबित हो रहे हैं।

वहीं केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस) के लिए देश के सभी राज्यों को 7 मई को मॉक ड्रिल कराने को कहा है, ताकि किसी आपात स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। आतंकियों ने पहलगाम की बायसरन घाटी में बेहद प्लानिंग से हमला किया था। उन्हें पता था कि सुरक्षा बलों को यहां तक पहुंचने में कम से कम आधे घंटे लग ही जाएंगे। इतनी देर में वो आसानी से जंगलों में भाग जाएंगे। हुआ भी यही। बायसरन घाटी टाउन से 6-7 किमी दूर चढ़ाई पर है। ये पूरा रास्ता कच्चा है। यहां पैदल या फिर घोड़े से ही जाया जा सकता है। जब तक सुरक्षा बलों को सूचना मिली और वो हमले वाली जगह पहुंचे, आतंकियों को काफी बफर टाइम मिल गया। जिन रास्तों में इन आतंकवादियों को ट्रैक किया गया है, वो लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद जैसी आतंकी संगठनों का एक एस्केप रूट है, जिसका वे लंबे समय से इस्तेमाल करते आ रहे हैं।



### पाकिस्तान की सभी पार्टियां सेना के साथ

पाकिस्तान के राजनीतिक दलों में यह सहमति बनी है कि भारत ने हमला किया तो सभी राजनीतिक दल एक साथ आ जाएंगे और संयुक्त मोर्चा बना लेंगे। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी सेना ने रविवार देर रात मौजूदा हालात के बारे में सभी राजनीतिक दलों को ब्रीफ किया। यह ब्रीफिंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के डायरेक्टर जनरल लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी और सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तरार ने दी। पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक मीटिंग में सभी पार्टियों ने भारतीय हमले की सूरत में जवाबी कार्रवाई करने के लिए अपना समर्थन दिया। इस ब्रीफिंग में इमरान खान की मुख्य विपक्षी पार्टी पीटीआई शामिल नहीं हुई। दरअसल पीटीआई इमरान की जेल से रिहाई की मांग कर रही है, जिसे सरकार ने नकार दिया है। पाकिस्तान के सभी राजनीतिक दलों ने भारतीय हमले की सूरत में सेना के साथ खड़े होने की बात कही। रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने बैठक में कहा सरकार इस मुद्दे पर सभी राजनीतिक दलों से फीडबैक लेना चाहती है। रिपोर्ट के मुताबिक बैठक में कहा गया कि भारत दुनिया को अपनी बात समझा नहीं पाया है। जबकि पाकिस्तान का पक्ष मजबूत होकर उभरा है। दूसरी तरफ पाक सेना ने भी अपनी तैयारियों को लेकर राजनीतिक दलों को जानकारी दी।

### मृतकों की तेरहवीं पर भाजपा नेता की मस्ती

जम्मू-कश्मीर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष रविंदर रैना अपने एक वीडियो को लेकर विवादों में घिर गए हैं। विपक्ष उनको जमकर सुना रहा है। दरअसल, जम्मू-कश्मीर में भाजपा के तेजतर्रार नेता ने 4 मई की रात में एक वीडियो शेयर किया। इसमें वह किसी बर्फीली पहाड़ी पर जवानों के साथ दौड़ते और हंसते दिखाई दे रहे हैं।

उनके साथ सुरक्षाकर्मी भी दौड़ लगाते दिखाई देते हैं। ऐसे समय में जब देश पहलगाम आतंकी हमले से गमगीन है और पाकिस्तान के खिलाफ सख्त एक्शन की खबर सुनना चाहता है भाजपा नेता की ये हंसी विपक्ष और आम लोगों को रास नहीं आई। इसे लोग मृतकों की तेरहवीं पर भाजपा नेता की मस्ती बता रहे हैं।

### कमांडो ट्रेनिंग मिली थी आतंकियों को

पहलगाम आतंकी हमले में शामिल आतंकियों को पाकिस्तानी कमांडो की ट्रेनिंग मिली हुई थी और अभी भी घाटी में ऐसे 15-20 आतंकी मौजूद हैं। जम्मू-कश्मीर की जेलों में बंद लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने बताया कि पहलगाम आतंकी हमले में शामिल आतंकियों को पाकिस्तान के स्पेशल सर्विस ग्रुप कमांडोज जैसी ट्रेनिंग दी गई थी। 15-20 ऐसे कमांडर कश्मीर घाटी में मौजूद हैं, जो विदेशी आतंकियों के छोटे-छोटे ग्रुप को लीड कर रहे हैं। अब इन आतंकियों की खोज की जा रही है।

### ऊबड़-खाबड़ इलाकों के लिए ट्रेंड आतंकी

भारतीय सुरक्षा अधिकारियों का मानना है कि पहलगाम में नरसंहार करने वाले आतंकवादी ऐसी भागौलिक परिस्थितियों के लिए ट्रेंड हैं और उन्होंने युद्ध प्रशिक्षण भी प्राप्त किया है। माना जाता है कि आतंवादियों में से एक हाशिम मूसा लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा एक पूर्व पाकिस्तानी पैरा कमांडो है। वह अपने सैन्य प्रशिक्षण और सामरिक विशेषज्ञता के लिए जाना जाता है। खुफिया जानकारी से पता चलता है कि पहलगाम आतंकी हमला सावधानीपूर्वक और योजनाबद्ध तरीके से किया गया था। आतंकवादियों ने दो महीने पहले सांबा-कठुआ कॉरिडोर के जरिए क्षेत्र में घुसपैठ की थी।

### जम्मू की जेलों पर हमले का अलर्ट

श्रीनगर सेंट्रल जेल और जम्मू के कोट बलवाल जैसी जेलों में आतंकी हमले का इनपुट मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने जेलों की सुरक्षा बढ़ा दी है। इन जेलों में कई हाई प्रोफाइल आतंकी और ओजीडब्ल्यू (ओवर ग्राउंड वर्कर) बंद हैं। सूत्रों का कहना है कि खुफिया जानकारी के अनुसार, श्रीनगर सेंट्रल जेल और जम्मू के कोट बलवाल जैसी जेलों में आतंकी हमला हो सकता है। इन जेलों में कई हाई प्रोफाइल आतंकी और ओजीडब्ल्यू कैद हैं। खुफिया इनपुट मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने इन सभी जेलों की सुरक्षा बढ़ा दी है। सूत्रों ने ये भी बताया कि इनपुट मिलने के बाद डीजी सीआईएसएफ ने रविवार को श्रीनगर में सुरक्षा ग्रिड के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की है। और समीक्षा के बाद जेलों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

# सीएम डॉ. मोहन की पहल से जल गंगा संवर्धन अभियान बना जन आंदोलन

### 31 हजार से अधिक खेत, तालाब और 8200 से अधिक जल इकाइयों का हुआ संरक्षण



**भोपाल, ईएमएस।** मप्र की डॉ. मोहन यादव सरकार पानी की बूंद-बूंद बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए शुरू किया गया जल गंगा संवर्धन अभियान अब असर दिखाने लगा है। करीब-करीब एक महीने के अंदर ही सरकार और प्रशासन ने पूरे प्रदेश में जल से संबंधित 8202 पुरानी इकाइयों का संरक्षण किया है। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत प्रदेश सरकार का लक्ष्य 70 हजार पुराने कुएं-तालाब-बावड़ियों को ठीक करना है। इस अभियान के अंतर्गत अभी तक पूरे प्रदेश में 31 हजार 857 खेत तालाब खोदे गए हैं।

सरकार का लक्ष्य 81 हजार 078 खेत तालाब खोदना है। एक महीने के अंदर सरकार ने 34 हजार 171 कुओं को पानी से रिचार्ज कर दिया है। अभियान में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार अंत तक एक लाख कुओं को रिचार्ज किया जाएगा। डॉ. मोहन सरकार ने अभियान की शुरुआत से अभी तक 932 अमृत सरोवरों के संरक्षण एवं संवर्धन का काम किया है।

### बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे आमजन

इस अभियान का उद्देश्य राज्य के जल स्रोतों, नदियों, तालाबों, झीलों, पुराने कुओं, बावड़ियों और जल-धाराओं को फिर से जीवित करना है। जीवित करने के बाद इन स्रोतों की देखरेख और संरक्षण किया जाएगा। सरकार ने इन सभी स्रोतों को जीवित करने, सफाई, सीमांकन करने के लिए जनभागीदारी का भी सहारा लिया है। लोग बड़ी संख्या में श्रमदान कर पानी को बचाने की कोशिश में जुटे हुए हैं। जिला प्रशासन विशेष रूप से नदियों के किनारे देशी प्रजातियों के पौधे रोप रहा है। इससे जमीन के नीचे जल-स्तर बढ़ रहा है और मिट्टी को नुकसान से बचाया जा रहा है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को अनिवार्य कर दिया गया है।

# आज आएगा 10वीं-12वीं एमपी बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट

### सीएम डॉ. मोहन यादव शाम 5 बजे करेंगे जारी...

**भोपाल, ईएमएस।** एमपी बोर्ड के 10वीं-12वीं के रिजल्ट मंगलवार को शाम पांच बजे जारी होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सीएम हाउस में नतीजों का ऐलान करेंगे। बोर्ड ने इसका आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। जैसे ही मुख्यमंत्री रिजल्ट जारी करेंगे, छात्र इसे एमपी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकेंगे। बता दें कि इस साल करीब 16 लाख स्टूडेंट्स ने 10वीं और 12वीं की परीक्षा दी है।

एमपी बोर्ड ने इस साल फैसला लिया है कि अगर छात्र मेन एग्जाम में फेल होते हैं, तो जुलाई में दोबारा परीक्षा दे सकेंगे। ये फैसला नई शिक्षा नीति-2020 के तहत लिया गया है। इस बदलाव से उन छात्रों को राहत मिलेगी, जिन्हें एक या अधिक विषयों में फेल होने पर पूरे साल इंतजार करना पड़ता था। इससे छात्रों को बेहतर अवसर मिलते हैं और उनका साल खराब नहीं होता।

# राहुल की नागरिकता पर रिपोर्ट पेश नहीं कर पाई सरकार

### इलाहाबाद हाईकोर्ट ने केस बंद किया, कहा- रिपोर्ट के इंतजार में याचिका पेंडिंग नहीं रख सकते



**लखनऊ, ईएमएस।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में राहुल गांधी को ब्रिटिश नागरिक बताने वाले केस को बंद कर दिया है। कोर्ट ने कहा- राहुल की नागरिकता की रिपोर्ट केंद्र सरकार पेश नहीं कर पाई। कोर्ट ने कहा कि केवल रिपोर्ट के इंतजार में याचिका को लंबित नहीं रखा जा सकता। जब भी रिपोर्ट केंद्र सरकार को प्राप्त होती है, तो याचिकाकर्ता को उसकी एक प्रति उपलब्ध कराएं और उसे कोर्ट में भी प्रस्तुत करें।

केंद्र सरकार के वकील ने कहा कि यह मामला दो देशों के बीच की संवेदनशील जानकारी से जुड़ा है। संबंधित देश को कई रिमाइंडर भेजे जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं मिला है, इसलिए कुछ और समय दिया जाए। कोर्ट ने कहा कि फिलहाल इस याचिका की सुनवाई पूरी की जा रही है। याचिकाकर्ता को यह स्वतंत्रता है कि वह नागरिकता से संबंधित किसी भी अन्य फोरम या कोर्ट में याचिका दाखिल कर सकता है। 21 अप्रैल को हुई सुनवाई में एडिशनल सॉलिसिटर जनरल सूर्यभान पांडेय ने केंद्र की ओर से स्थिति रिपोर्ट पेश की, लेकिन कोर्ट ने उसे अपर्याप्त मानते हुए सख्त टिप्पणी की- यह मामला राष्ट्रीय महत्व का है, देरी नहीं चलेगी। कोर्ट ने केंद्र से पूछा कि राहुल गांधी भारतीय नागरिक हैं या नहीं? 10 दिन में स्पष्ट कीजिए।

### शंभू थाने का घेराव करने के एक दिन पहले पंजाब सरकार का एक्शन

# किसान नेताओं को घर में किया नजरबंद



### मान की चेतावनी-लोगों को परेशानी स्वीकार नहीं...

**चण्डीगढ़, ईएमएस।** फरीदकोट में जिला पुलिस ने भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धपुर के प्रांतीय अध्यक्ष जगजीत सिंह डल्लेवाल और किसान मजदूर यूनियन के प्रधान दिलबाग सिंह को सोमवार सुबह उनके घर में ही नजरबंद कर दिया।

यह कदम संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक द्वारा छह मई को शंभू थाने के घेराव की योजना के मद्देनजर उठाया गया। शंभू और खनौरी बॉर्डर पर किसान मोर्चा समाप्त करवाने के दौरान किसानों की ट्रालियां और अन्य सामान चोरी हो गया था। पुलिस ने मामला दर्ज किया, लेकिन अधिकतर किसानों को अभी तक उनका सामान वापस नहीं मिला है। इसी मुद्दे पर किसान मोर्चा ने थाने का घेराव करने की घोषणा की थी। एसपी मनविंदर बीर सिंह और डीएसपी त्रिलोचन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने डल्लेवाल के घर पहुंचकर उन्हें नजरबंद किया। डल्लेवाला ने कहा कि राज्य सरकार लोगों की आवाज दबा रही है। उन्होंने बताया कि मोर्चा ने सिर्फ एक दिन के घेराव की योजना बनाई थी।

# सतना में बसपा नेता की हत्या

### जमीन विवाद में लाठी-डंडों से हमला, रास्ते में मौत

**सतना, ईएमएस।** सतना के महादेव मोहल्ले में एक बसपा युवा नेता की हत्या से क्षेत्र में तनाव का माहौल है। बसपा नेता शुभम साहू (26) पर रविवार रात 12:30 बजे अज्ञात हमलावरों ने लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला कर दिया। घायल शुभम को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां से उन्हें रीवा के संजय गांधी अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। इस मामले को लेकर पुलिस ने तीन संदेहियों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। शुभम पहले यूथ कांग्रेस के महामंत्री और एनएसयूआई में सचिव रह चुके थे। हाल ही में वह बहुजन समाज पार्टी में शामिल हुए थे और भोपाल से सतना लौटे थे।

### कांग्रेस ने खत्म किया मुख्य प्रवक्ता का पद

# मप्र में 53 प्रवक्ताओं की नियुक्ति



**भोपाल, ईएमएस।** कांग्रेस के मीडिया विभाग में बदलाव किया गया है। पिछले साल 27 मार्च को पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा की जगह मुकेश नायक को अध्यक्ष नियुक्त किया था। साथ ही 9 मुख्य प्रवक्ता और 22 प्रवक्ताओं की नियुक्ति की थी। कांग्रेस ने अब मुख्य प्रवक्ता का पद खत्म कर दिया है। कांग्रेस के संगठन प्रभारी संजय कामले ने अब 53 प्रवक्ताओं की नियुक्ति की है।

जिन लोगों को प्रवक्ता बनाया गया है इसमें अजीत भदोरिया, अपराजिता पाण्डेय, अब्बास हफीज, अभिनव बरोलिया, अमित चौरसिया, अमित तावड़े, अम्बिका शर्मा, अवनीश बुंदेला, आनंद जाट, आनंद जैन कासलीवाल, आरपी सिंह, कुंदन पंजाबी, गुंजन शुक्ला, जीतेन्द्र मिश्रा, ज्योति पटेल,धर्मेन्द्र शर्मा, नीलाभ शुक्ला, नूरी खान, प्रतिभा विक्टर, प्रमोद द्विवेदी, प्रवीण धोलपुरे, प्रियंका शर्मा, फिरोज सिद्धिकी,भूपेन्द्र गुप्ता, मिथुन अहिरवार, मुकेश पंथी, मृणाल पन्त, योगेश यादव, रवि वर्मा, रवि सक्सेना, राजेश चौकसे, राम पाण्डेय, राहुल राज, रितेश त्रिपाठी, रोशनी यादव, विक्रम चौधरी, विनय सक्सेना, विनोद शर्मा, विवेक त्रिपाठी, शहरयार खान, शैलेन्द्र पटेल, संगीता शर्मा, संतोष सिंह गौतम, संतोष सिंह परिहार, संदीप सबलोक, समर सिंह, साबिर फिटवाल, सीताशरण सूर्यवंशी, सुनील मिश्रा, स्पर्श चौधरी, स्वदेश शर्मा, हर्ष जैन और हिमानी सिंह शामिल हैं।

# सेंसेक्स 295 अंक ऊपर 80,797 पर बंद

**मुंबई, ईएमएस।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शेयर बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 295 अंक ऊपर 80,797 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 114 अंक की तेजी रही, ये 24,461 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 20 शेयरों में तेजी देखने को मिली। अडाणी पोर्ट्स का शेयर 6.31 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व 3.73 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.11 प्रतिशत और जोमैटो 2.45 प्रतिशत चढ़कर बंद हुए। वहीं, कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर 4.59 प्रतिशत और एसबीआई का 1.26 प्रतिशत नीचे आ गए हैं।

## आज का कार्टून




### सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट्स से मांगी पेंडिंग केसों की जानकारी

# वक्त पर न्याय मिले, इसके लिए बनाई जाएगी नई गाइडलाइन

● नई दिल्ली, ईएमएस

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को देशभर के सभी हाईकोर्ट्स से पेंडिंग केसों की जानकारी मांगी। कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट उन केसों की रिपोर्ट जमा करें, जिनमें 31 जनवरी 2025 से पहले फैसला सुरक्षित रखा गया, लेकिन आज तक सुनाया नहीं गया।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एनके सिंह की बेंच ने कहा कि केसों की सुनवाई में होने वाली इस तरह की देरी बेहद परेशान करने वाली है। वक्त पर न्याय मिले। इसके लिए हमें कुछ जरूरी दिशा-निर्देश तय करने होंगे। ऐसा चलता नहीं रह सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश एक रिट याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। इसमें चार दोषियों ने शिकायत की थी कि उनकी आपराधिक अपीलों पर झारखंड हाईकोर्ट ने 2-3 साल पहले फैसला सुरक्षित किया था, लेकिन अब तक फाइनल सुनवाई नहीं हुई।



### झारखंड हाईकोर्ट ने हफ्ते भर में 75 केस पर फैसला सुनाया

याचिकाकर्ताओं की ओर से वकील फौजिया शकील ने बताया कि वर्तमान मामले में सुप्रीम कोर्ट के नोटिस के बाद झारखंड हाईकोर्ट ने कई मामलों में सुनवाई पूरी की है। हालांकि याचिकाकर्ताओं की अपील पर अब भी फैसला आना बाकी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नोटिस जारी होने के बाद झारखंड हाईकोर्ट ने एक हफ्ते में 75 आपराधिक मामलों पर सुनवाई पूरी की। इसके बाद बेंच ने झारखंड हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को निर्देश दिया कि उन 75 अपीलों की लिस्ट प्रस्तुत करें जिन पर हाल ही में निर्णय हुआ है। यह भी बताएं कि इन मामलों में फैसला कब सुरक्षित किया गया था। सुप्रीम कोर्ट जिस मामले में सुनवाई कर रहा, उसमें चार मुख्य आरोपी हैं। उनमें से तीन पर हत्या और एक पर रेप का आरोप है। आरोपी अनुसूचित जनजाति और ओबीसी से आते हैं। इन्होंने 2022 में अपनी सजा के खिलाफ आपराधिक अपीलें झारखंड हाईकोर्ट में दायर की थीं। लेकिन करीब 2-3 साल बीतने के बावजूद उन पर फैसला नहीं आया। चार में से एक व्यक्ति 16 साल से जेल में है, जबकि अन्य 11-14 वर्षों की सजा भुगत चुके हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि जब तक हाईकोर्ट फैसला नहीं सुनाता, वो क्षमा या अन्य राहत के लिए आवेदन भी नहीं कर सकते। याचिका में तर्क दिया गया है कि हाईकोर्ट का निर्णय ना सुनाना अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्ति गत स्वतंत्रता) का उल्लंघन है।

# अमेरिका की सबसे खतरनाक जेल फिर खोल रहे डोनाल्ट ट्रम्प

### 62 साल पहले बंद हुई अल्कट्राज में रहेंगे खुंखार अपराधी

**वॉशिंगटन, ईएमएस।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अल्कट्राज जेल को फिर से खोलने का ऐलान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि वे यहां सबसे खतरनाक अपराधियों को रखेंगे। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने जस्टिस डिपार्टमेंट, एफबीआई और होमलैंड सिक्योरिटी को आदेश दिया है कि वे मिलकर अल्कट्राज को फिर से तैयार करें।

ट्रम्प ने कहा कि अल्कट्राज को फिर से खोलने का मतलब सही मायने में कानून व्यवस्था को बहाल करना है। अमेरिका ने हाल ही में सेंट्रल अमेरिकी देश अल सल्वाडोर के साथ हिंसक अपराधियों और अवैध अप्रवासियों को रखने का करार किया था। ट्रम्प ने कहा कि खतरनाक अपराधियों को देश में रखना मजबूरी बन जाती है क्योंकि कई 'बदमाश जज' केस की सुनवाई के दौरान बार-बार कैदियों को पेश होने के लिए बुलाते हैं। इससे देश पर बोझ बढ़ता है। अल्कट्राज को अमेरिका की सबसे सख्त जेलों में गिना जाता था, जहां सबसे खतरनाक कैदियों को रखा जाता था। इसे 'द रॉक' नाम से भी जाना जाता है।

### एजाज खान के खिलाफ दर्ज कराया दुष्कर्म का मामला

**मुंबई, ईएमएस।** अभिनेता और होस्ट एजाज खान के खिलाफ 30 साल की एक अभिनेत्री ने मुंबई के चारकोप पुलिस थाने में दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। पीड़िता के मुताबिक, एजाज खान ने अपने हाउस अरेस्ट शो में उन्हें होस्ट का रोल देने के लिए बुलाया था।

### नागपुर में सड़क हादसे में तीन की मौत, एक गंभीर

**नागपुर, ईएमएस।** महाराष्ट्र के नागपुर शहर में रविवार दोपहर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा न्यू काटोल नाका क्षेत्र में दोपहर करीब तीन बजे हुआ। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार, एक तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने पहले एक स्कूटर को टक्कर मारी और फिर सामने से आ रहे एक ट्रक से जा भिड़ा।

## फटाफट खबरें

### गुजरात बोर्ड 12वीं का रिजल्ट जारी

**अहमदाबाद, ईएमएस।** गुजरात माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (जीएसईबी) ने आज सोमवार को कक्षा 12वीं (एचएससी) के साइंस, जनरल और वोकेशनल स्ट्रीम के रिजल्ट घोषित कर दिए हैं। छात्र अपना परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट जीएसईबी डॉट ओआरजी पर देख सकते हैं। गुजरात माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (जीएसईबी) ने सोमवार को रिजल्ट जारी करते हुए बताया है कि छात्र-छात्राएं अपना-अपना रिजल्ट बोर्ड की वेबसाइट जीएसईबी डॉट ओआरजी पर चेक कर सकते हैं। इसके लिए छात्र होमपेज पर दिए गए 'एचएससी रिजल्ट 2025' लिंक पर क्लिक करें।

### एयर होस्टेस से की छेड़छाड़, गिरफ्तार

**नई दिल्ली, ईएमएस।** इंडिगो फ्लाइट में सफर कर रहे एक यात्री ने एयर होस्टेस से छेड़छाड़ कर दी। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली से शिरडी जा रही इंडिगो फ्लाइट (6ई 6404) में यह शर्मनाक घटना हुई है। आरोपी नशे में धुत था। महाराष्ट्र पुलिस के अनुसार, यह घटना फ्लाइट के टॉयलेट के पास हुई, जहां यात्री ने एयर होस्टेस को गलत तरीके से छुआ। एयर होस्टेस ने तुरंत अपने क्रू मैनेजर को सूचना दी। इसके बाद शिरडी एयरपोर्ट पर लैंडिंग के बाद यात्री को हिरासत में ले लिया गया।आरोपी की पहचान संदीप सुमेर सिंह के रूप में हुई है। राजस्थान के चुरू का सरकारी कर्मचारी है।

### चीन में आया तूफान नौ लोगों की मौत

**बीजिंग, ईएमएस।** दक्षिण-पश्चिमी चीन के गुइझोउ प्रांत में आए तूफान से वू नदी में चार पर्यटक नाव पलट गईं, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई और एक लापता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रविवार दोपहर में गुइझोउ के एक दर्शनीय स्थल पर तेज हवाओं के कारण यह हादसा हुआ। इस दौरान 80 से ज्यादा लोग नाव से नदी में गिर गए। रिपोर्ट के मुताबिक दो नावों के पलटने की जानकारी दी गई थी, लेकिन बाद में इस दुर्घटना में कुल चार नाव पलटने की बात कही गईं। यह स्पष्ट नहीं है कि अन्य दो नावों पर भी कोई सवार था या नहीं। वू नदी, चीन की सबसे लंबी नदी यांग्त्जी की सहायक नदी है।

### अब धमाके ही धमाके होंगे: नेतन्याहू

**तेल अवीव, ईएमएस।** इजरायल और हमास के बीच लंबे समय से युद्ध चल रहा है। इसी बीच बीते रोज तेल अवीव के एयर पोर्ट पर एक जबरदस्त धमाका हो गया। इस धमाके से भड़के इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ शब्दों में कह दिया कि अभी धमाका हुआ अब धमाके ही धमाके होंगे। उन्होंने यमन के हूतियों को खुली चेतावनी देते हुए कहा है कि एक नहीं, बल्कि कई धमाके होंगे। रविवार को यमन के ईरान समर्थित विद्रोहियों ने इजरायल के मुख्य अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के पास मिसाइल से हमला कर दिया था, जिससे कुछ समय के लिए एयरपोर्ट पर विमानों की आवाजाही प्रभावित रही।

### सोने की खदान से अपहृत किए गए 13 सुरक्षा गार्ड के शव बरामद

**पेरू, ईएमएस।** पेरू में सोने की खदान से अपहृत किए गए 13 सुरक्षा गार्ड के शव बरामद कर लिए हैं। उनकी मौत ऐसे समय में हुई है, जब दक्षिण अमेरिकी देश के खनन उद्योग में हिंसा बढ़ गई है। मीडिया रिपोर्ट में पेरू के गृह मंत्रालय ने जानकारी देते हुए बताया कि खोज और बचाव दल ने रविवार को खदान में कर्मचारियों के शव बरामद किए। कंपनी ने उनके अपहरण का आरोप अनौपचारिक खनन कर्मियों पर लगाया, जो कथित तौर पर आपराधिक गिरोहों से जुड़े थे। आरोप है कि इन खनन कर्मियों ने 26 अप्रैल को सोने की खदान पर घात लगाकर हमला किया। आंतरिक मंत्रालय ने कहा कि उसने इन जघन्य अपराधों के लिए जिम्मेदार लोगों का पता लगाने और उन्हें पकड़ने के लिए विशेष बल तैनात किया है।


वेस्ट बैंक में इजरायली सेनाओं से संघर्ष के दौरान पत्थर फेंकते हुए फिलिस्तीन प्रदर्शन कारी। (फोटो-ईएमएस)

## भारत ने पाकिस्तान के दो न्यूज पोर्टल्स के एक्स अकाउंट को किया बैन

### इन प्लेटफॉर्म्स पर भारत विरोधी सामग्री को बढ़ावा देने का है आरोप

**नई दिल्ली, ईएमएस।** भारत और पाकिस्तान के तनाव के बीच भारत सरकार ने एक और सख्त कदम उठाते हुए दो न्यूज पोर्टल्स बलूचिस्तान टाइम्स और बलूचिस्तान पोस्ट के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स हैंडल को बैन कर दिया है। यह कार्रवाई पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ अपनाए गए आक्रामक रवैये का हिस्सा है। सोशल मीडिया पर कार्रवाई के तहत भारत ने पहले पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी, पूर्व पीएम इमरान खान और पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के एक्स अकाउंट्स पर भी भारत में रोक लगा दी थी।

ख्वाजा आसिफ भारत के खिलाफ भड़काऊ बयानबाजी और परमाणु हमले की धमकी देने दे रहे थे। इससे पहले, भारत ने पाकिस्तान के कई प्रमुख यूट्यूब चैनलों को भी बैन कर दिया है। केंद्र सरकार की ये कार्रवाइयां भारत की सुरक्षा और संप्रभुता को मजबूत करने के लिए उठाए गए कदमों का हिस्सा हैं। बलूचिस्तान टाइम्स और बलूचिस्तान पोस्ट जैसे प्लेटफॉर्म्स पर भारत विरोधी सामग्री को बढ़ावा देने का आरोप है, जिसके चलते इन को बैन कर दिया गया है।

भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी पाकिस्तान को आतंकवाद के मुद्दे पर घेरने की रणनीति अपनाई है। भारत की ये कार्रवाइयां पाकिस्तान को साफ संदेश देती हैं कि आतंकवाद और भारत विरोधी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### पीएम मोदी और रक्षा सचिव के बीच हुई अहम बैठक...

# आतंकवादियों को पालने वालों पर हो सकती है बड़ी कार्रवाई

### पहलगाम आतंकी हमले के बाद लगातार सीजफायर उल्लंघन कर रहा पाकिस्तान

● नई दिल्ली, ईमएस

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भारत की प्रतिक्रिया को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। इसी बीच सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की अहम बैठक हुई। यह बैठक ऐसे समय में हुई है जबकि प्रधानमंत्री मोदी पहले ही थल, जल और वायु सेना प्रमुखों से अलग-अलग चर्चा कर चुके हैं। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि भारत जल्द ही आतंकवादियों को पालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर सकता है।

सूत्रों के अनुसार, यह चर्चा पाकिस्तान के खिलाफ संभावित रणनीतिक कार्रवाई की अंतिम तैयारी के संदर्भ में हुई है। पहलगाम की बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले में दो दर्जन से अधिक पर्यटकों और एक स्थानीय व्यक्ति की मौत हो गई थी। इस जघन्य हमले से पूरे देश में गुस्सा व्याप्त है। इस घटना पर प्रधानमंत्री मोदी पहले ही सख्त चेतावनी दे चुके हैं कि इस हमले की साजिश रचने वालों को ऐसी सजा दी जाएगी जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी स्पष्ट संकेत दिए कि सरकार की प्रतिक्रिया निर्णायक और सख्त होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। राजनाथ सिंह ने एक कार्यक्रम के



दौरान कहा, %प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली, संकल्प और जोखिम उठाने की क्षमता से देश परिचित है। मैं सिर्फ इतना कहूंगा कि देश जो चाहता है, वह जरूर होगा। गौरतलब है कि अब तक भारत पाकिस्तान के खिलाफ कई राजनयिक कदम उठा चुका है, जिनमें राजनयिक संबंधों में कटौती, सिंधु जल संधि की समीक्षा, जल रोके जाने से लेकर हवाई क्षेत्र की सीमाएं बंद करना शामिल हैं। अब सैन्य स्तर पर भी बड़ी कार्रवाई के संकेत मिल रहे हैं।

### पुंछ समेत कई क्षेत्रों में हुई फायरिंग, 11 दिन से जारी है तनाव

पाकिस्तान की ओर से लगातार 11वें दिन संघर्षविराम का उल्लंघन करते हुए सीमा पर गोलीबारी की गई है। शनिवार देर रात और रविवार को पुंछ जिले समेत कुपवाड़ा, बारामुल्ला, राजौरी, मेंढर, नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास पाकिस्तानी सेना ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। भारतीय सेना ने इस उकसावे का मुंहतोड़ जवाब दिया और हल्के हथियारों से जवाबी कार्रवाई जारी रखी। रक्षा सूत्रों के अनुसार, 4-5 मई की रात पुंछ सेक्टर में फायरिंग सबसे ज्यादा तीव्र थी। हालांकि इसमें किसी जान-माल की हानि की सूचना नहीं है, लेकिन स्थानीय लोगों में भय का माहौल है और कई गांववाले सुरक्षित स्थानों पर शरण ले रहे हैं। इससे पहले 30 अप्रैल और 1 मई की रात भी पाकिस्तान ने कुपवाड़ा, उरी और अखनूर क्षेत्रों में गोलीबारी की थी। भारत ने इस पर सख्त रुख अपनाते हुए हॉटलाइन पर पाकिस्तानी सैन्य अधिकारियों को चेतावनी दी थी, लेकिन बावजूद इसके 3-4 मई की रात फिर से कई क्षेत्रों में फायरिंग की गई। इससे पहले तक यह उल्लंघन केवल एलओसी तक सीमित था, लेकिन अब जम्मू के परगवाल सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर भी फायरिंग की खबरें सामने आई हैं, जिससे हालात और गंभीर हो गए हैं। जानकारों की मानें तो पाकिस्तान, हालिया पहलगाम आतंकी हमले और भारत की ओर से संभावित सख्त कार्रवाई की आशंका के चलते, एलओसी पर तनाव बढ़ा रहा है। भारतीय सेना ने फिलहाल सभी मोर्चों पर सतर्कता बढ़ा दी है और सीमा पर चौकसी कड़ी कर दी गई है।

### भारत ने बगलिहार बांध से पाकिस्तान का पानी रोका, सिंधु जल संधि पर दबाव बढ़ा

भारत ने पाकिस्तान को मिलने वाले पानी को रोकने के लिए बड़ा कदम उठाया है। चिनाब नदी पर स्थित बगलिहार बांध के जलग्रहण गेट बंद कर दिए गए हैं, जिससे पाकिस्तान की ओर जाने वाले पानी का प्रवाह रुक गया है। यह कदम पाकिस्तान द्वारा शनिवार को सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल के परीक्षण के कुछ घंटों बाद ही उठाया गया। जानकारी अनुसार भारत ने बगलिहार जल विद्युत परियोजना के गेटों को बंद कर दिया है, साथ ही जलाशय से गाद निकालने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। जल शक्ति मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि किशनगंगा जलविद्युत परियोजना से भी पानी के बहाव को कम किया जा रहा है, और इसे लेकर जल्द ही रखरखाव कार्य शुरू होने वाला है। यह कार्रवाई पाकिस्तान द्वारा आतंकवादी हमले के संदर्भ में उठाए गए कदमों के बीच हुई है, जिसमें 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में कई पर्यटक मारे गए थे। पाकिस्तान ने इन दोनों भारतीय जलाशयों, बगलिहार और किशनगंगा, के निर्माण पर आपत्ति जताई थी, जो पहले से ही सिंधु जल संधि को लेकर चल रहे विवाद का हिस्सा हैं। भारत ने सिंधु जल संधि से हटते हुए पाकिस्तान को यह स्पष्ट संदेश दिया है कि पानी का प्रवाह अब पूरी तरह से भारत के नियंत्रण में रहेगा। इस संबंध में जल शक्ति मंत्रालय ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को स्थिति की जानकारी दी है और इसके साथ ही एनएचपीसी के इंजीनियर भी जम्मू-कश्मीर में अभियान की निगरानी के लिए तैनात किए गए हैं।

## राहुल हिंदू हैं या नहीं, फैसला शंकराचार्य करेंगे पर मंदिर जाने से नहीं रोक सकते

### कांग्रेस के पूर्व नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने अविमुक्तेश्वरानंद के बयान पर कहा...

**गाजियाबाद, ईएमएस।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के राहुल गांधी पर दिए बयान से विवाद खड़ा हो गया है। शंकरचार्य ने राहुल गांधी को हिंदू धर्म से निष्कासित करने की बात कही थी। इस मामले पर कांग्रेस के पूर्व नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि राहुल गांधी के हिंदू होने या न होने का फैसला केवल शंकराचार्य जी ही ले सकते हैं। मैं शंकराचार्य के बयान पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता, लेकिन जहां तक मंदिर जाने की बात है, मंदिर भगवान के घर है और भगवान के घर पर कोई भी जा सकता है। भगवान के घर वह भी आ सकता है, जो भगवान को नहीं मानता।

राहुल गांधी को मंदिर जाने से रोकने वाले बयान का मैं समर्थन नहीं करता। उन्होंने सनातन धर्म की उदारता पर जोर देते हुए कहा कि हिंदू धर्म में किसी भी समुदाय के व्यक्ति, चाहे वह मुस्लिम हो या ईसाई हो मंदिर में दर्शन के लिए जा सकता है। यह सनातन धर्म की वसुधैव कुटुंबकम की भावना को दर्शाता है। यूपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के बयान को लेकर आचार्य प्रमोद ने कहा कि यह बयान अजय राय का नहीं, बल्कि राहुल गांधी का है। उन्होंने आरोप लगाया कि संविधान का अपमान करना, संसद की गरिमा को ठेस पहुंचाना और भारत के शौर्य को कलंकित करना राहुल गांधी का स्वभाव बन चुका है। प्रमोद ने कहा कि अजय राय में इतनी हिम्मत नहीं कि वह स्वतंत्र रूप से ऐसा बयान दे सकें। इस तरह के बयान कांग्रेस की कार्यशैली का हिस्सा हैं। राहुल गांधी के ब्राउन यूनिवर्सिटी में दिए गए बयान को लेकर भी आचार्य प्रमोद ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी हमेशा से भगवान राम को काल्पनिक मानते रहे हैं।

## प्रियंका गांधी ने जाति जनगणना कराए जाने वाली केंद्र की घोषणा का किया स्वागत

**वायनाड, ईएमएस।** कांग्रेस महासचिव और वायनाड से सांसद प्रियंका ने केरल के वायनाड में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान केंद्र सरकार द्वारा अगली जनगणना में जाति आधारित गणना को शामिल करने के निर्णय का स्वागत किया है। प्रियंका ने कहा कि यह फैसला उन लोगों के लगातार प्रयासों और जनता की मजबूत मांग का परिणाम है जो जातिगत जनगणना के पक्षधर रहे हैं। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने यह भी बताया कि उनके भाई और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पिछले कुछ सालों में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया और इसके समर्थन में लगातार आवाज़ उठाई, जबकि भाजपा ने इसका विरोध किया था। प्रियंका ने कहा, कि राहुल गांधी को इस मुद्दे पर संसद में भी मजाक का सामना करना पड़ा था, लेकिन अब देशभर के लोगों के दबाव के कारण सरकार को अपनी स्थिति बदलनी पड़ी है। इसी के साथ प्रियंका ने उम्मीद जताई कि सरकार जातिगत जनगणना को पारदर्शी और सही तरीके से संपन्न करेगी ताकि सटीक आंकड़े प्राप्त हो सकें।

## सीएम ममता के मुर्शिदाबाद दौरे से पहले हो गया नया विवाद खड़ा

### हिंसा में मृतक के परिवार ने पुलिस पर लगाए धमकाने के आरोप, सीजेआई से की शिकायत

**कोलकाता, ईएमएस।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी सोमवार से मुर्शिदाबाद के दो दिवसीय दौरे पर हैं। नए वक्फ कानून को लेकर यहां 11 अप्रैल को हिंसा भड़क गई थी, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं ममता के दौरे से ठीक पहले वहां एक नया बवाल खड़ा हो गया। हिंसा में मारे गए पिता-पुत्र के परिवार ने मुर्शिदाबाद पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिवार ने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणम, और पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस को पत्र लिखकर पुलिस के खिलाफ डराने-धमकाने की शिकायत दर्ज कराई है। इस मामले ने ममता के दौरे से पहले सियासी तापमान बढ़ा दिया।



मृतक हरगोबिंद और चंदन दास के परिवार ने आरोप लगाया कि रविवार सुबह मुर्शिदाबाद पुलिस ने कोलकाता के सॉल्ट लेक में एक बीजेपी कार्यकर्ता के घर में जबरन घुस गई, जहां वे पिछले एक हफ्ते से रह रहे थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक परिवार का कहना है कि पुलिस ने दरवाजा तोड़कर घर में घुसकर उन्हें धमकाया। परिवार ने अपने शिकायती पत्र में लिखा कि हमने पुलिस को लिखित बयान दिया था कि हम अपनी मर्जी से कोलकाता आए हैं और किसी दबाव में नहीं हैं। इसके बावजूद इंस्पेक्टर-इन-चार्ज ने हमें डराने की कोशिश की। वहीं मुर्शिदाबाद पुलिस ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वे सॉल्ट लेक में मृतक के परिवार के ठिकाने पर इसलिए गए थे, क्योंकि परिवार के एक सदस्य ने शिकायत की थी कि दास परिवार का अपहरण कर लिया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमने अपहरण की शिकायत के आधार पर सॉल्ट लेक में बीजेपी कार्यकर्ता के घर का पहुंचे थे। हम परिवार से बात करना चाहते थे, लेकिन उन्होंने सहयोग नहीं किया। हालांकि परिवार का कहना है कि पुलिस ने जबरन दरवाजा तोड़कर उनके साथ बदसलूकी की। इस घटना की सूचना मिलते ही बीजेपी के कई नेता सॉल्ट लेक पहुंच गए और पुलिस से तीखी बहस हुई।

### इम्तियाज की मौत पर सियासी घमासान

## महबूबा मुफ्ती ने उठाए सवाल, परिवार ने की निष्पक्ष जांच की मांग



**जम्मू, ईएमएस।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले की जांच के दौरान कुलगाम से पकड़े गए 23 वर्षीय संदिग्ध इम्तियाज अहमद मागरे की मौत ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। लश्कर-ए-तैयबा के ओवर ग्राउंड वर्कर बताए जा रहे इम्तियाज की पुलिस कस्टडी में होते हुए नदी में डूबने से मौत हो गई, ऐसे में उसके परिवार और राजनीतिक दलों ने इस पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

पुलिस के अनुसार, इम्तियाज को पहलगाम हमले की जांच के दौरान हिरासत में लिया गया था। पूछताछ में उसने आतंकियों को रसद और अन्य मदद पहुंचाने की बात कबूल की थी। जब वह सुरक्षा बलों को कुलगाम के टंगमर्ग जंगल स्थित आतंकी ठिकाने की ओर ले जा रहा था, तभी उसने विशाव नाला नदी में छलांग लगा दी और तैरकर भागने की कोशिश की। तेज बहाव के चलते वह बह गया और बाद में उसका शव अहरबल इलाके में बरामद हुआ। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आने की बात कही जा रही है। पुलिस का कहना है कि उसे कड़ी निगरानी में ले जाया जा रहा था और ड्रोन के जरिए पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी की जा रही थी। हालांकि, इम्तियाज के परिवार ने आरोप लगाया है कि यह मौत नहीं बल्कि एक सोची-समझी साजिश का नतीजा है और उसकी हिरासत में हत्या की गई है। परिवार ने इस घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की है। इस बीच, पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने भी इस पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, ÷कुलगाम में एक और शव नदी से बरामद हुआ है, जिसके पीछे साजिश के गंभीर आरोप लग रहे हैं।÷ उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं कश्मीर की नाजुक शांति, पर्यटन और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश का हिस्सा हो सकती हैं। महबूबा ने मामले की न्यायिक जांच की मांग की है।

## डीएमके सांसद दे रहे थे भाषण, आ गया तूफान, मंच पर गिरा बिजली पोल

**मयिलाडुथुरै, ईएमएस।** तमिलनाडु के मयिलाडुथुरै में रविवार को डीएमके सांसद ए राजा एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे तभी जोरदार तूफान आ गया और एक लाइट पोल उनके ऊपर गिरने वाला था, लेकिन इससे पहले वह वहां से हट गए। घटना के बाद मंच पर अफरा-तफरी मच गई। इस घटना का वीडियो सामने आया है। वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे लाइट पोल सीधे माइक स्टैंड गिरा।

सिर्फ कुछ इंच की दूरी पर जहां ए राजा खड़े थे। उनकी फुर्ती और समझदारी ने उनकी जान बचा ली। वह तुरंत पीछे हटे और दौड़कर मंच से नीचे उतर गए। पोल गिरते ही कार्यक्रम में मौजूद लोग दहशत में आ गए। मंच और उसके आसपास भगदड़ मच गई। डीएमके कार्यकर्ता और नेता आनन-फानन में राजा को घेरे बाहर लेकर आए। इसी बीच बारिश ने कहर बरसाने में कसर नहीं छोड़ी। बैनर उड़ गए, कुर्सियां बिखर गईं और पूरा कार्यक्रम स्थल थोड़ी ही देर में वीरान नजर आने लगा।

### 26 राज्यों में आंधी-तूफान की चेतावनी

## पूर्वोत्तर राज्यों में होगी तेज बारिश

**नई दिल्ली, ईएमएस।** मौसम विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को मध्य प्रदेश और यूपी सहित देश के 26 राज्यों में आंधी-तूफान के साथ बारिश की चेतावनी जारी की है। राजस्थान के पश्चिमी हिस्से में आंधी-बारिश का ऑरेंज अलर्ट और पूर्वी हिस्से में यलो अलर्ट जारी किया है।

आईएमडी ने यूपी-बिहार में ओले गिरने की चेतावनी दी है। वहीं, दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में तेज बारिश होगी, लेकिन तापमान में ज्यादा गिरावट होने की संभावना नहीं है। सेंट्रल और नॉर्थ इंडिया में 7-8 मई तक मौसम ऐसा ही बना रह सकता है। बता दें जयपुर में रविवार को बिजली गिरने से 5 साल की बच्ची की मौत हो गई। सीकर में तेज बारिश के चलते जलभराव हुआ। यूपी के 10 जिलों में तेज बारिश के साथ ओले गिरे। मध्य प्रदेश में आंधी-तूफान के साथ तेज बारिश हुई। छतरपुर में एक मोबाइल टावर गिर गया। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, देवास और खंडवा में तेज बारिश के साथ ओले गिरे। 6 मई यानी मंगलवार को



राजस्थान, गुजरात और छत्तीसगढ़ में भारी बारिश और तेज़ हवाओं चल सकती हैं। दक्षिण भारत के कर्नाटक और केरल में भी मौसम बिगड़ सकता है। 7 मई को गुजरात, महाराष्ट्र और दक्षिण भारत के कई हिस्सों में बारिश और ओले गिरने के आसार हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में भी भारी बारिश हो सकती है। 8 मई को महाराष्ट्र, गुजरात और नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में भी बारिश और तेज हवाओं की चेतावनी दी गई है। दक्षिण भारत में तटीय इलाकों में तेज बारिश हो सकती है।

### पीटीआई नेता सलमान ने किया खुलासा, शहबाज को बताया कठपुतली

## जनरल मुनीर पूर्व पीएम इमरान और उनकी पार्टी को चाहते हैं खत्म करना

● इस्लामाबाद, ईमएस

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। इस हमले के पीछे पाकिस्तानी सेना की गहरी साजिश का खुलासा हुआ है। इसमें सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर की भारत-विरोधी रणनीति के साथ-साथ पूर्व पीएम इमरान खान को खत्म करने की मंशा नजर आ रही है। जुनून बैंड के सदस्य और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) नेता डॉ सलमान अहमद ने एक इंटरव्यू में जनरल मुनीर की खतरनाक मंशा का खुलासा किया और बताया कि पीएम शहबाज जनरल मुनीर के हाथों की कठपुतली हैं।

अहमद ने कहा कि पहलगाम हमले से ठीक पहले, इस्लामाबाद में प्रवासी पाकिस्तानियों के सम्मेलन में मुनीर ने दो-राष्ट्र सिद्धांत का हवाला



देकर भारत के खिलाफ जहर उगला था। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने माना कि हमारा धर्म, रीतियां, परंपराएं, विचार और महत्वाकांक्षाएं अलग हैं। यहीं से दो-राष्ट्र सिद्धांत की नींव पड़ी। मुनीर ने कश्मीर को पाकिस्तान की 'रगों का हिस्सा' बताया था। उन्होंने पाकिस्तानियों से अपने बच्चों को धार्मिक और सांस्कृतिक 'श्रेष्ठता' की कहानियां सिखाने का आह्वान किया था। डॉ सलमान अहमद का मानना है कि यह 'अनावश्यक और सांप्रदायिक विभाजन' वाला भाषण था। अहमद ने खुलासा किया कि मुनीर असल में इमरान खान और उनकी पार्टी पीटीआई को खत्म करना चाहते हैं। इमरान खान, 2023 से जेल में बंद हैं और पाकिस्तान में बड़ी संख्या में उनके समर्थक हैं। मुनीर ने इमरान खान के खिलाफ 200 से ज्यादा फर्जी मुकदमे दर्ज करवाए और 8 फरवरी 2024 के चुनावों में धांधली की, लेकिन इमरान की लोकप्रियता को खत्म नहीं कर सके। अहमद ने कहा कि मुनीर जल्द ही इमरान और उनके समर्थकों के खिलाफ हिंसा, हत्या, यातना और अपहरण की मुहिम शुरू करने वाले हैं। ये हमले उन लोगों को चुप कराने के लिए होंगे जो मुनीर की अन्यायपूर्ण नीतियों के खिलाफ आवाज उठाते हैं।

### साजिश: भारत-पाक की आहट के बीच तुर्की ने कराची पहुंचाया जंगी जहाज

**इस्लामाबाद (ईएमएस)।** पूरी दुनिया आतंकवाद से पीड़ित है और सभी चाहते हैं कि आतंकवाद का खात्मा होना चाहिए। जब आतंकियों पर एक्शन का समय आता है तो कुछ देश उन्हे के साथ खड़े होकर उन्हे बचाने की कोशिश करते हैं। तुर्की ने पाकिस्तान को एक जंगी जहाज देकर कुछ इसी तरह का संकेत दिया है। चीन-तुर्की जैसे देशों से पाकिस्तान की अच्छी दोस्ती रही है और अब ये देश उसका साथ भी दे रहे हैं। इस बीच, तुर्की ने बड़ा कदम उठाते हुए अपना एक जंगी जहाज कराची भेज दिया है, जिससे सवाल उठने लगे हैं कि आखिर एर्दोगन का देश कौन सी साजिश रच रहा है।

### ऑटो से साउंड सिस्टम चुराने के विरोध दो पक्षों में मारपीट

**भोपाल(ईएमएस)।** गांधी नगर इलाके में स्थित नई बस्ती में ऑटो से साउंड सिस्टम चोरी करने की बात बदमाशों ने चालक व उसके परिवार पर हमला कर दिया। घटना शनिवार दोपहर की है। ऑटो चालक दोपहर में खाना खाने घर पहुंचा था, तभी उनके ऑटो से साउंड सिस्टम चोरी हो गया। जब उसने लोगों से जानकारी ली तब उसे पता लगा कि साउंड सिस्टम इलाके में ही रहने वाले दो युवकों ने चोरी किया है।

### बदमाश ने पूजा करने जा रही महिलाओं पर चाकू से किया हमला

**भोपाल(ईएमएस)।** एमपी नगर के जैन मंदिर में पूजा करने जा रही दो महिलाओं पर अज्ञात बदमाश ने चाकू से हमला कर दिया। इसमें एक महिला गंभीर घायल हो गईं। उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि रेखा जैन एमपी नगर में रहती हैं। सुबह करीब पौने सात बजे वह अपनी बहन के साथ हबीबगंज स्थित जैन मंदिर जा रही थीं।

## फटाफट खबरें

### सेना के जवान ने होटल में लगाई फांसी

**भोपाल(ईएमएस)।** हनुमानगंज इलाके में स्थित खजुराहो होटल में एक सेना के एक जवान ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। सूचना पर पहुंची हनुमानगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि निर्देश पिता सुदर्शन मूलरूप से केरल के रहने वाले थे। वर्तमान में वह शाहजहांनाबाद स्थित सुल्तानिया इन्फेंट्री में पदस्थ थे। होटल स्टाफ ने पुलिस को बताया की सुबह करीब 10 बजे उन्होंने होटल में कमरा लिया था। वह कमरा नंबर 134 में रुके थे। पुलिस को शाम पांच बजे फांसी लगाने की सूचना मिली, शुरुआती जॉच में मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। जॉच टीम का कहना है कि फिलहाल खुदकुशी के कारणो का खुलासा नहीं हो सका है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**भोपाल(ईएमएस)।** मिसरोद थाना इलाके में बीती रात हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। उसकी बाइक किसी वाहन से टकराई है, या वह खुद ही स्लिप होकर गिरा है, यह साफ स्पष्ट नहीं हो पाया है। बताया गया है कि मृतक तीन भाई थे, जिसमें बड़े भाई की भी पहले सड़क हादसे में और दूसरे भाई ने बीमारी के कारण मौत हो चुकी है। इस तरह बुजुर्ग माता-पिता के तीनों बेटों की मौत हो जाने से उन पर दुखो का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मूल रुप से छत्तीसगढ़ का रहने वाला बसंत कुमार इक्का पिता प्रेम साई इक्का (37) पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित इंद्रपुरी के पास राज होम्स फेज-2 में रहता था। वह अविवाहित था और वह स्थाई तौर पर कोई काम भी नहीं करता था। बीती देर शाम वह बाइक लेकर घर से निकला था। इसके बाद रात करीब साढ़े सात बजे वह 11 मील चौराहे के नजदीक टोल प्लॉजा के पास हादसे का शिकार हो गया था।

### युवक ने सिर पर बीयर बॉटल फोड़ी

**भोपाल(ईएमएस)।** जहांगीराबाद इलाके में पीएचक्यू तिराहे के पास एक युवक ने पड़ोसी के सिर पर बीयर की बॉटल दे मारी। जिससे बॉटल फुट गई, आरोपी ने फिर उसी बॉटल से उसके पीट में मार दी, इससे युवक के गंभीर चोट आई है, उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रयास का केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार अहीर मोहल्ला जहांगीराबाद में रहने वाले शहजाद खान (45) हम्माली करता है। पड़ोस में रहने वाले सोनू उर्फ राजदीप से उसका पुराना विवाद चल रहा है। शनिवार रात करीब 10 बजे पीएचक्यू तिराहे के पास दोनों का आमना-सामना हो गया। राजदीप पुरानी बात को लेकर शहजाद के साथ गाली-गलौज करने लगा।

### बाइक्स की जोरदार भिड़ंत, पिता-पुत्र की मौत

**भोपाल(ईएमएस)।** नजीराबाद थाना इलाके में स्थित ग्राम सिंघोड़ा में रविवार शाम दो बाइको की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार पिता-पुत्र की मौत हो गई, वहीं दूसरी बाइक सवार दो युवक घायल हो गए है, उन्हें मामूली चोट आई है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जितेंद्र अहिरवार पिता गोवर्धन अहिरवार (18) ग्राम पीपखेड़ी नजीराबाद में रहते हुए खेती-किसानी करता था। बीती शाम वह अपने पिता गोवर्धन के साथ रिश्तेदारी में जाने के लिए बाइक से निकला था। जैसै ही बाइक सवार पिता-पुत्र सिंघोड़ा गांव के पास मेन रोड पर पहुंचे थे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

---

**हर विधानसभा में बनाएंगे चुनाव प्रबंधन प्रभारी**

# मप्र कांग्रेस ने पहली बार अलग से बनाया चुनाव प्रबंधन विभाग

**भोपाल,ईएमएस।**

मप्र कांग्रेस संगठन को मजबूत करने में जुटी हुई है। इसे लेकर तरह-तरह के प्रयोग किया जा रहे हैं और अलग-अलग व्यक्तियों को दायित्व दिए जा रहे हैं। विधानसभा चुनाव के करीब साढ़े तीन साल पहले कांग्रेस ने पहली बार चुनाव प्रबंधन विभाग का अलग से गठन किया है। कांग्रेस के प्रदेश संगठन प्रभारी डॉ. संजय कावले ने बताया कि इससे पहले चुनाव के समय चुनाव प्रबंधन कमेटी बनाई जाती थी। पहली बार इस तरह का प्रयोग किया गया है। इस विभाग का प्रभार पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह को दिया गया है। वही संगठन प्रभारी मे भी बदलाव किया गया गया है। पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह की जगह पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे को प्रभार सौंप गया है। दरसअल चार महीने पहले एमपी कांग्रेस के संगठन में दो-दो प्रभारी नियुक्त किए गए थे। पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह और प्रदेश महामंत्री संजय कामले को संगठन का प्रभारी बनाया गया था। चार महीने में ही प्रियव्रत सिंह की जगह संगठन का प्रभार पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे को दिया गया है। कांग्रेस की चुनाव प्रबंधन समिति में प्रियव्रत सिंह- प्रभारी, गौरव रघुवंशी- अध्यक्ष, गोरकी बैरागी- सदस्य, मृणाल पंत- सदस्य,



शैलेन्द्र पटेल- सदस्य और मयंक तेनगुरिया- सदस्य बनाए गए हैं।

### पंचायत और वार्ड समितियों का होगा गठन

एमपी कांग्रेस द्वारा गठित चुनाव प्रबंधन विभाग अब निचले स्तर के संगठन पर काम करेगा। यानि हर विधानसभा में चुनाव प्रबंधन का प्रभारी नियुक्त किया जाएगा। इसके बाद पंचायत और वार्ड समितियों का गठन होगा। इन समितियों के गठन में इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि चुनावी लिहाज से पंचायत और वार्ड समिति के सदस्य कितने कैपेबल हैं।

### स्थानीय स्तर के सार्वजनिक मुद्दों का करेंगे संकलन

कांग्रेस के चुनाव प्रबंधन विभाग द्वारा पंचायत और वार्ड समितियों के जरिए स्थानीय स्तर के सार्वजनिक मुद्दे संकलित कराए जाएंगे। उनका पूरा दस्तावेजीकरण होगा। चुनाव में नैरेटिव सेट करने में ये मुद्दे महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। कौन से ऐसे स्थानीय मुद्दे हैं जिन्हें जिला स्तर पर और प्रदेश स्तर पर उठाते हुए इलेक्शन का नैरेटिव सेट करना है ये काम भी चुनाव प्रबंधन विभाग करेगा।

### तकनीक के जानकार लोगों को बनाएंगे सदस्य

सोशल मीडिया पर सक्रियता के साथ ही स्थानीय राजनीतिक परिस्थिति और तकनीक के जानकार लोगों को सदस्य बनाया जाएगा। विधानसभा के प्रभारियों के बाद पंचायत और वार्ड समितियों को चुनावी लिहाज से ट्रेनिंग देने का काम चुनाव प्रबंधन विभाग द्वारा किया जाएगा। वहीं भाजपा ने जिस तरह से मतदाता सूची पर पन्ना प्रभारी और अर्द्ध पन्ना प्रभारी नियुक्त किए हैं।

---

**टीआईटी कॉलेज छात्राओ से रेप ब्लैकमेलिंग मामला**

# राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम पहुंची कॉलेज प्रबंधन और स्टॉफ से की लंबी पूछताछ

**भोपाल(ईएमएस)।** राजधानी भोपाल में टीआईटी कॉलेज छात्राओं से रेप, ब्लैकमेलिंग और कथित लव जिहाद के मामले को लेकर राजधानी पहुंची राष्ट्रीय महिला आयोग की जॉच जारी है। सोमवार दोपहर आयोग की तीन सदस्यीय टीम रायसेन रोड स्थित कॉलेज में पहुंची। टीम ने कॉलेज प्रशासन, अधिकारियों और पीड़ित छात्राओं को पढ़ाने वाले स्टाफ से लंबी पूछताछ की। इस दौरान कॉलेज कैपंस में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर और यदि उन्हें किसी तरह की परेशानी हो तो वह प्रबंधन से किस तरह संपर्क कर सकती है, इससे सबंधित सुरक्षा और अन्य इंतजामों पर भी टीम ने पूरी जानकारी ली। वहीं जांच के दौरान टीम ने इस बिंदु की भी जानकारी जुटाने की कोशिश की कि क्या पीड़ित छात्राओं ने आरोपियों के खिलाफ पहले किसी भी तरह की शिकायत कॉलेज प्रबंधन या संबंधित अधिकारियों से की थी या नहीं। मामले की जांच कर रही एसआईटी के अधिकारी भी महिला आयोग की टीम के साथ कॉलेज पहुंचे। राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम का कहना है की वह न केवल जांच प्रक्रिया को मॉनिटर कर रही है, बल्कि सभी पक्षों को जरूरी सुझाव भी दिए जाएंगे, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। आयोग यह सुनिश्चित करेगा कि पीड़ित छात्राओं को पूरी तरह न्याय मिले और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई



हो। गौरतलब है कि इस मामले की जांच के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग ने एक तीन सदस्यीय विशेष जांच समिति का गठन किया है। इस समिति में झारखंड की पूर्व डीजीपी निर्मल कौर, हाईकोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता निर्मला नायक सहित अन्य सदस्य शामिल हैं।

### जल्द पेश होगा चालान, मामले को फॉस्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने की तैयारी

पुलिस सूत्रो के अनुसार मामले में पुलिस एक महीने के अंदर चालान पेश करने की तैयारी में है। वहीं सनसनीखेज कांड को फॉस्ट ट्रेक कोर्ट में चलाया जा सकता है। उल्लेखनीय है की आरोपी फरहान, नबील, अली और साहिल पुलिस रिमांड पर चल रहे है। इन सभी आरोपियों के मोबाइल की जांच के लिए फॉरेसिंक लेब भेजे गए है। एक आरोपी को छोड़कर बाकी सभी को गिरफ्तार कर लिया गया है। फरार छठे आरोपी अबरार पर 20 हजार का इनाम घोषित किया गया है।

---

# जनसंपर्क अधिकारी संघ ने दी सेवानिवृत्त उप संचालक नीरज शर्मा को श्रद्धांजलि



**भोपाल(ईएमएस)** मध्य प्रदेश जनसंपर्क अधिकारी संघ ने सोमवार को सेवानिवृत उप संचालक स्व. नीरज शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। संघ के अध्यक्ष अरुण राठौर की अध्यक्षता में जनसंपर्क संचनालय में आयोजित शोक सभा में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए जनसंपर्क अधिकारियों ने 2 मिनट का मौन रखा और ईश्वर से प्रार्थना की कि शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर संघ के उपाध्यक्ष पंकज मित्तल संरक्षक जीएस वाधवां, संजय जैन संयुक्त संचालक मुकेश मोदी, उपसंचालक क्रांति दीप अलूने, टी.के. चटर्जी, बिंदु सुनील, बबीता मिश्रा, संतोष मिश्रा, दुर्गेश रायकवार, मुकेश दुबे, अरुण शर्मा, सुनील वर्मा, सहायक संचालक राजेश पांडेय, सोनिया परिहार उपस्थित थे। इसके बाद जनसम्पर्क अधिकारियों ने स्व.नीरज शर्मा के निवास में पहुंचकर उनकी पत्नी परिवार के सदस्यों को शोक संवेदना व्यक्त कर ढांढस बंधाया।

# मधुमेह पीड़ित बच्चों के लिए हर गुरुवार विशेष क्लिनिक

**जेपी अस्पताल में फ्री में दी जा रही जरूरी किट और इंसुलिन ट्रेनिंग**

**भोपाल,ईएमएस ।** भोपाल के जेपी अस्पताल में डायबिटीज से पीड़ित बच्चों के लिए राहत भरी पहल की गई है। यहां हर गुरुवार को एक विशेष बाल मधुमेह (टाइप वन डायबिटीज) क्लिनिक आयोजित की जा रही है, जहां बच्चों को न केवल फ्री में जांच और उपचार मिल रहा है, बल्कि इंसुलिन की ट्रेनिंग और फ्री किट भी दी जा रही है। यह सेवा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), मध्यप्रदेश के सहयोग से संचालित हो रही है। क्लिनिक की प्रभारी डॉ. आफरीन आलम हैं, जो स्वयं बच्चों को काउंसलिंग और नियमित मॉनिटरिंग की सलाह दे रही हैं। इस क्लिनिक में पंजीकृत बच्चों को एक फ्री किट दी जाती है, जिसमें ग्लूकोमीटर, ब्लड शुगर टेस्टिंग



स्ट्रिप, इंसुलिन (ग्लारजिन और पेन) और एक मॉनिटरिंग कार्ड शामिल होता है। इस कार्ड में बच्चे या उनके परिजन नियमित रूप से शुगर लेवल दर्ज करते हैं, जिससे डॉक्टर उनके स्वास्थ्य की सही निगरानी कर सकते हैं। इसके साथ ही, हिंदी और इंग्लिश में एक किताब भी दी जाती है, जिसमें मधुमेह से जुड़ी सभी जरूरी जानकारियां सरल भाषा में दी गई हैं। यह पहल बच्चों को आत्मनिर्भर बनाते हुए उन्हें बीमारी से लडने् का आत्मविश्वास भी देती है।

# 'आत्महीनता' की भावना जिसके अंदर आ जाती है,वह स्वंय से 'अस्वीकृती' प्रकट कर लेता है, : मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज

**भोपाल(ईएमएस)।** मुनिसंघ के प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया मुनि श्री प्रतिदिन भावनायोग के माध्यम से मनुष्य के अंदर की नकारात्मकता को दूर करने के लिये नकारात्मक श्ब्दों के माध्यम से दिव्य बचन सुना रहे है। मुनि श्री ने ÷अस्वीकृती÷ शव्द की व्याख्या करते हुये कहा कि अपने आपको भी कभी हीन दृष्टि से मत देखो यदि कोई कमी या दुर्वलता है,तो उसे पहचानो और ÷दृण संकल्प÷ के माध्यम से उसे दूर करो। मुनि श्री ने कहा कि ÷जंहा स्वीकृति है वंहा शांति है,जंहाअस्वीकृति है वंहा अशांति÷ यदि आपके अंदर कोई गुण है तो उसकी प्रशंशा करो उन्होंने कहा कि व्यक्ति जब स्वंम को औरों से तुलना कर ÷जब हम स्वंय अस्वीकृती का भाव रखते है,तो अंदर से आत्महीनता की भावना आ



जाती है, फिर हम कोई कार्य को करना भी चाहे तो नहीं कर पाते उन्होंने कहा कि अपने में गुण नहीं होंने पर भी उन गुणों का बखान करना आत्मप्रशंसा है में उसकी बात नहीं कर रहा लेकिन यदि कोई गुण आपके अंदर है,तो उसे स्वीकार करोऔर आगे बड़ो मुनि श्री ने एक घटना का उल्लेख करते हुये कहा कि एक बच्चा फटे पुराने कपड़े पहन कर स्कूल गया शिक्षक ने उसे इग्नोर किया लेकिन उस बच्चे ने अपनी योग्यता और लगन से पूरे स्कूल में टांप किया तो सभी आश्चर्य चकित रह गये जब शिक्षक ने उससे पूंछा कि तुमने टांप कैसे किया? तो उसने जबाब दिया कि लोगों ने तो मुझे अस्वीकार कर दिया लेकिन मेंने उस अस्वीकार भाव को ही कड़ी महनत कर उस÷अस्वीकृति÷ को ही अवसर मैं बदलने का निश्चय कर लिया। मुनि श्री ने कहा कि अस्वीकृति को अवसर मैं बदला जा सकता है,औरों के कारण अपने आपको अस्वीकार मत करो तथा औरों के अस्तित्व को भी अस्वीकार भी मत करो कुछ लोग ऐसे भी होते है कि अपने आगे किसी को कुछ गिनते ही नहीं यह उनके अंदर का अहंकार है,जो अस्वीकृत होंने पर भी अपने आपको बनाये रखते है मुनि श्री ने कहा कि ÷अस्वीकृति÷ किसी को तोड़ सकती है,तो किसी को तराश भी सकती है।

# लव जिहादियों के पास कहां से आते थे पैसे?

**आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन शौक महंगे, फंडिंग करने वालों की जांच शुरू**

**भोपाल,ईएमएस।** राजधानी भोपाल में सामने आए लव जिहाद को लेकर अब सिर्फ प्रदेश ही नहीं बल्कि देशभर में चर्चा है। इस मामले में हर दिन एक के बाद एक चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। लेकिन आरोपियों को लेकर कुछ सवाल भी खड़े हो रहे हैं जैसे उनके पास पैसे कहां से आते थे और महंगे शौक पूरे करने के लिए कौन मदद करता था। राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम इन सवालों के जवाब जुटाने में लग गई है। दरअसल, राष्ट्रीय महिला आयोग का कहना है कि लव जिहाद मामले में गिरफ्तार आरोपियों की पृष्ठभूमि आर्थिक रूप से कमजोर है। जिस तरह की लग्जीरियस लाइफ वे जीते थे, ऐसे में सवाल खड़े हो रहे हैं कि उन्हें फंडिंग कौन करता था। आरोपी थे तो गरीब घर से लेकिन उनके पास महंगाई बाइक और कार थी। साथ ही किराए से लिए कई कमरे हैं जिनका रेंट काफी ज्यादा है।

### लड़कियों को ले जाते थे महंगे रेस्टॉरेंट, पब और बार

आरोपी लड़कियों को बहलाने-फुसलाने के लिए भी महंगे रेस्टॉरेंट, पब और बार में ले जाते थे। जहां से उन्हें अपना शिकार बनाने का खेल शुरू होता था और इसके बाद उनके साथ अश्लीलता की हदें पार कर वीडियो बनाकर वायरल करने की प्लानिंग की जाती थी। पुलिस ने शुरू की जांच जांच के लिए भोपाल पहुंची राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम ने वित्तीय सहायता पहुंचाने वालों की जांच करने के निर्देश दिए हैं।

# भोपाल में 8 हजार पेड़ बचाने के लिए आंदोलन

**18 मई को अयोध्या बायपास पर जुटेंगे लोग**

**भोपाल,ईएमएस ।** भोपाल के आसाराम तिराहे से रत्नागिरि तिराहा तक अयोध्या बायपास के चौड़ीकरण में 8000 पेड़ों को काटा जाएगा। इस प्रोजेक्ट को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) कर रही है। उन्होंने पेड़ काटने की अनुमति के लिए नगर निगम में आवेदन भी किया है। इसी बीच विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। 18 मई को इसे लेकर बड़ा आंदोलन करने की भी तैयारी है।



प्रदर्शन को लेकर रणनीति भी बनाई जा रही है। बैठकों का दौर भी चल रहा है। पर्यावरणविद् उमाशंकर तिवारी ने बताया कि पिछले दिनों शिवाजी नगर में बैठक हुई थी। इसमें निर्णय लिया गया कि 18 मई की शाम को अयोध्या बायपास पर आंदोलन किया जाएगा, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल होंगे। विकास जरूरी है, पर हरियाली के नाम पर ऐसा नहीं होने देंगे। एनएचएआई को प्रोजेक्ट में बदलाव करना चाहिए। ताकि, प्रोजेक्ट भी पूरा हो और पेड़ भी न काटे जा सके।

### इसलिए 10 लेन बनाया जा रहा अयोध्या बायपास

बता दें कि इस रोड पर 3 ब्लैक स्पॉट हैं, जहां साल भर में 30-35 लोगों की मौत हो जाती है। इसलिए सडक् को सर्विस लेन मिलाकर 10 लेन किया जा रहा है।

विरोध की आशंका को देखते हुए एनएचएआई ने हाईकोर्ट और एनजीटी में कैविएट दायर की है। ताकि न्यायालय कोई भी स्टे देने से पहले एनएचएआई का पक्ष सुना जाए। अफसरों का कहना है कि अयोध्या बायपास के आसपास सिटी फॉरेस्ट डेवलप करने के लिए तैयार हैं।

# आदर्श नवदुर्गा एवं बाबा खाटू श्याम मंदिर का स्थापना दिवस

**22 से 24 मई तक, भव्य धार्मिक आयोजनों की रहेगी श्रृंखला**

**भोपाल,ईएमएस।**

मां वैष्णो धाम आदर्श नवदुर्गा मंदिर एवं बाबा खाटू श्याम मंदिर, प्लेटिनम प्लाजा, अपनी स्थापना के दो गौरवशाली साल पूर्ण कर रहा है। इस अवसर पर 22, 23 और 24 मई 2025 को वार्षिक उत्सव एवं स्थापना दिवस महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धालुओं की आस्था और भक्तिभाव का केंद्र बनने जा रहा है। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन भक्तों के सहयोग से बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जा रहा है। बाबा श्याम के दिव्य रूप, फूल बंगले की छटा, सहस्त्रधारा अभिषेक और भजन संध्या में भक्ति रस का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

### सजेगा बाबा का दरबार

22 मई को सुबह 9:00 बजे वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ ब्राह्मणों द्वारा बाबा खाटू श्याम का सहस्त्रधारा अभिषेक किया जाएगा। जल, दूध, शहद, पंचामृत और विविध औषधीय जड़ी-बूटियों से भगवान का दिव्य अभिषेक संपन्न होगा, जिससे वातावरण भक्तिमय और सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण होगा।

---

**बदबू आने पर मकान मालिक को लगा चूहा मर गया**

# कमरे में मिली जेपी अस्पताल कर्मचारी की सड़ी-गली लाश

**भोपाल(ईएमएस)।**

टीटी नगर इलाके में रहने वाले जेपी हॉस्पिटल कर्मचारी की लाश बुरी हालत मे उसके कमरे में मिली है। दो दिन तक मकान से दुर्गधं आने पर जब लोगो ने मकान मालिक को सूचना दी। तब मकान मालिक को लगा की कोई चूहा मर गया है। चूहे के तलाश करते-करते जब वे किराएदार युवक के कमरे में पहुंचे तो वहां युवक की लाश जमीन पर बुरी हालत में पड़ी मिली। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 37 वर्षीय वेदप्रकाश ठाकुर पिता जगदीश ठाकुर दिसंबर 2024 में जेपी अस्पताल में ग्रेड-3 के पद पर पदस्थ हुए थे। उनकी पत्नि और बच्चे मंडला में रहते है, जबकि नौकरी के चलते वेद प्रकाश तुलसी नगर के पास बीडीए कॉलोनी में एक मकान में किराये से रहते थे। इस मकान में अन्य किराएदार भी रहते हैं। बीते दिनो मकान में बदबू आने पर किराएदारों ने मकान मालिक सुनील भाटिया को बताया। भाटिया पहुंचे दुर्गधं आने पर उन्हें लगा कि मकान में कहीं चूहा मर गया है। इसके बाद उन्होनें सफाई कर्मचारी को बुलाकर चूहे की तलाशना शुरू किया। तलाश करते-करते जब वेदप्रकाश के कमरे के बाहर



पहुंचे तो उन्हें काफी तेज दुर्गंध आई। कमरे के भीतर कूलर भी चल रहा था, उन्होंने कई बाद दरवाजा खटखटाने के साथ ही आवाज लगाई। लेकिन जब दरवाजा नहीं खोला तब धक्का देकर दरवाजा खोला गया तो भीतर

अंदर वेद प्रकाश की लाश जमीन पर पड़ी हुई नजर आई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है, वेद प्रकाश की मौत करीब दो दिन पहले हो जाने के कारण लाश फूल चुकी थी। वहीं पीएम रिपोर्ट आने पर ही मौत के कारणो का खुलासा हो सकेगा जिसके आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

### विधवा बेटी से 69 साल के पिता ने की छेड़छाड़, गिरफ्तार

भोपाल(ईएमएस)। राजधानी में 69 साल के कलयूगी पिता द्वारा 30 साल की विधवा बेटी से अशलील छेड़छाड़ किये जाने की शर्मनाक घटना सामने आई है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि एक फार्म हाउस में पिता व भाई-भाभी के साथ विधवा बेटी और उसका 10 साल का बेटा रहते हैं। मां का निधन हो चुका है। बेटी के पति की भी करीब 8 साल पहले मौत हो चुकी है। परिवार मूलत: राजगढ़ का रहने वाला है। कुछ दिन पहले आरोपी पिता बद्री प्रसाद वर्मा 59 साल ने बेटी से छेड़छाड़ कर दी। बेटी ने यह बात भाई को बताई, उस समय भाई के डांटने पर पिता घर से चला गया और करीब एक महीने बाद घर लौटा। दो दिन पहले उसने फिर बेटी से छेड़छाड़ करते हुए उसका हाथ पकड़ लिया। इसके बाद थाने पहुचीं पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर लिया।

---

**मांगें पूरी करने के लिए एकजुटता और दबाव जरूरी**

# यूनाइटेड फोरम के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण

**भोपाल,ईएमएस।**

यूनाइटेड फोरम फॉर पावर एम्प्लॉयीज एंड इंजीनियर्स, मध्य क्षेत्र के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष इंजीनियर वीकेएस परिहार ने किया। कार्यक्रम में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों, कर्मचारियों व यूनाइटेड फोरम से जुड़े विभिन्न जिलों के पदाधिकारियों शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश संरक्षक इंजीनियर वीकेएस परिहार ने कहा कि यूनाइटेड फोरम की स्थापना संघर्षों की नींव पर हुई है। फोरम द्वारा सातवें वेतनमान, संविदा नीति 2016, संविदा नीति 2018, महंगाई भत्ता, पेंशन बहाली, सरनी पावर प्लांट का निजीकरण रोकना जैसी महत्वपूर्ण मांगों को सशक्त आंदोलन के माध्यम से पूरा कराया गया है। प्रदेश संरक्षक इंजीनियर वीकेएस परिहार ने कहा कि शाल और श्रीफल जैसी चीजों से सिर्फ प्रचार होता है। लेकिन इससे मांगे पूरी नहीं होती। अपनी मांगों को पूरा करने के लिए एकजुटता और दबाव जरूरी होता है। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि एकता से ही असफलता को भी सफलता में बदला जा सकता है।

### बिजली कर्मचारी विपरीत परिस्थितियों में भी कार्यरत

वहीं प्रदेश मीडिया प्रभारी लोकेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि बिजली विभाग अन्य विभागों से अलग होता है। यहां के कर्मचारी को विपरीत परिस्थितियों में भी काम करना पड़ता है। इसलिए उनके हितों के लिए की जाने वाली मांगें पूरी तरह से जायज हैं।

### समय सीमा की बैठक संपन्न

**बुरहानपुर, ईएमएस।** कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने धरती आबा जनजातीय उत्कृष्ट अभियान के तहत आयुष्मान, जाति प्रमाण पत्र, समग्र आईडी, आधार कार्ड, प्रोफाईल पंजीयन इत्यादि कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रगति लाने एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत निर्धारित समय सीमा में कार्य करने के निर्देश दिये। वहीं प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना, जल गंगा संवर्धन अभियान की भी समीक्षा की गई।



### कलेक्टर ने टीएल बैठक में की समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा

**खरगोन, ईएमएस।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने 05 मई को टीएल बैठक में समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश सिंह, अपर कलेक्टर रेखा राठौर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी, सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर प्रताप कुमार आगास्या, सुश्री पूर्वा मंडलोई, संदीप श्रीवास्तव एवं सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



## संपादकीय

# नागरिक सुरक्षा को लेकर बेपरवाह सरकारें और न्यायपालिका

भारतीय संविधान ने नागरिकों के मौलिक अधिकारों को संविधान से संरक्षित किया है। प्रतीक नागरिक के जीवन की स्वतंत्रता उसकी संपत्ति और अभिव्यक्ति और धार्मिक स्वतंत्रता नागरिकों के मौलिक अधिकारों में शामिल है। पिछले कई वर्षों से नागरिक स्वतंत्रता खतरे में पड़ गई है। पिछले कुछ वर्षों में भीड़ तंत्र जिस तरह का उत्पात मचा रहा है। उसमें नागरिकों की केवल स्वतंत्रता ही खत्म नहीं हो रही है। उनका जीवन भी खतरे में पड़ गया है। उसकी सुरक्षा करने की जो जिम्मेदारी पुलिस और न्यायपालिका की थी वह भी निष्क्रिय होकर तमाशा देख रही है, जिसके कारण अब लोगों को अपने जीवन के साथ संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्मादी भीड़ के सामने निरीह नागरिक ना तो अपनी संपत्ति की सुरक्षा कर पा रहा है ना ही अपनी जान को बचा पा रहा है। पुलिस खड़े होकर तमाशा देखती रहती है। जिला प्रशासन और न्यायपालिका ने भी चुप्पी साध कर रखी हुई है। पीड़ित व्यक्ति जब अपनी गुहार लगाने के लिए थाने और न्यायालय की शरण में जाता है। जब वहां पर भी उसे कोई राहत नहीं मिलती है। ऐसी स्थिति में लोग पलायन करके अपनी जान बचाते हुए यहां से वहां भागते हुए दिख रहे हैं। भारतीय संविधान ने नागरिकों के जो अधिकार सर्वोच्चता के साथ रखे थे कार्यपालिका और विधायिका को संविधान में पाबंद किया था कि वह नागरिक सर्वोच्चता को बनाए रखेगी ऐसा कोई भी कानून और नियम नहीं बन सकेगी जो नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन करते हों संविधान ने न्यायपालिका को यह जिम्मेदारी दी थी। नागरिकों के मौलिक अधिकारों का यदि कहीं हनन होता है, तो उसे सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी न्यायपालिका की है। लेकिन पिछले एक दशक से न्यायपालिका जिस तरह से सरकार के दबाव में काम करती हुई दिख रही है। उसके कारण स्थिति अब बहुत खराब हो गई है। भीड़ किसी भी सामान्य नागरिक की जान ले लेती है। उसका धंधा उजाड़ देती है। संगठित भीड़ किस तरह से हिंसा कर रही है। वह सभी को आश्चर्य में डाल रही है। इस हिंसा के कारण लोग विरोध करने के स्थान पर अपने आप को बचाने के लिए अपने ही स्तर पर जो कर सकते हैं, करने की कोशिश करते हैं। कुछ लोग अपनी जान और धंधे पानी को बचा लेते हैं और कुछ सब कुछ गवाँ देते हैं पिछले एक दशक से भारत में यही देखने को मिल रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार 2019 में सांप्रदायिक दंगों के 2322 मामले दर्ज किए गए इसमें 1257 लोगों की मौत हो गई। 2000 से अधिक लोग घायल हुए 10000 से अधिक हिंसक सार्वजनिक घटनाएं हुई। जिसमें बड़े पैमाने पर आगजनी हमले और व्यवसायों को नष्ट किया गया। मणिपुर की घटना सबके सामने है 2020 के बाद से सांप्रदायिक अशांति बड़ी तेजी के साथ फैलती जा रही है। 2020 में नागरिक संशोधन अधिनियम को लेकर देशभर में भारी प्रदर्शन हुए देश की राजधानी दिल्ली में हुए दंगे में सेकंड लोग मारे गए सैकड़ो लोग घायल हुए। दक्षिण के राज्य कर्नाटक के बेंगलुरु में भी एक बड़ी भीड़ ने पुलिस स्टेशनों पर हमला कर दिया वाहनों में आग लगा दी। पश्चिम बंगाल में पिछले कई वर्षों से लगातार सांप्रदायिक हिंसा को बढ़ाया जा रहा है। चुनाव के दौरान यह हिंसा अपने जन्म पर होती है। राज्य के चुनाव में कुछ बिहार नंदीग्राम और वीर भूमि में राजनीति से प्रेरित हिंसा में 47 से ज्यादा लोगों की मौत हुई। हजारों लोगों को अपना घर छोड़कर जाना पड़ा आज भी वह विस्थापित के रूप में रह रहे हैं। यही हाल मणिपुर में है। 2 साल से वहां पर हिंसा हो रही है केंद्र सरकार राज्य सरकार और सुप्रीम कोर्ट मिलकर भी इस हिंसा में नागरिकों की सुरक्षा नहीं कर पा रही हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड के डेटा मैं पिछले वर्षों में 36 फ़ीसदी सांप्रदायिक झड़पें बढ़ गई हैं। राज्य सरकार केंद्र सरकार स्थानीय पुलिस और न्यायपालिका की चुप्पी इस तरह की हिंसा को बढ़ावा दे रही है। संविधान ने प्रत्येक भारतीय नागरिक को सम्मान के साथ जीवन की सुरक्षा का अधिकार दिया है। सामाजिक और धार्मिक रूप से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दी है लेकिन यह संविधान की बंद किताबों में है। अब इसको लेकर ना तो न्यायपालिका जागरुक है और ना ही कार्यपालिका अपनी जवाब देही को पूरा कर रही है। हर जगह अराजकता की स्थिति देखने को मिल रही है। ऐसे समय में अब नागरिकों की जिम्मेदारी है कि वह संगठित होकर अपने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ें शासन और प्रशासन के भरोसे रहने से अब जो संवैधानिक अधिकार मिले हुए हैं। वह सुरक्षित रहने वाले नहीं हैं। नागरिकों को अपने अधिकारों के लिए निडरता के साथ सड़कों पर आना होगा अपने अधिकार और कर्तव्यों की लड़ाई शांतिपूर्ण ढंग से लड़ते हुए अपने अधिकारों को यदि सुरक्षित बनाए रखने में सफल हुए तो ठीक है जब बच्चा रोता है, तभी मां उसे दूध पिलाती है लोकसभा में पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली साहब कह चुके हैं यदि जनता को कोई तकलीफ है तो वह अपना विरोध सड़कों पर आकर प्रदर्शित करे यदि ऐसा नहीं करती है, तो सरकार को कैसे पता लगेगा की लोक सरकार के निर्णय से खुश हैं या नाखुश है यह बात उन्होंने नोटबंदी के मामले में विपक्ष को जवाब देते हुए कही थी भारतीय संविधान में प्रत्येक नागरिक को समानता न्याय और गरिमा के साथ जीवन जीने का अधिकार दिया है इस अधिकार को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी भी नागरिकों की है। जब नागरिक अपने अधिकार और कर्तव्य से विमुख होते हैं। तभी यह अधिकार उनसे छीन लिए जाते हैं यही वर्तमान में हो रहा है।

– सनत जैन

## राज काज

### अमेरिका ने दी भारत को नसीहत

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, कब कौन सा रुख अपना लें।कुछ नहीं कहा जा सकता है।भारत को लेकर अमेरिका का नजरिया लगातार बदल रहा है। अमेरिका ने पहले भारत का समर्थन किया था। अमेरिका ने यह भी कहा था कि भारत को अपनी रक्षा करने का पूरा अधिकार है। अब अमेरिका का रहा है,भारत को टकराव की कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। आपस में बातचीत करके मसले को सुलझाना चाहिए।अमेरिका जिस तरह से गिरगिट की तरह रंग बदल रहा है।उसने भारत सरकार की चिंता को बढ़ा दिया है। रही सही कसर चीन पूरा कर रहा है।

### केरल के कम्युनिस्ट मंत्री ने अडानी को बताया भागीदार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल में बंदरगाह का उद्घाटन किया। यह बंदरगाह गौतम अडानी की कंपनी के द्वारा तैयार किया गया है।इस समारोह की देश भर में बड़ी चर्चा हो रही है।केरल सरकार के कम्युनिस्ट मंत्री ने गौतम अडानी कोमंच पर बोलते हुए सरकार का भागीदार बताया।इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कटाक्ष करते हुए कहा,अब तो कम्युनिस्ट भी प्राइवेट पार्टनरशिप का समर्थन कर रहे हैं। इस मंच में कांग्रेस के सांसद शशि थरूर भी शामिल हैं। केरल के इस समारोह में जो हो रहा है।उससे दिल्ली के कई नेताओं की नींद उड़ जाएगी। कम्युनिस्ट पार्टी भी अब अडानी का समर्थन कर रही है। निश्चित रूप से भारत बदल रहा है। इस परिवर्तन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काफी खुश दिखे।पहलगाम की घटना के बाद जिस तरह से प्रधानमंत्री बिहार केरल आंध्र प्रदेश में प्रधानमंत्री अपने राजनीतिक एजेंडा में काम कर रहे हैं। इसको लेकर विपक्ष ने अब उनके ऊपर निशाना साध लिया है।

### 180 देश की सूची में भारत 151वें नंबर पर

प्रेस फ्रीडम की रेटिंग मे 180 देश की सूची में भारत का नंबर 151 वां है। इंटरनेशनल संस्था ने जो सूची तैयार की है। उसमें भारत की रैंकिंग में थोड़ा सा सुधार हुआ है। फिर भी भारत प्रेस फ्रीडम के मामले में भारत बहुत नीचे है।भारत सरकार इस बात पर खुशी जाहिर कर सकता है।भारत के नीचे सूची में भूटान चीन पाकिस्तान फिलिस्तीन रूस अफगानिस्तान सीरिया और उत्तर कोरिया जैसे देश हैं। अभी भी भारत में सोशल मीडिया के माध्यम से प्रेस फ्रीडम की रैंकिंग उक्त देशों के मुकाबले ठीक-ठाक है।भारत इस बात पर भी गर्व कर सकता है।अमेरिका के प्रेस फ्रीडम की रैंकिंग में गिरावट आई है। जब अमेरिका और पाकिस्तान गिर रहा है।ऐसी स्थिति में भारत को चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है।

# कबाड़ से जुगाड़ के नवाचार की सौन्दर्यमयी चमक



ललित गर्ग

> **कबाड़ से जुगाड़ का मतलब है बेकार पड़ी चीजों से कुछ उपयोगी या रचनात्मक बनाना, जैसे कि कचरे से सुंदर सजावटी वस्तुएं, या बेकार प्लास्टिक से जूते-चप्पल बनाना। ग्रामीणों ने कबाड़ से एक सुंदर स्वच्छता पार्क बनाया, जिसमें सजावटी वस्तुएं, आरामदायक बैठने की व्यवस्था और स्वच्छता से संबंधित कलाकृतियाँ शामिल हैं। बच्चों को सिखाने के लिए कबाड़ के सामान से खिलौने बनाए जा सकते हैं, जैसे कि टेलीस्कोप, लेजर लाइट ब्लोइंग कार, रबर बैंड नाव, टेबल लैंप, वाटर प्यूरीफायर आदि। बेकार लकड़ी, प्लास्टिक और अन्य सामग्रियों से फर्नीचर बनाया जा सकता है, जैसे कि टेबल, कुर्सी, और अलमारी। कबाड़ से कलाकृतियाँ बनाई जा सकती हैं, जैसे कि पेंटिंग, मूर्तिकला, और सजावटी वस्तुएं। पुराने कपड़ों से नए कपड़े या बैग बनाए जा सकते हैं।**

'कबाड़ से जुगाड़' सिर्फ़ एक तरीका नहीं, बल्कि एक रचनात्मक दर्शन है जो संसाधनशीलता और नवाचार को बढ़ावा देता है। यह अपसाइकल की गई रचनाओं और सरल समाधानों के माध्यम से अपरंपरागत सोच की शक्ति का प्रमाण है। 'कबाड़ से जुगाड़' का दर्शन बेकार वस्तुओं को उपयोगी बनाने और संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने पर जोर देता है। यह दर्शन हमें नए और रचनात्मक समाधान खोजने के लिए प्रेरित करता है, जो मौजूदा समस्याओं को हल करने में मदद करते हैं और इससे कचरे को कम करने और पर्यावरण को बचाने में मदद मिलती है। यह आत्मनिर्भरता का भी दर्शन है, जो हमें अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए खुद पर निर्भर रहने के लिए प्रोत्साहित करता है, यह दर्शन जटिल समस्याओं के लिए सरल और व्यावहारिक समाधान खोजने पर जोर देता है।

जुगाड़ एक बोलचाल का हिंदी शब्द है जिसका मतलब है अपरंपरागत, किफायती नवाचार। कबाड़ से बने म्यूरल, पार्क और अन्य कलाकृतियां 'कबाड़ से जुगाड़' के उपक्रम को दर्शाती हैं। कबाड़ से बनाए गए टेलीस्कोप, लेजर लाइट ब्लोइंग कार, वाटर प्यूरीफायर आदि कबाड़ से जुगाड़ के उदाहरण है। चंडीगढ़ का रॉक गार्डन, जुन्नारदेव जनपद पंचायत के बरेलीपार गांव के ग्रामीणों का कबाड से बना स्वच्छता पार्क एवं मेरठ का 'कबाड़ से जुगाड़' अभियान ऐसे विरल एवं अनुकरणीय उदाहरण हैं जो राष्ट्रीय फलक पर चमक रहे हैं। कबाड़ से जुगाड़ बेकार की वस्तुओं से उपयोगी वस्तुएं बनाने की एक प्रक्रिया है। कबाड़ से जुगाड़ ना केवल हमारे पर्यावरण के संरक्षण के लिए बहुत सहायक है बल्कि यह अनुपयोगी वस्तुओं के निपटान का भी एक सटीक उपाय है। इसके माध्यम से हम ऐसी अनुपयोगी वस्तुओं को फेंकने की जगह उनसे कुछ उपयोगी वस्तुएं बना सकते हैं। कबाड़ से जुगाड़ के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को एक नया आयाम दिया जा सकता है, जो रचनात्मकता एवं सृजनात्मकता की दिशा में उठाया गया एक सार्थक कदम है। हम भारतवासी वैसे भी जुगाड़ू होते हैं जो अपना काम बनाने के लिए हर जगह कुछ ना कुछ जुगाड़ कर लेते हैं। यदि हम अपनी रचनात्मकता कबाड़ से जुगाड़ में लगाएं तो दिनों दिन बढ़ते जा रहे कचरे के निपटान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इससे प्लास्टिक एवं ई-कचरे में निरंतर कमी आती जाएगी और पर्यावरण संरक्षण भी बढ़ेगा। संसाधनों पर वह भी बोझ कम पड़ेगा।

मेरठ का 'कबाड़ से जुगाड़' अभियान अब राष्ट्रीय फलक तक चमका, एक सकारात्मक सोच एवं सृजन का अनूठा उदाहरण बन गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात के 93वें संस्करण में योगी आदित्यनाथ सरकार के इस प्रयास की काफी सराहना की। शहरों को संवारने के प्रदेश सरकार के सपनों को साकार करते हुए मेरठ नगर निगम ने निष्प्रयोज्य वस्तुओं से कम लागत में ही शहर की आभा में चार चांद लगा दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह प्रयास पर्यावरण की सुरक्षा और शहर के सुंदरीकरण से जुड़ा है। निष्प्रयोज्य वस्तुएं स्क्रैप, पुराने टायर, कबाड़, खराब ड्रम से भी कम खर्चे में कैसे शहर को संवारा जा सकता है, मेरठ इसकी बानगी है। कम खर्चे में सावर्जनिक स्थलों का सुंदरीकरण कैसे हो, यह अभियान इसकी मिसाल है। खराब पड़ी चीजों का प्रयोग कर शहर को सजाया गया। गांधी आश्रम चौराहा, गढ़ रोड पर लोहे के स्क्रैप, पुराने पहियों से फाउंटेन निर्मित कराया गया। सर्किट हाउस चौराहे पर लाइट ट्री, पुराने बेकार ड्रमों से स्ट्रीट इंस्टलेशन, हाथ ठेली के बेकार पहियों से बैरिकेडिंग कर मिनी व्हील पार्क, जेसीबी के पुराने टायरों से डिस्प्ले वॉल, पार्कों में बैठने के लिए स्टूल मेज आदि की व्यवस्था की गई। मेरठ नगर निगम ने शहर को चमकाने के लिए अनोखे प्रयोग किए, जो काफी सफल रहे। दरअसल नगर निगम में बने गोदाम में पड़े कबाड़ की न तो उचित कीमत मिल रही थी और न ही इसका सही उपयोग एवं निपटान हो रहा था, पर योगी सरकार की पहल पर नगर आयुक्त अमित पाल शर्मा ने शहर को जगमगाने का निर्णय लिया। लाइटिंग वाला कृत्रिम पेड़ भी न सिर्फ लोगों को आकर्षित कर रहा है, बल्कि शहर की खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है। इसकी आभा देख लोग निहाल और अचंभित हो रहे हैं।

कबाड़ से जुगाड़ का मतलब है बेकार पड़ी चीजों से कुछ उपयोगी या रचनात्मक बनाना, जैसे कि कचरे से सुंदर सजावटी वस्तुएं, या बेकार प्लास्टिक से जूते-चप्पल बनाना। ग्रामीणों ने कबाड़ से एक सुंदर स्वच्छता पार्क बनाया, जिसमें सजावटी वस्तुएं, आरामदायक बैठने की व्यवस्था और स्वच्छता से संबंधित कलाकृतियाँ शामिल हैं। बच्चों को सिखाने के लिए कबाड़ के सामान से खिलौने बनाए जा सकते हैं, जैसे कि टेलीस्कोप, लेजर लाइट ब्लोइंग कार, रबर बैंड नाव, टेबल लैंप, वाटर प्यूरीफायर आदि। बेकार लकड़ी, प्लास्टिक और अन्य सामग्रियों से फर्नीचर बनाया जा सकता है, जैसे कि टेबल, कुर्सी, और अलमारी। कबाड़ से कलाकृतियाँ बनाई जा सकती हैं, जैसे कि पेंटिंग, मूर्तिकला, और सजावटी वस्तुएं। पुराने कपड़ों से नए कपड़े या बैग बनाए जा सकते हैं। कबाड़ से खाद और अन्य उपयोगी चीजें बनाई जा सकती हैं, जो खेती के लिए उपयोगी हो सकती हैं। जयपुर फुट, यह एक कृत्रिम अंग है जो कम लागत में बनाया जाता है और यह 'जुगाड़' मानसिकता का एक बेहतरीन उदाहरण है।

प्लास्टिक के कबाड़ को रिसाइकल करके उपयोगी चीजें बनाई जा सकती हैं, जैसे कि प्लास्टिक दाना जो फुटवियर फैक्ट्रियों में इस्तेमाल होता है। कबाड़ से विभिन्न उपकरण बनाए जा सकते हैं, जैसे कि पानी फिल्टर, यांत्रिक उपकरण आदि। कबाड़ से सजावटी वस्तुएं बनाई जा सकती हैं, जैसे कि विंड चाइम, फोटो फ्रेम, फूलों के गमले, आदि। जो सामान घर में उपयोग ना हो तो वह कबाड़ में तब्दील हो जाता है। इसके बाद उसे ऐसे ही बाहर फेंक दिया जाता है। अगर यही कबाड़ आपकी सेहत बनाने का काम करने के साथ ही गांव और शहर की सुंदरता में चार चांद लगा दे तो यह अपने आपमें चर्चा एवं अनुकरणीय उदाहरण बन जाता है। कुछ ऐसा ही किया है आदिवासी ग्राम पंचायत बरेलीपार के लोगों ने, खेतों में उपयोग होने वाले औजारों सहित घर की खराब वस्तुओं का उपयोग कर ग्रामीणों ने ऐसा काम किया कि जो भी देखता है तो दंग रह जाता है। कबाड़ से ग्रामीणों ने स्वच्छता पार्क बनाने के साथ ही हेलीकॉप्टर तक बना दिया। कबाड़ के जुगाड़ से ग्रामीणों ने सुंदर पार्क का निर्माण किया तो लोगों की सेहत बनाने में भी कारगर साबित हो रहा है।

आज दुनिया के सामने कई तरह की चुनौतियां हैं, जिसमें से ई-वेस्ट एक नई उभरती विकराल एवं विध्वंसक समस्या भी है। दुनिया में हर साल 3 से 5 करोड़ टन ई-वेस्ट पैदा हो रहा है। ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर के मुताबिक भारत सालाना करीब 20 लाख टन ई-वेस्ट पैदा करता है और अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी के बाद ई-वेस्ट उत्पादक देशों में 5वें स्थान पर है। दुनिया डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं की ओर तेजी से बढ़ रही है, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं एवं इलेक्ट्रोनिक क्रांति ने लोगों के जीवन को आसान बना दिया है, लेकिन अर्थव्यवस्था एवं जीवन का डिजिटल अवतार इलेक्ट्रोनिक कचरे की शक्ल में एक नयी चुनौती एवं जटिल समस्या को लेकर आया है। घरों में इस्लेमाल होनेवाले कूलर, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर जैसी वस्तुओं के अलावा कार्यालय में लैपटॉप, कम्प्यूटर, मोबाइल, डिजिटल घड़ी, टीवी तय समय के बाद ई-कचरे में परिवर्तित हो जाते हैं। इस ई-कचरे का निपटान बड़ी समस्या है। इसी क्रम में पूर्व दिल्ली सरकार ने घोषणा की थी कि दिल्ली में भारत का पहला ई-कचरा इको-पार्क खोला जायेगा। 20 एकड़ में बनने वाले इस पार्क में बैटरी, इलेक्ट्रॉनिक सामान, लैपटॉप, चार्जर, मोबाइल और पीसी से अनूठे एवं दर्शनीय चीजों को निर्मित किया जायेगा। इसी कड़ी में कानपुर में ई-वेस्ट प्रबंधन का एक बेहतरीन मॉडल सामने आया है। यहां जयपुर के एक कलाकार ने ई-वेस्ट से 10 फीट लंबी मूर्ति बनाई है। इसे बनाने में 250 डेस्कटॉप और 200 मदरबोर्ड, केबल और ऐसी अनेक खराब इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का इस्तेमाल किया गया है।

## सुविचार

धर्म करते हुए मर जाना अच्छा है पर पाप करते हुए विजय प्राप्त करना अच्छा नहीं।
– महाभारत

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
(कर्म करने में ही तुम्हारा अधिकार है, फल में कभी भी नहीं) – गीता

## प्रसंग

### सबसे बड़ी मदद

एक बार बेंजामिन फ्रैंकलिन ने एक धनी व्यक्ति की मेज पर कुछ सिक्के रखते हुए कहा, आपने बुरे वक्त में जो सहायता की थी, मैं उसके लिए बहुत आभारी हूं। पर अब मैं अपनी मेहनत से इतना सक्षम हो गया हूं कि आपका कर्ज वापस कर सकूं। मैं यह सिक्के आपको वापस करने आया हूं। बेंजामिन फ्रैंकलिन की बात सुनकर वह सज्जन उन्हें घूरते हुए बोले, क्षमा करिए, पर मैंने आपको पहचाना नहीं । न ही मुझे यह याद है कि मैंने किसी को उधार दिया था। बेंजामिन ने कहा, मैं उन दिनों एक प्रेस में अखबार छापने का काम करता था । एक दिन अचानक मेरी तबीयत खराब हो गई तब मैंने आपसे बीस डॉलर लिए थे । यह सुनकर उस व्यक्ति ने अपने बीते दिनों को याद किया तो उन्हें स्मरण हो आया कि एक बालक प्रेस में काम करता था और एक दिन उसके बीमार होने पर उन्होंने उसकी मदद की थी । यह याद आने पर उस व्यक्ति ने कहा, हां, मुझे याद आ गया । लेकिन दोस्त, यह तो मनुष्य का सहज धर्म है कि वह आपत्तिग्रस्त व्यक्ति की सहायता करे । इन सिक्कों को आप अपने पास ही रखें और कभी कोई जरूरतमंद व्यक्ति आपकी नजरों में आए, तो उसे दे दीजिएगा। इस बात से बेंजामिन बहुत प्रभावित हुए और उन्हें नमस्कार कर उन सिक्कों को वापस अपने साथ ले आए। इसके बाद उन्होंने एक जरूरतमंद युवक को वे सिक्के दिए । जब उस युवक ने सिक्के लौटने चाहे तो बेंजामिन ने कहा, दोस्त, जब तुम सक्षम हो जाओगे तो अपने जैसे किसी जरूरतमंद को ये सिक्के दे देना । मैं समझंगा कि मेरे पैसे मुझे मिल गए । वह युवक बोला, मैं ऐसा ही करूंगा । इसके बाद बेंजामिन उस युवक के कंधे पर हाथ रखते हुए बोले, किसी जरूरतमंद की वक्त पर मदद करना ही इंसानियत है।

## जरा हटके

### फ्रांस में मिली 23 हजार साल पुरानी तलवार में बने हैं स्वास्तिक

**पेरिस (ईएमएस)।** भारत से 6,600 किमी दूर फ्रांस में पुरातत्वविदों ने बड़ी खोज की है। पुरातत्वविदों ने दो प्राचीन तलवारें खोजी हैं जो 2300 साल पुरानी हैं। खास बात ये है कि एक तलवार की म्यान पर छोटे-छोटे स्वास्तिक के निशान बने हैं। ये सेल्टिक आयरन एज की हैं। फ्रेंच नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ प्रिवेंटिव आर्कियोलॉजिकल रिसर्च (आईएनआरएपी) के मुताबिक, ये तलवारें यूरोप में अपनी तरह की सबसे खास हैं।
कब्र की खुदाई में मिली चीजों में से ज्यादा धातु के गहने थे। जैसे तांबे के कंगन और 18 टूटी हुई ब्रोच मिले। एक ब्रोच में सोने-चांदी का सजा हुआ रत्न मिला था, चौथी शताब्दी से तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व का है। कुछ गहनों पर ओसेली यानी आंख का डिजाइन बना है। यह उस समय सेल्टिक कारीगरों के बीच बेहद पॉपुलर था। जो तलवार स्वास्तिक वाली है, उसके ब्लेड पर एक्स-रे से सूरज और चांदमुखी चित्र दिखे। वहीं दूसरी लंबी तलवार वास्तव में लड़ाई के लिए थी, जिसे घुड़सवार कमर पर बांधते थे।

खास बात ये है कि एक तलवार की म्यान पर छोटे-छोटे स्वास्तिक के निशान बने हैं। दोनों तलवारें अभी भी अपनी म्यान में ही लगी हैं। तलवारों में से एक तांबे के म्यान वाली है। दूसरी तलवार थोड़ी लंबी है, जिसके म्यान में बेल्ट लगाने के छल्ले अभी भी बचे हैं। जिसे कमर पर पहनने के लिए डिजाइन किया गया है। म्यान के किनारों को कई पॉलिश किए गए रत्नों से सजाया गया है। दो रत्नों पर स्वास्तिक बना है। ये तलवारें फ्रांस के क्रूजिए-ले-न्यूफ नाम के छोटे से कस्बे में 2022 में मिली थीं। उस वक्त यहां 650 वर्ग मीटर की कब्रगाह की खुदाई हो रही थी, जिसमें 100 से ज्यादा कब्रें थीं। मिट्टी के अम्लीय होने की वजह से हड्डियां तो नहीं मिलीं, लेकिन एक कब्र में राख और सजा हुआ मिट्टी का बर्तन मिला। स्वास्तिक हिंदू धर्म में बेहद पवित्र माना जाता है। वहीं दूसरे विश्वयुद्ध के बाद ऐसा ही निशान नाजी शासन के अत्याचारों से जुड़ गया। लेकिन प्राचीन समय में स्वास्तिक के अलग-अलग अर्थ थे। लाइव साइंस की रिपोर्ट के मुताबिक पुरातत्वविद विंसेंट जॉर्जेस बताते हैं कि उस समय सेल्टिक लोग स्वास्तिक को सजावटी डिजाइन के तौर पर इस्तेमाल करते थे। हालांकि, इसका इस क्षेत्र में क्या महत्व था, ये अभी साफ नहीं है।

## फोटो ऑफ द डे



रोमानिया में चुनावों के दौरान राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जॉर्ज शिमानी अपना वोट डालते हुए। (फोटो-ईएमएस)

## व्यंग्य

# सेवा वंचित

– डॉ नरेंद्र कोहली

रामलुभाया का लटका हुआ चेहरा देख कर मैंने पूछा, क्या हुआ रामलुभाया? कुछ नहीं ! बस कुछ मूर्खों के कारण मुझे देश की सेवा करने से वंचित कर दिया गया है।

मैं उसकी बात समझने में सर्वथा असमर्थ था। भला देश की सेवा से कोई किसी को कैसे वंचित कर सकता है। भगत सिंह को अँग्रेज़ भी नहीं रोक पाए थे। तो यह...मैं जब चाहूँ, अपने क्या किसी पराए देश की भी सेवा कर सकता हूँ। कोई मुझे रोक कैसे सकता है।

कौन सी सेवा करना चाहते थे तुम रामलुभाया? मैंने पूछ लिया।

मैं जानता था कि मेरे लिए ज्ञान का एक नया अध्याय खुलने वाला है। मैं उन सेवाओं के विषय में जानने वाला हूँ, जिनके विषय में मुझे अब तक कुछ भी ज्ञात नहीं था।

मैं भूखे पेट को रोटी, बेघरों को घर, नंगों को कपड़ा देना चाहता हूँ। उसने बताया, दलितों, पिछडों और अल्प संख्यकों का उत्थान करना चाहता हूँ। महिलाओं को पुरुषों के बराबर ले आना चाहता हूँ। और भी जो कुछ आवश्यक होगा, वह सब भी करना चाहता हूँ।

मुझे यह समझ नहीं आया कि वह बहुसंख्यकों की सेवा क्यों नहीं करना चाहता। थोड़े से लोगों की ही सेवा क्यों करना चाहता है। दुर्बलों को बल देना और अन्याय के स्थान पर न्याय करवाना मेरी समझ में आता था, किंतु जाति या धर्म के आधार पर सेवा का क्या अर्थ था। पर मैंने उससे यह सब नहीं पूछा। तो करो सेवा ! कोई तुम्हें रोक रहा है क्या? मैंने कहा, तुम्हारे मन में इतनी ही सेवा की भावना है, तो किसी अस्पताल में अथवा सरकारी कार्यालय में ही जा कर बैठ जाओ। लोगों को ठीक जानकारी देने का ही काम संभाल लो। जिस मुहल्ले में गंदगी है, वहाँ के लोगों को सफ़ाई करना सिखाओ। यह भी तो सेवा है। कौन रोकता है तुम्हें?

वह मुँह टेढ़ा कर हँसा, यह सेवा नहीं मूर्खता है। सेवा तो वह होती है, जो आधिकारिक रूप से की जाए। जिससे मुझे वंचित कर दिया गया है।

अब मैं कुछ-कुछ समझ रहा था। वह शायद सेवा का अर्थ नौकरी समझता था। उसे भी तो सरकारी सेवा ही कहते हैं। गवर्नमेंट सर्विस। कहते तो उसे सेवा ही है किंतु उसमें वेतन मिलता है। मैं जो कुछ सुझा रहा था, उसमें वेतन नहीं मिलता था। पर किसी भी वेतन में वह सारे भूखे पेटों को रोटी, बेघरों को मकान और नंगों को कपड़ा कैसे दे सकता था? और वह तो अगड़े, पिछड़े और बिगड़े - सबकी उन्नति करने वाला था। यह गुत्थी तो मेरे बस की नहीं थी। लोग वेतन से अपना घर चला लें, वही बहुत होता है, सारे देश का उत्थान। तुम अपने वेतन से यह सब करना चाहते हो? मैंने पूछ लिया।

मैं पागल हूँ क्या? उसने घूर कर मुझे देखा।

तो फिर बताते क्यों नहीं कि तुम्हारी देशसेवा के मार्ग में क्या बाधा है?

अरे बताने को क्या है। वह झपट कर बोला, कम्यूनल फोर्सेस ने मेरे वोट छीन लिए। मुझे चुनाव में हरा दिया। तो अब मैं देश की सेवा कैसे कर पाऊँगा।

तो यह बात थी। वह चुनाव में हार गया था। सत्ता छिन गई थी और वह उसे सेवा छिन गई कह रहा था। सत्ता पाए बिना वह सेवा नहीं कर सकता और सत्ता पा कर वह शासन करने लगता है - अन्यायी, क्रूर और स्वार्थी शासन। वह उसी को सेवा कहता है। बेचारे से वह अवसर छिन गया है।

## चिंतन-मनन

# नफरत का बोझ

बहुत पुरानी कथा है। एक बार एक गुरु ने अपने सभी शिष्यों से अनुरोध किया कि वे कल प्रवचन में आते समय अपने साथ एक थैली में बड़े-बड़े आलू साथ लेकर आएं। उन आलुओं पर उस व्यक्ति का नाम लिखा होना चाहिए, जिससे वे नफरत करते हैं। जो शिष्य जितने व्यक्तियों से घृणा करता है, वह उतने आलू लेकर आए। अगले दिन सभी शिष्य आलू लेकर आए। किसी के पास चार आलू थे तो किसी के पास छह। गुरु ने कहा कि अगले सात दिनों तक ये आलू वे अपने साथ रखें। जहां भी जाएं, खाते-पीते, सोते-जागते, ये आलू सदैव साथ रहने चाहिए। शिष्यों को कुछ समझ में नहीं आया, लेकिन वे क्या करते, गुरु का आदेश था। दो-चार दिनों के बाद ही शिष्य आलुओं की बदबू से परेशान हो गए। जैसे-तैसे उन्होंने सात दिन बिताए और गुरु के पास पहुंचे। सबने बताया कि वे उन सड़े आलुओं से परेशान हो गए हैं। गुरु ने कहा- यह सब मैंने आपको शिक्षा देने के लिए किया था। जब सात दिनों में आपको ये आलू बोझ लगने लगे, तब सोचिए कि आप जिन व्यक्तियों से नफरत करते हैं, उनका कितना बोझ आपके मन पर रहता होगा। यह नफरत आपके मन पर अनावश्यक बोझ डालती है, जिसके कारण आपके मन में भी बदबू भर जाती है, ठीक इन आलुओं की तरह। इसलिए अपने मन से गलत भावनाओं को निकाल दो, यदि किसी से प्यार नहीं कर सकते तो कम से कम नफरत तो मत करो। इससे आपका मन स्वच्छ और हल्का रहेगा। सभी शिष्यों ने वैसा ही किया।

## स्वास्थ्य

### खतरनाक बैक्टीरिया से लड़ने में सहायक हो सकता है एक वायरस

**सिडनी (ईएमएस)।** एक वायरस, जिसे पहले वैज्ञानिक रूप से विचित्र माना जाता था, अब यह पता चला है कि वह खतरनाक बैक्टीरिया से लड़ने में सहायक हो सकता है। यह दावा किया है वैज्ञानिकों ने एक ताजा अध्ययन में। यह अध्ययन बैक्टीरियोफेज (फेज) पर केंद्रित था, जो ऐसे वायरस होते हैं जो बैक्टीरिया को संक्रमित करते हैं और कई रूपों में मौजूद होते हैं। खासकर, शोधकर्ताओं ने टेलोमेर फेज की जांच की, जो एक संरचना होती है और डीएनए गुणसूत्रों में पाई जाती है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार अब यह स्पष्ट हुआ है कि ये वायरस केवल निष्क्रिय पैसिव पैसेंजर्स नहीं होते, बल्कि ये अच्छे बैक्टीरिया को बुरे बैक्टीरिया को नष्ट करने में मदद करते हैं। पहले के अध्ययनों ने केवल इनके डीएनए पुनरुत्पादन को डिकोड किया था, लेकिन साइंस एडवांस में प्रकाशित एक नए अध्ययन ने यह खुलासा किया कि टेलोमेर फेज ले जाने वाले बैक्टीरिया विषाक्त पदार्थों का निर्माण करते हैं, जो प्रतिद्वंद्वी बैक्टीरिया को मार देते हैं। मोनाश बायोमेडिसिन डिस्कवरी इंस्टीट्यूट के बैक्टीरियल सेल बायोलॉजी लैब के प्रमुख, ट्रेवर लिथगो ने कहा, 20 से अधिक वर्षों के जीवाणु जीनोमिक्स के अध्ययन के दौरान यह पाया गया कि टेलोमेर फेज हमारे नजरों से छिपे थे। यह दर्शाता है कि हमने जीवविज्ञान के एक महत्वपूर्ण पहलू को मिस कर दिया था।

### केन्द्रीय जेल में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**उज्जैन, ईएमएस।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने जानकारी दी कि गत दिनों केन्द्रीय जैल भेरूगढ़ में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।



### पूर्व सैनिक सम्मेलन का आयोजन 9 को इंदौर में

**इन्दौर, ईएमएस।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय इंदौर द्वारा पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, विधवाओं तथा आश्रितों के लिए पूर्व सैनिक सम्मेलन का आयोजन 9 मई 2025 को प्रातः 11:30 बजे से किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शहर के जयरामपुर कालोनी स्थित जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में संपन्न होगा।





# एक घंटे तक तेज आंधी से मोबाइल टावर गिरा

**कई इलाकों में बड़े पेड़ गिरे, तेज हवाओं से टेंट और तिरपाल उड़े**

**अशोकनगर, ईएमएस।**

जिले में सोमवार दोपहर मौसम ने अचानक करवट ली। दोपहर 12 बजे से घने बादल छाए। इसके बाद एक घंटे तक तेज आंधी चली। आंधी के कारण शाढौरा क्षेत्र के विजयपुरा गांव में मोबाइल टावर गिर गया। टावर खाली जगह में गिरने से कोई हताहत नहीं हुआ। तेज आंधी से कई जगह शादी समारोह में लगे टेंट उखड़ गए। पलकाटोरी गांव में आयोजित शादी समारोह का टेंट भी क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं वाईपास रोड स्थित जिला शिक्षा केन्द्र के पास एक पेड़ पेड़ गिर गया। तेज आंधी से शहर के अधिकतर गार्डन में आयोजित शादी समारोह प्रभावित हुए। आंधी के दौरान 10 से 15 मिनट तक धूल का गुबार छाया रहा। कुछ स्थानों पर पेड़ भी उखड़ गए। बिजली आपूर्ति भी बाधित रही। इस दौरान गरज-चमक के साथ 5 से 10 मिनट तक हल्की बूंदाबांदी भी हुई। मौसम में इस बदलाव से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली।

### कोयले से भरी मालगाड़ी के डिब्बे में लगी आग, फायर ब्रिग्रेड ने पाया काबू

**अशोकनगर, ईएमएस।** जिले के मुंगावली रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह स्टेशन के आउटर पर खड़े मालगाड़ी के कोयले से भरे डिब्बे में अचानक आग लग गई। स्टेशन मास्टर एमके गोयल ने इसकी सूचना नगर परिषद फायर ब्रिगेड प्रभारी नवेद काजी को दी। टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने के कारण फिलहाल सामने नहीं आया है। जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पहले मालगाड़ी के एक डिब्बे के पहियों में खराबी आ गई थी। इसलिए उसे मुंगावली रेलवे स्टेशन के आउटर पर खड़ा कर दिया गया था। सुबह 6:38 बजे स्टेशन मास्टर को मालगाड़ी के कोयले से भरे डिब्बे में आग लगी दिखी, उन्होंने इसकी सूचना नगर परिषद फायर ब्रिगेड प्रभारी नवेद काजी को दी। फायर प्रभारी ने तुरंत टीम को मौके पर भेजा। टीम ने तत्काल डिब्बे में पानी डालकर आग पर काबू पा लिया। फायर टीम में चालक इकरार खान, भगवत कुशवाह और नदीम कुरैशी शामिल थे। कोयले में आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। मामले की जांच की जा रही है।

# ईआफिस प्रणाली का क्रियान्वयन बेहतर हो : कलेक्टर



**समय-सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित**

**अशोकनगर, ईएमएस।** ई-आफिस प्रणाली का क्रियान्वयन विभागीय अधिकारी बेहतर ढंग से करें। साथ ही सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान जिला अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि शासन द्वारा संचालित विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं का जनहित में क्रियान्वयन किया जा रहा है। सभी विभागों की प्राथमिकता है कि अंतिम व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुँचे। उन्होंने निर्देश दिए कि विभागों द्वारा ई-आफिस के माध्यम से कार्य प्रारंभ किए जाएं। विभागों द्वारा ऑफलाइन फाइलें न भेजी जाएं। बैठक में सी.एम. डेशबोर्ड की रेकिंग तथा पोर्टल पर विषय संबंधित इंद्राज किए जाने की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्रीय सांसद द्वारा चंदेरी, मुंगावली तथा अशोकनगर में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की विभागवार समीक्षा कर निर्देशित किया। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में शासकीय जर्जर भवनों की सूची विभागों द्वारा तैयार की जाए। जिससे इन भवनों की मरम्मत तथा जीर्णोद्धार का कार्य कराया जा सके। उन्होंने मानव आधिकार आयोग से प्राप्त होने वाले पत्रों का उत्तर समय से भेजने के निर्देश दिये। बैठक में समाधान ऑनलाईन से संबंधित विषयों पर विभागवार समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपडेट रहकर पोर्टल पर जानकारी फीड करें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन, अपर कलेक्टर मुकेश कुमार शर्मा, संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन, आरबी सिण्डोस्कर एवं जिला अधिकारी तथा गूगल मीट से जुड़े अधिकारी शामिल हुए।

**ग्राम पंचायत हैदर में मनरेगा में भारी भ्रष्टाचार**

# पोर्टल पर चढ़ाए 109 मजदूर, चलते दिखाए दो काम मौके पर ना मजदूर थे और ना ही चल रहे थे काम

**सरपंच प्रतिनिधि ने कहा पूरे जिले में ऐसे ही काम चल रहे हैं**

**अशोकनगर, ईएमएस।**

जनपद पंचायत ईसागढ़ की ग्राम पंचायत हैदर में मनरेगा में भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है, पंचायत में रोजगार सहायक नहीं होने की वजह से सचिव पर अतिरिक्त प्रभार है, और मनरेगा के तहत पोर्टल पर डिमांड सरपंच डालते हैं। सोमवार को मनरेगा पोर्टल पर 109 मजदूर काम करते दर्शाए गए तथा दो काम एक खेत तालाब तथा दूसरा कुटीरों का काम चलते हुए चढ़ाए गए। जबकि धरातल पर कोई काम नहीं चल रहा था। इस संबंध में पंचायत सचिव बलवीर यादव ने बताया उन पर हैदर का अतिरिक्त प्रभार है, तथा मनरेगा में मजदूरों की डिमांड सरपंच डालते हैं, उन्होंने कहा कि मुझे आता नहीं है इसलिए डिमांड सरपंच डालते हैं। सचिव ने बताया कि पंचायत में आवास के काम चल रहे हैं। जब उनसे पूछा कि कितने आवास के काम चल रहे हैं तो उन्होंने कहा कि 65 की किस्त डल गई है अभी, जब उनसे पूछा कि 109 की डिमांड डली है, और एक खेत तालाब निर्माण अभय के खेत पर बता रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि अभी नवीन टीएस हुई है। उनमें है, एक चालू करना थी अभी, शासन के निर्देश थे, इसलिए चालू की है। जब उनसे पूछा गया कि वहां कोई काम नहीं चल रहा, हम वहां मौके पर आए हुए हैं, आपका पक्ष जानना चाह रहे हैं, आपका क्या कहना है, तो उन्होंने सरपंच से बात करने को कहा। इस संबंध में ग्राम पंचायत की महिला सरपंच श्रीमती पूजा के प्रतिनिधि अंकित यादव को जानकारी लगते ही उन्होंने फोन लगाया। उन्होंने बताया कि पंचायत में जीआरएस नहीं है, सचिव पर अतिरिक्त प्रभार है, अधिक उम्र होने की वजह से एक लड़का काम देखता है। सरपंच प्रतिनिधि ने कहा कि सरपंच ही डिमांड डालते हैं, उन्होंने कहा कि सामुदायिक काम तो कुछ चल ही नहीं रहा, फिर लेबर कहां लगी है। जब उनसे पूछा गया कि डिमांड तो आप ही डालते हैं, और आपको पता नहीं, तो कहने लगे मैंने सचिव से पूछा था, उसका फोन आया था। उससे जानकारी ले रहा था। तो वह कह रहा था कि एक तो खेत तालाब पर लगी है, और एक



आवास पर, जब उनसे पूछा गया कि खेत तालाब पर लेबर नहीं थी तो उन्होंने दबंग अंदाज में कहा कि आपने, सचिव बगैरा किसी को बुलाया था क्या। और कहने लगे कि सामुदायिक काम थोड़ी चल रहे हैं, हितग्राही मूलक काम चल रहे हैं, उस पर प्रजेंट थोड़ी लगेगी। और कहने लगे कि मस्टर थोड़ी डाल दी। जीरो दिख रहा है। तब उनसे कहा कि आज सोमवार को पोर्टल पर 109 मजदूर चढ़े हुए हैं। तो उन्होंने कहा कि आपको 109 मजदूर डिमांड में दिख रहे हैं, प्रजेंट नहीं लगी है। पोर्टल पर जो फोटो अपलोड किया गया था वह भी फर्जी था। उनसे कहा गया की मौके पर हमने देखा है, वहां काम नहीं चल रहा, आपकी पंचायत में फर्जीवाड़ा चल रहा है, तो उन्होंने कहा कि हमारे अकेली पंचायत में नहीं सभी और भी पंचायत में ऐसे ही काम चल रहा है। इस तरह सरपंच प्रतिनिधि द्वारा गुमराह किया गया। इसके पूर्व भी 24 अप्रैल को सभी निर्माण कार्यों पर यही फर्जी फोटो चलाया गया, जो देखने पर किसी शहरी लोगों का लग रहा है। इस तरह मनरेगा मैं फर्जीवाड़ा कर सरपंच भरपूर लाभ उठा रहे हैं।

**आप तो सब जानते हैं**

अक्सर किसी भी पंचायत में सचिव, रोजगार सहायक या सरपंच से मनरेगा के तहत निर्माण कार्यों की जानकारी ली जाती है तो

| एस. नहीं | जॉब कार्ड नं. | कर्मचारी का नाम | उपस्थिति की तिथि | उपस्थित/अनुपस्थित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एमपी-48-001-082-001/383 | लालसिंह | 24 अप्रैल 2025 00:00:00:000 | उपस्थित हैं। |
| 2 | एमपी-48-001-082-001/393 | राजकुमार रजक | 24 अप्रैल 2025 00:00:00:000 | उपस्थित हैं। |
| 3 | एमपी-48-001-082-001/450 | रंजीत | 24 अप्रैल 2025 00:00:00:000 | उपस्थित हैं। |
| 4 | एमपी-48-001-082-001/496 | अंकेश रजक | 24 अप्रैल 2025 00:00:00:000 | उपस्थित हैं। |
| 5 | एमपी-48-001-082-001/498 | अवधेश रजक | 24 अप्रैल 2025 00:00:00:000 | उपस्थित हैं। |
| 6 | एमपी-48-001-082-001/500 | अभिनय | 24 अप्रैल 2025 00:00:00:000 | उपस्थित हैं। |
| 7 | एमपी-48-001-082-001/502 | अभिषेक | 24 अप्रैल 2025 00:00:00:000 | उपस्थित हैं। |
| 8 | एमपी-48-001-082-001/504 | जयपाल पाल | 24 अप्रैल 2025 00:00:00:000 | उपस्थित हैं। |
| 9 | एमपी-48-001-082-001/505 | परमाल पाल | 24 अप्रैल 2025 00:00:00:000 | उपस्थित हैं। |
| 10 | एमपी-48-001-082-001/506 | धर्मेंद्र | 24 अप्रैल 2025 00:00:00:000 | उपस्थित हैं। |

अंतिम बार अद्यतन किया गए

हमेशा उनका कहना यही होता है कि सभी पंचायतों में फर्जीवाड़ा चल रहा है, आप तो सब जानते हैं। उक्त ग्राम पंचायत में भी इसी तरह फर्जीवाड़ा चल रहा है, सरपंच महिला होने के नाते ,ग्राम पंचायत को उसके प्रतिनिधि द्वारा चलाया जा रहा है, जो जमकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं।

**इनका कहना**

पंचायत में ग्राम रोजगार सहायक नहीं है,अतिरिक्त प्रभार सचिव पर है, डिमांड डालने का काम सरपंच करते हैं, उन्हीं से जानकारी लीजिए।

**बलवीर यादव,**
**सचिव ग्राम पंचायत हैदर, जनपद पंचायत ईसागढ़ जिला अशोकनगर।**

-पंचायत में ग्राम रोजगार सहायक नहीं है,अतिरिक्त प्रभार सचिव पर है, एजिट होने की वजह से,लड़का लगा रखा है, वही काम देखता है। मनरेगा के पोर्टल पर डिमांड सरपंच डालते हैं।

**अंकित यादव,**
**सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत हैदर, जनपद पंचायत ईसागढ़ जिला अशोकनगर।**

### आरोग्य भारती, रेडक्रॉस सोसायटी ने किया संगोष्ठी का आयोजन

**अशोकनगर, ईएमएस।** शहर में बीते कुछ समय से हार्ट अटैक के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। आए दिन कम उम्र के लोगों में अटैक के मामले देखे जा रहे हैं। लगातार बढ़ते हृदय घात और इससे बचाव विषय को लेकर आरोग्य भारती और रेड क्रॉस सोसायटी ने पहल करते हुए एक संगोष्ठी का आयोजन किया। रविवार रात स्थानीय सरस्वती स्कूल सभागार में आयोजित संगोष्ठी में शहर के जाने माने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. डीके जैन, डॉ. मनीष चौरसिया, डॉ. सुदीप जैन और डॉ. आरके राहुल आदि ने अटैक आने के कारण ओर उनसे बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संगोष्ठी के दौरान शहर के जाने माने हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ. डीके जैन ने बताया कि आज के दौर में सिर्फ सीने में दर्द या जकड़न ही अटैक के संकेत नहीं बल्कि दांतों या छिंगली में दर्द भी अटैक आने के संकेत हैं।

## खरगोन में ओले के साथ हुई बारिश, लोगों ने ली राहत की सांस

**खरगोन, ईएमएस।**

खरगोन में दोपहर तक भीषण गर्मी के बाद अचानक मौसम ने करवट ली और लगभग शाम 5~50 पर नगर में ओलो के साथ 15 मिनट तक तेज बारिश हुई भीषण गर्मी की मार झेल रहा है लोगों ने मौसम के लि करवट से कुछ हद तक राहत भरी सांस ली है बादलों की गड़गड़ाहट के साथ हुई करीब 10 मिनट ओलावृष्टि के साथ हुई बारिश से भीषण गर्मी में आम लोगों को कुछ देर तो राहत मिली लेकिन बारिश थमते ही उमस ने बेचैन किया।

तहसील कार्यालय स्थित मौसम वैधशाला से मिली जानकारी अनुसार मौसम में आए बदलाव के बाद तापमान में दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। शुक्रवार 2 मई को



अधिकतम तापमान 43 डिग्री था जो सोमवार को 40 डिग्री पर पहुंच गया। वहीं रात के तापमान में भी गिरावट देखी गई। रात का तापमान 25 डिग्री से 23.4 डिग्री पर ठहर गया।

### एनपीके खाद के उपयोग एवं नरवाई न जलाने हेतु कृषकों को किया जागरूक

**अशोकनगर, ईएमएस।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार उप संचालक कृषि केएस कैन ने बताया कि विभिन्न ग्रामों में कृषकों को एनपीके खाद के उपयोग एवं नरवाई न जलाने हेतु जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को ग्राम रतभानपुर विकासखंड मुंगावली में कृषकों की चौपाल लगाई गई। किसान भाइयों को सलाह दी गई की डीएपी के स्थान पर एनपीके ग्रेड के उर्वरक का प्रयोग जरूर करें। एनपीके खाद में अतिरिक्त तत्व पोटाश एवं सल्फर मिलता है जो की अच्छे उत्पादन के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसके उपयोग करने से फसल का दाना अच्छा होता है, वजनदार होता है, उसकी चमक अच्छी होती है। फसल को कीट व्याधियों से बचाता है और उत्पादन में वृद्धि होती है। किसान भाई एनपीके ग्रेड के उर्वरकों का प्रयोग जरूर करें। साथ ही किसान भाइयों से नरवाई न जलाने के लिए अपील की गई एवं उससे होने वाली हानियां एवं जुर्माना के संबंध में विस्तार से किसानों को बताया गयाद्य जिले में वर्तमान में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। जिसमें यूरिया 11985 मैट्रिक टन, एनपीके ग्रेड के उर्वरक 4998 मैट्रिक टन एवं एसएसपी 5887 मेट्रिक टन इस प्रकार से जिले में कुल 22870 मैट्रिक टन खाद उपलब्ध है। किसान भाई खाद का अग्रिम उठाव कर सकते हैं।

### शिकायतों में सायबर सेल ने रिफंड कराई 29 लाख रुपए की राशि

**खरगोन, ईएमएस।** सायबर फॉड से बचाव के लिए पुलिस के सतत चल रहे प्रयासों के बाद भी लोग ऑनलाईन फॉड के शिकार हो रहे है। हालांकि सायबर सेल तक शिकायत पहुंचने पर कई आवेदको को गवां चुकी राशि रिफंड भी हुई है। पुलिस के मुताबिक अब तक 21 शिकायतों में आवेदको को 29 लाख रुपए की राशि रिफंड कराई गई है। 05 मई को भी को 67,719 रुपये वापस कराए गए है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अनजान व्यक्ति से फोन पर अपनी निजी जानकारी व बैंक संबंधी जानकारी शेयर न करे। अनजान व्यक्ति द्वारा दी गई लिंक पर क्लिक न करे । कैशबैक, रिफन्ड आफर आदि से बचे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आने वाली एपीके फाइल को डाउनलोड न करे। सायबर फॉड हो जाने पर गृह मंत्रालय द्वारा जारी हेल्पलाइन न 1930 या पोर्टल पर तत्काल शिकायत दर्ज करें या तत्काल नजदीकी पुलिस थाने पर संपर्क करे।

## कायस्थ समाज ने भगवान चित्रगुप्त जन्मोत्सव सोमलवाड़ा स्थित मंदिर में भव्यता से मनाया



**सिवनीमालवा(ईएमएस)।**

गंगा सप्तमी को चित्रगुप्त प्राकट्य दिवस लगभग 200 वर्ष प्राचीन भगवान चित्रगुप्त जी के मंदिर में अखिल भारतीय कायस्थ परिवार समिति सिवनीमालवा द्वारा रविवार को मनाया गया। इस अवसर पर भगवान का अभिषेक ,कथा, हवन, आरती, भंडारा के उपरांत समाज की महिलाओं ने भजनंजली द्वारा भगवान को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए । इस अवसर सभी ने एक-दूसरे को चित्रगुप्त जन्मोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कायस्थ समाज तहसील अध्यक्ष नीलेश श्रीवास्तव ने सपत्नीक मुख्य यजमान बनकर भगवान की विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। इस अवसर पर समाज के संरक्षक विनय खरे ,वीरेंद्र श्रीवास्तव ,लालबहादुर श्रीवास्तव , विपिन खरे ,उमेश गौड़ ,पंकज वर्मा, दीपक गौड़, दीपिका सक्सेना,ज्योति गौड़, गीतांजलि गौड़,दीप्ति वर्मा, अनन्या खरे, ज्योति श्रीवास्तव इत्यादि सभी महिला पुरुष एवं बच्चों ने बढ़ चढ़कर कार्यक्रम में उपस्थिति दी।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के इटारसी खेड़ा तालाब का गहरीकरण, उन्नयन एवं जीर्णोद्धार जारी : कलेक्टर

**नर्मदापुरम(ईएमएस)।** जिले में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन की दिशा में कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और नागरिकों को जल संरक्षण की दिशा में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करना है।



अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है। अभियान अवधि में जल स्त्रोतों की सफाई और रखरखाव किया जा रहा है जिनमें नदियों, तालाबों और अन्य जल निकायों की सफाई और उनका उचित रखरखाव किया जा रहा है। साथ ही वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने के लिए घरों और सार्वजनिक स्थानों पर वर्षा जल संचयन संरचनाओं के निर्माण को प्रोत्साहित किया जा रहा है तथा जल स्त्रोतों के आसपास और खाली भूमि पर वृक्षारोपण भी किया जा रहा है ताकि मिट्टी के कटाव को रोका जा सके और जल संरक्षण में मदद मिले। अभियान के तहत पूरे जिले में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर जल संरक्षण के महत्व पर कार्यशालाएं, सेमिनार और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो को जागरुक किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत इटारसी नगर के खेडा तालाब का उन्नयन कार्य किया जा रहा है। जिससे वर्षा काल में तालाब में अधिक से अधिक मात्रा में जल संचयन किया जा सके। उन्नयन कार्य अंतर्गत तालाब का गहरीकरण किया जा रहा है जिससे तालाब की जलभरण क्षमता को बढ़ाया जा सके साथ ही तालाब की साफ सफाई का कार्य भी अभियान अवधि में किया जा रहा है।

## पावर लूम उद्योग और मजदूरों की दुर्दशा परिवार भूखे मरने को मजबूर

**बुरहानपुर, ईएमएस।**

मध्य प्रदेश की ऐतिहासिक नगरी, पावर लूम उद्योग के लिए जानी जाती है। यहां प्रतिदिन चालीस हज़ार पावर लूम करघों से लाखों मीटर कपड़े का उत्पादन होता है, जिससे यह क्षेत्र टेक्सटाइल हब के रूप में उभरा है। लेकिन इस चमक-धमक के पीछे मजदूरों की जिंदगी बदहाली में डूबी हुई है। पावर लूम पर काम करने वाले मजदूरों को लंबे समय से उचित मजदूरी नहीं मिल रही है।

महंगाई लगातार बढ़ रही है, पर मजदूरी वर्षों से लगभग स्थिर है। मजदूरों की स्थिति इतनी खराब है कि वे अपने परिवार का पेट भरने तक में असमर्थ हो रहे हैं। हालात यह हैं कि कई परिवारों को दो वक्त की रोटी तक नसीब नहीं हो रही है। मजदूरों ने अपनी मांगों को लेकर कई बार आवाज उठाई। पावर लूम बुनकर संघ ने मजदूरी बढ़ाने को लेकर आंदोलन भी किया, लेकिन वह भी असफल रहा। इसके पीछे एक बड़ा कारण मास्टर विवर्स की तानाशाही है, जो मजदूरी बढ़ाने को तैयार नहीं हैं। वे न उद्योग विभाग की सुनते हैं, न ही श्रम विभाग की। सरकारी तंत्र की निष्क्रियता ने मजदूरों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। नतीजतन, मजबूर होकर मजदूरों को रोजी रोटी के लिए पलायन को मजबूर होना पड़ रहा है पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के इचलकरंजी व् अन्य सेंटरों पर पलायन को मजबूर है यह स्थिति न केवल श्रमिकों के लिए दुखदाई है, बल्कि पूरे पावर लूम उद्योग के लिए भी



खतरे की घंटी है। यदि समय रहते मजदूरों की मांगों को नहीं सुना गया, तो बुरहानपुर का यह समृद्ध उद्योग भी श्रमिकों के अभाव में चरमरा सकता है।

मास्टर विवर्स बाजार में कपड़े का भाव नहीं मिलने और लागत अधिक आने के चलते मजदूरी नहीं बढ़ा रहे हैं जबकि महंगाई दिन ब दिन चरम पर है पावरलूम उद्योग की हालत सुधारने के लिए राजनीतिक इच्छा शक्ति नहीं होने के चलते यह उद्योग धीरे-धीरे बंद होने की कगार पर है यही कारण है कि राजनेताओं की इच्छा शक्ति नहीं होने के चलते एनटीपीसी की ताप्ती मिल कोरोना काल से बंद है उसे भी चालू कराने के कोई विशेष प्रयास नहीं किये जा रहे हैं शहर के पावरलूम उद्योग को जिंदा रखना हेतु मजदूरों की मजदूरी बढ़ाना भी आवश्यक है इसके लिए जिम्मेदारों को आगे आकर कार्य करना चाहिए !

**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कोई कार्य नहीं किये जाने पर नाराजगी व्यक्त की**

# ए-ग्रेड नहीं होने पर एसडीओ, सहा. यंत्री और उपयंत्रियों का कटेगा वेतन : कलेक्टर

**खरगोन, ईएमएस।**

कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने सोमवार को टीएल बैठक में समय सीमा संबंधी प्रकरणों की समीक्षा की ओर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। 300 दिनों से अधिक की लंबित शिकायतों को संतुष्टि के साथ बंद कराएं और कोई भी शिकायत नॉन अटेंडेंट नहीं रहना चाहिए।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा कोई कार्य नहीं किये जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई और चेतावनी दी गई कि अगले सप्ताह ग्रेडिंग में विभाग को ए.ग्रेड प्राप्त नहीं होने पर सभी एसडीओ, सहायक यंत्री एवं उपयंत्रियों का 01 दिन का वेतन काटने की कार्यवाही की जाएगी। सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों के निराकरण में डी ग्रेड में होने के कारण नगरपालिका बिस्टान के सीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार जनपद पंचायत महेश्वर द्वारा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरते जाने, संबल योजना में अनुग्रह व अन्तेष्टि सहायता के प्रकरण स्वीकृत नहीं करने पर जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पाये जाने पर कलेक्ट्रेट के अधीक्षक इन्दरसिंह किराड़े का 01 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। सनावद के सीएमओ द्वारा अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृत नहीं किये जाने पर नाराजगी जाहिर की गई और चेतावनी दी गई कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत उनके विरूद्ध जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा एएनसी होने के बाद भी उसी अनुपात में संस्थागत प्रसव नहीं कराये जाने पर नाराजगी जाहिर की गई और इसमें शीघ्रता से सुधार लाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में समग्र ई.केवाईसी के कार्यों में लापरवाही करने वाले सचिवों एवं रोजगार सहायकों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए। बड़वाह जनपद में संविदा उपयंत्रियों द्वारा संतोषजनक कार्य नहीं किया जा रहा है। इस पर ऐसे संविदा उपयंत्रियों के विरूद्ध विभागीय जांच प्रारंभ कर सेवा से पृथक करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। जनपद पंचायत बड़वाह की मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि तम्बाकू मुक्त गांव बनाने के लिए विकासखण्ड के 50 ग्रामों का शीघ्रता से चयन करें।

### नगर पालिका ने की प्रधानमंत्री आवास योजना की लिस्ट जारी दावे-आपत्ति आमंत्रित

**नर्मदापुरम(ईएमएस)।** नगरपालिका परिषद में आए आवेदन की सर्चिंग के बाद प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत पात्रता रखने वाले हितग्राहियों की सोमवार को लिस्ट जारी कर दी गई है। जिसे नगरपालिका के सूचना पटल पर देखी जा सकती है। जारी लिस्ट में जिस किसी को आपत्ति हो वह समय सीमा में नगरपालिका में मय दस्तावेज के जानकारी उपलब्ध करा सकता है। प्रधानमंत्री आवास योजना प्रभारी एवं नगपालिका के उपयंत्री महेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत प्राप्त आवेदनों का परीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान 2 मई को आवेदन के पूर्ण परीक्षण के उपरांत पात्रता रखने वालों की सूची सर्व साधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित की गई है। आवेदकों की सूची नगरपालिका के सूचना पटल चस्पा की गई है। जिस पर सात दिवस के अंदर दावे/ आपत्ति आमंत्रित किए गए हैं। प्राप्त दावा आपत्तियों के निराकरण सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया जाएगा।

## माता टेकरी पर भूस्खलन, कोई जनहानि नहीं

**देवास।** माता टेकरी पहाड़ी पर रविवार शाम को बारिश के बाद भूस्खलन हुआ। अष्टभुजा माता मंदिर और कालिका माता मंदिर के बीच की पहाड़ी से पत्थर खिसककर सुरक्षा जाली को तोड़ते हुए रपट मार्ग पर गिर गए। पानी के रिसाव से मिट्टी ढहने के कारण बड़े पत्थर नीचे की ओर खिसके। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने रास्ते से पत्थर हटवाए। फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई सूचना सामने नहीं आई है।

## श्रम गोष्ठी का आयोजन कर इंटक ने मनाया 78वां स्थापना दिवस

**देवास।** भारतीय मजदूर कांग्रेस इंटक मध्य क्षेत्र में 78वां स्थापना दिवस श्रम शिविर में मनाया गया। इस अवसर पर मप्र इंटक अध्यक्ष श्याम सुंदर यादव की अध्यक्षता में श्रम गोष्ठी का आयोजन हुआ। केन्द्र व राज्य सरकारों को मजदूर, किसान एवं जनविरोधी नीतियों के विरोध में केन्द्रीय श्रम संगठनों ने 20 मई को होने वाले राष्ट्रव्यापी आंदोलन को सफल बनाने का आव्हान किया। श्री यादव ने कहा कि सरकार अपनी नाकामी छुपाने के लिए चार श्रम संहिताओं को लागू करने का प्रयास कर रही है।

### फटाफट खबरें

## नौ दिवसीय श्रीराम कथा की निकली भव्य शोभायात्रा

**मैहर।** मां शारदादेवी की असीम कृपा से नव दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन आचार्य आदर्श कृष्ण शास्त्री के अमृतमई वचनो से भव्य शोभा यात्रा कामता प्रसाद मिश्र के निवास ग्राम पिपरा कला में निकली गई। जिसमें मां शारदा पीठ के प्रधान पुजारी पवन महाराज, डॉ. कैलाश जैन, धर्मेश घई, सुरेश तिवारी, जयंती तिवारी, शंखधर पयासी, टीआर बाजपेई, नीरज गर्ग, पीएल द्विवेदी, चूड़ामणि बढ़ोलिया, विजय मिश्रा, ऋषिकेश पांडे, मनोज शुक्ला, शिवेंद्र मिश्रा, रविंद्र मिश्रा, अरुण तनय मिश्रा, राजेंद्र शर्मा, मनोज शर्मा, राजेश शर्मा एवं रमेश शर्मा सहित काफी भक्त जन उपस्थित रहे।

## विद्युत मण्डल पेंशन एसोसिएशन की मासिक बैठक सम्पन्न

**सीहोर।** आज दिनांक 5 मई 2025 को विद्युत मण्डल पेंशन एसोसिएशन सीहोर की मासिक बैठक स्थानीय गीता मानस भवन परिसर में रखी गई। जिसमें पेंशनरों का जन्मदिन मनाकर उनका स्वागत किया गया। नरसिंह मेवाड़ा द्वारा कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि पेंशनर जब तक सभी एक मंच पर नही आयेगें तब तक सरकार पेंशनरों की मांगों को अनसुना करती रहेगी। बैठक को नेतराम राठौर, कमल शर्मा, एस.एल.नरेड़ा, राजेन्द्र दुबे, एस.पी.वारिया द्वारा सम्बोधित किया गया। भ्रमण कार्यक्रम हेतु पांच सदस्यी समिति का गठन किया गया। जिसकी पुरी रूप रेखा तैयार की गई। बैठक के अन्त में पहलगाँव में जिन 26 निर्दोश लोगों की हत्या हुई थी, उनकी आत्म शांति हेतु दो मीनट का मौन रख ईश्वर से कामना कर श्रद्धांजलि दी गई।

## परंपरागत रूप से निकली भगवान परशुराम जी की शौर्य यात्रा

**देवास।** ब्राह्मण समाज के आराध्य, क्षत्रधर्म और सनातन संस्कृति के रक्षक राज राजेश्वर भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ, देवास द्वारा परम्परागत भव्य शौर्य यात्रा पारम्परिक रूप से ब्राह्मण महासंघ अध्यक्ष पं. दिनेश मिश्रा के नेतृत्व मे निकाली गई। यात्रा सयाजी द्वार से शुरू हुई। यात्रा में सप्त ऋषियों का यज्ञ और भगवान श्रीकृष्ण को सुदर्शन चक्र अर्पित करते भगवान परशुराम की झांकी मुख्य आकर्षण रही। भजन गायिका संस्कृति पगारे व अन्य कलाकारों ने ने भजनों की शानदार प्रस्तुति दी। यात्रा ब्राह्मण समाज की एकता, परंपरा और संस्कृति को दर्शाती हुई निकली। यात्रा में ढोल-नगाड़ों, शंख ध्वनि और जय घोष के साथ विभिन्न आकर्षक झांकियाँ नगरवासियों का ध्यान आकर्षित किया। शौर्य यात्रा का रास्ते में जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। विधायक गायत्री राजे व सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी भी यात्रा में शामिल हुए। विधायक राजे ने भगवान परशुराम की आरती में हिस्सा लिया। यात्रा एमजी रोड, नॉवेल्टी चौराहा, सुभाष चौक, गांजा भांग चौराहा और जनता बैंक चौराहा होते हुए लक्ष्मी नारायण अग्रवाल धर्मशाला पहुंची।

### ग्राम नांदनी व ग्राम कांकडखेड़ा में है भीषण जल संकट

# मंत्री के आदेश पर नहीं लगा हेड पंप, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



● **देवास, ईएमएस।** सी एम मॉनिट व पी एच ई मंत्री ने 1 माह पहले दिए थे निद्रेष अब तक ग्राम नांदनी व ग्राम कांकडखेड़ा में नही हुआ नलकूप खनन तो गुस्साए ग्रामिणों ने किया पंचायत भवन में जमकर किया प्रदर्षन।

विकासखण्ड कालापीपल के ग्राम नांदनी, ग्राम कांकडखेड़ा में फरवरी के महीने से ही जल संकट हो रहा है। ऐसी भीषण गर्मी में ग्रामीण जनता महिला, बुजुर्ग, बच्चे दिन भर पानी के लिए मषक्कत करते रहते है। 1-2 कि.मी. दूर कुए से पानी लाने को मजबूर है। कहीं पैदल, कही साईकिल से, कही मोटर साईकिल, कहीं बैलगाड़ी से पानी लाने को मजबूर है। ग्राम नांदनी में 7 हजार की जनसंख्या है, 15 हैण्डपंप स्थापित है, जल स्तर नीचे चले जाने के कारण सब सूख गए है। गांव में नल-जल योजना भी है परंतु पानी न होने के कारण बंद पड़ी है। गांव से बाहर एक टयूबवेल पंप है जिससे घंटा-दो घंटा के लिए पानी आता है जिससे ग्रामीण जनता की प्यास नही बूझ पाती है।

ऐसे ही ग्राम कांकडखेड़ा की जनसंख्या 2 हजार के लगभग है, 5 हैण्डपंप लगे हुए है परंतु सब सूखे पड़े है। ग्रामीण जनता गांव से 2-3 किमी. दूर कुए से पानी लाने को मजबूर है। दोनो गांवो में जलसंकट दूर करने हेतु दोनो गांवो के सरपंचों द्वारा समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा जी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री , मुख्य सिंचव, पी एच ई मंत्री, प्रमुख सचिव व प्रमुख अभियंता लोस्वा यांत्रिकी विभाग भोपाल को 1 माह पूर्व ही आवेदन देकर ग्राम नांदनी में 7 हजार की जनसंख्या व बड़ा गांव होने के कारण 4 नलकूप खनन कराने एवं ग्राम कांकडखेड़ा मे 2 हजार से अधिक की जनसंख्या होने के कारण 2 नलकूप खनन कराने की मांग कर चुके है।

मुख्य मंत्री कार्यालय एवं पी एच ई मंत्री द्वारा भी 1 माह पूर्व दोनो गांवों में 6 नलकूप खनन कराने के निर्देष दिए जा चूके है। प्रमुख अभियंता लो.स्वा. यांत्रिकी विभाग भोपाल द्वारा भी दोनो गांवों में 6 नलकूप खनन कराने के लिखित निर्देष दिए जा चूके है।

जब सीएम कार्यालय एवं पी.एच.ई. मंत्री के दिए निर्देष के एक माह बीत जाने के बाद भी नही किया नलकूप खनन तो ग्रामीण जनता ने गांव में रैली निकालकर पंचायत भवन के सामने किया जमकर प्रदर्षन।

इस मौके पर पूजा बाई राठौर, कमला बाई राठौर, कृष्णा मेवाड़ा, कांता बाई गोस्वामी , सीमा मेवाड़ा, जसमत सिंह, विक्रम मेवाड़ा, अरविंद मेवाड़ा, रामचरण, हरि प्रजापति, सोनू राठौर, राजाराम गोस्वामी, विषाल गोस्वामी दोना गांव में जल संकट दूर करने हेतु शीघ्र नलकूप खनन कराने की मांग को लेकर जमकर किया प्रदर्षन।

## दूध से किया भगवान शिव का अभिषेक

**सीहोर, ईएमएस।** शहर के सीवन तट पर हनुमान मंदिर गोपालधाम में शिव प्रदोष सेवा समिति के तत्वाधान में एक माह तक आयोजित होने वाले शिव शक्ति दिव्य अनुष्ठान वैशाख महापर्व का आयोजन किया जा रहा है। पूरे वैशाख के माह में आधा दर्जन से अधिक विप्रजनों के द्वारा 21 लाख महामृत्युंजय मंत्र का जाप किया जाएगा। सोमवार को यज्ञाचार्य पंडित पवन व्यास, पंडित कुणाल व्यास और समिति के मनोज दीक्षित मामा के मार्गदर्शन में श्रद्धालुओं ने सुबह भगवान शिव का 31 लीटर दूध और केसर से अभिषेक किया। वहीं दोपहर में गायत्री मंत्रों के साथ आहुतियां दी। दिव्य अनुष्ठान के दौरान यहां पर मां बगलामुखी की जयंती मनाई गई। बगलामुखी देवी जन्म उत्सव के बारे में वर्णन करते हुए पंडित श्री व्यास ने बताया कि वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को मां बगलामुखी जन्म उत्सव मनाया जाता है। इस साल यह पावन तिथि है। मां बगलामुखी दस महाविद्याओं में से एक हैं और उन्हें शत्रु नाशक, विजय प्रदायिनी तथा नकारात्मक ऊर्जा का विनाश करने वाली देवी के रूप में पूजा जाता है। मां की श्रद्धापूर्वक पूजा करने से भक्तों को भय से मुक्ति मिलती है। मां बगलामुखी को पीताम्बरा देवी के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि उन्हें पीला रंग बहुत प्रिय है।

# महिला से की छेड़छाड़ पुलिसकर्मी की पिटाई

### आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया



● **शिवपुरी, ईएमएस।** शिवपुरी में एक पुलिसकर्मी से मारपीट करने वाले चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शिवपुरी के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत गुना बाईपास रोड पर बस का इंतजार कर रही एक महिला से यह चार बदमाश छेड़खानी कर रहे थे। इस दौरान जब पुलिस कर्मी ने इस छेड़खानी का विरोध करते हुए महिला को बचाने का प्रयास किया तो इन चार बदमाशों ने पुलिसकर्मी पर हमला कर दिया था और पिटाई लगा दी थी। इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से इनकी पहनान कर चारों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। इन बदमाशों के पास से 315 बोर का लोडेड कट्टा भी बरामद किया गया है।

**महिला से छेड़छाड़ करते देखा तो रोका लेकिन बदमाश हो गए हावी:** एडिशनल एसपी संजीव मुले ने बताया यह घटना 30 अप्रैल रात 11.15 बजे की है। थाना देहात में पदस्थ आरक्षक मधुर श्रीवास्तव भोपाल जा रहे थे। गुना बाइपास पर बस का इंतजार करते समय उन्होंने एक व्यक्ति को महिला से छेड़छाड़ करते देखा। आरक्षक ने जब उस व्यक्ति को रोका, तो वह अपने तीन साथियों के साथ लौटा और सभी ने मिलकर पुलिसकर्मी से मारपीट की। इसके बाद एसपी अमन सिंह राठौड़ के निर्देश पर थाना प्रभारी रत्नेश सिंह यादव के नेतृत्व में टीमें गठित की गई। टीम के गठन के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना से आरोपियों की पहचान की गई। पुलिस ने राहुल रजक और आशू रजक को गिरफ्तार किया। दोनों 21 की उम्र के हैं। वह मनियर, शिवपुरी के रहने वाले हैं। इनके पास से 315 बोर का लोडेड कट्टा भी बरामद हुआ है। अन्य दो आरोपी भरत रजक (45) और विशाल राठौर (20) को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

## चित्र गुप्त सेवा समिति ने निकाली भव्य शोभायात्रा



● **सिरोंज, ईएमएस।** श्री चित्र गुप्त सेवा समिति द्वारा श्री चित्र गुप्त जी के प्राकट्य दिवस के उपलक्ष्य में छत्रीनाका स्थित हनुमान मंदिर से शाम को लिंकरोड स्थित चित्र गुप्त मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। जिसमें आगे बैंड उसके बाद पीली साड़ी पहने हुऐ कतारबद्ध होकर महिलाऐं चल रही थी। फिर वाहनों पर सुभाषचंद बोस, डां राजेन्द्र प्रसाद व स्वामी विवेकानंद जी चित्र रखे हुऐ थे और बग्गी पर श्री चित्र गुप्त जी चित्र विराजमान था। और समाजजन चल रहे। इसदौरान संजीव माथुर, नीरज श्रीवास्तव, प्रिंस श्रीवास्तव, अभिराज, राजेश श्रीवास्तव, पंकज, मनोज श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। शोभायात्रा का समापन चित्र गुप्त मंदिर पहुंचकर हुआ और छप्पन भोग का आयोजन हुआ व महाआरती हुयी और कार्यक्रम में मुख्यातिथि विधायक उमाकांत शर्मा द्वारा सेवानिवृत्त समाजजनों का सम्मान किया गया।

## वूमेंस लीग में मप्र बना ओवर ऑल चैंपियन

**देवास।** अस्मिता नेशनल पेंचक सिलाट जूनियर वूमेंस लीग जो क्रिस्ट अकादमी नवी मुंबई महाराष्ट्रा में 1 से 4 मई 2025 को संपन्न हुई। पेंचक सिलाट एसोसिएशन मप्र अध्यक्ष अबरार अहमद शेख ने बताया कि अस्मिता वूमेंस लीग में 28 राज्यों के 300 खिलाड़ी ओर ऑफिशियल ने भाग लिया। प्रदेश महासचिव अभय श्रीवास के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रदर्शन कर 5 स्वर्ण पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब जीता। मप्र 5 स्वर्ण पदक के साथ ओवरऑल चैंपियन, महाराष्ट्र 4 स्वर्ण पदक के साथ दूसरे स्थान ओर 3 स्वर्ण पदक के असम तीसरे स्थान पर रहा। हर्षिल पटेरिया ने टूंगल और फाइट में स्वर्ण, जान्हवी सरकार ने फाइट में स्वर्ण पदक देवास, पूर्वशी विरहे सोलो में स्वर्ण और फाइट में स्वर्ण पदक जीता। गांडा इवेंट्स में वैष्णवी झाला और वैष्णवी सूर्यवंशी ने रजत, रेगु इवेंट्स में महिमा पटेल, जान्हवी सरकार, खुशी कौशल ने रजत पदक जीता। वैष्णवी झाला ने सोलो इवेंट्स में कांस्य पदक जीता। फाइट में महिमा पटेल, वैष्णवी झाला, वैष्णवी सूर्यवंशी, स्नेहा ठाकुर, सारिका देवड़ा, प्रतिज्ञा अग्रिलवाल का सराहनीय प्रदर्शन रहा।

# समर कैंप का आयोजन 7 से 15 जून तक

### समर कैंप नई प्रतिभाओं को सामने लाने का एक माध्यम है- कलेक्टर

● **शिवपुरी, ईएमएस।** शिवपुरी जिले में खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर समर कैंप 2025 का आयोजन 07 मई से 15 जून तक होगा। समर कैंप में कई खेल गतिविधियों को शामिल किया गया है।एक माह तक चलने वाले ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के आयोजन को लेकर कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई और समर कैंप के आयोजन के संबंध में चर्चा हुई।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी, शिक्षा विभाग, जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी और समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि समर कैंप नई प्रतिभाओं को सामने लाने का एक माध्यम है। इन खेल प्रशिक्षण शिविर में कई बच्चे भाग लेते हैं और प्रशिक्षण के बाद धीरे-धीरे उनमें खेल के प्रति रुचि बढ़ती है तो वह आगे भी पूरी लगन से प्रयास करते हैं और बड़े स्तर तक पहुंचते हैं।

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 07 मई से 15 जून तक आयोजन किया जाएगा, जिसमें शहरी क्षेत्र के सभी खेल मैदान व कॉलेजों में एवं ग्रामीण क्षेत्र के तहसील मुख्यालयों में भी शिविर लगाए जाने का निर्णय लिया गया है।

खेल अधिकारी के के खरे ने बताया कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो के समर कैम्प प्रातः 6 से 8 बजे तक लगेंगे। ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में शहरी क्षेत्रों में खेल विभाग, शिक्षा विभाग, खेल संघ संस्था द्वारा विभिन्न खेल मैदानो में प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन खेल मैदानो में पोलो ग्राउंड पर फुटबॉल, हॉकी, एथलेटिक्स, क्रिकेट, हैण्डबॉल, वेट लिफ्टिंग, पावर लिफ्टिंग, गांधी पार्क में फुटबॉल, फिजिकल कॉलेज में फुटबॉल व हॉकी, खेल परिसर स्टेडियम पर बास्केटबॉल, योगा, क्रिकेट, वॉलीबॉल, लॉन-टेनिस, जूड़ो, बैडमिंटन, टेबिल टेनिस,एथलेटिक्स, गर्ल्स स्कूल कोर्ट रोड में महिलाओं के लिए आत्मरक्षा शिविर में जूडो, शिवपुरी क्लब में बैडमिंटन, कराटे और टेबिल टेनिस, हवाई पट्टी लुधावली एवं नवीन खेल परिसर में एथलेटिक्स, फुटबॉल, जुम्बा का आयोजन किया जायेगा। मंगलम भवन, पटेल पार्क व शिव योग केन्द्र पर योगा कराया जाएगा। इसी के साथ ग्रामीण क्षेत्रो में तहसील मुख्यालयों पर करैरा, पोहरी, बैराड़, नरवर, कोलारस, पिछोर, खनियाधाना, बदरवास एवं मगरौनी पर भी उपलब्ध खेल सुविधा अनुसार ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जावेगा।

# चंद्रप्रकाश सिंह बने नए कोतवाली निरीक्षक

● **गुना, ईएमएस।** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी ने गुना कोतवाली में बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए निरीक्षक बृजमोहन सिंह भदौरिया को हटाकर पुलिस लाइन गुना में स्थानांतरित कर दिया है। उनके स्थान पर पुलिस लाइन से निरीक्षक चंद्रप्रकाश सिंह चौहान को गुना कोतवाली का नया थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह तबादला दो गंभीर मामलों में हुई लापरवाहियों के चलते किया गया है, जिसने कोतवाली की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए थे।

सूत्रों के अनुसार निरीक्षक भदौरिया को लाइन हाजिर करने की कार्रवाई में दो प्रमुख घटनाएं प्रमुख वजह बनीं। पहली घटना अभ्युदय की मौत सेजुड़ी है, जिसमें पुलिस पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगे हैं। अभ्युदय की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में की गई विवेचना को लेकर सवाल उठे हैं। मामले में हाल ही में आई नई पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पूरे प्रकरण में नया मोड़ आया है, जिससे पहले की जांच पर संदेह गहराया है। उल्लेखनीय है कि इस केस में मृतक अभ्युदय की मां को हत्या के आरोप में जेल भेजा गया था, जहां वह पिछले ढाई महीने से अधिक समय से बंद है। अब पुलिस इस मामले में अंतिम रिपोर्ट (एफआर) लगाने की तैयारी कर रही है, जिससे यह संकेत मिलते हैं कि प्रारंभिक जांच में गंभीर चूक हुई है। दूसरी बड़ी चूक हनुमान जयंती के मौके पर निकाले गए जुलूस के दौरान हुई, जिसमें पथराव की घटना सामने आई थी। इस मामले में पुलिस की तैयारी और घटनास्थल पर मौजूदगी को लेकर कई सवाल उठाए गए। पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर स्थानीय लोगों और प्रशासनिक हलकों में असंतोष व्याप्त हुआ था। यहां तक कि इस मामले के बाद तत्कालीन एसपी को भी स्थानांतरित किया गया था, और अब कोतवाली प्रभारी पर भी कार्रवाई की गई है। इस पूरी कार्रवाई को पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशासनिक सुधार और जिम्मेदार अधिकारियों की नियुक्ति के रूप में देखा जा रहा है। नए थाना प्रभारी चंद्रप्रकाश सिंह चौहान को अब कोतवाली की कमान सौंपी गई है।

## शोभायात्रा में सहयोग के प्रति किया आभार व्यक्त

**मैहर।** विगत दिनों भगवान परशुराम का जन्मोत्सव सीताबल्लभ शरण जू महाराज महन्त बड़ा अखाड़ा के सानिध्य में धूमधाम से मनाया गया।



उत्सव भारतीय ब्राह्मण कल्याण महासंघ मैहर के संयोजन मे सम्पन्न हुआ। इस उत्सव में जिले के वरेण्य सन्तों, ब्राह्मण समाज के सभी वरिष्ठ और कनिष्ठजनों एवं मातृ शक्ति का सहयोग प्राप्त हुआ। इसके साथ ही विभिन्न सामाजिक संगठनों, सनातन प्रेमियों, व्यापारी भाइयों एवं मीडिया ने इस उत्सव की क्रिया विधि को अपनी लेखनी से सजाकर जनजन तक पहुंचाया। उत्सव में शामिल झांकियां, सन्त तथा प्रतिभा सम्मान आकर्षक और यादगार रहे। शोभायात्रा के संयोजक राजललन मिश्र एवं ब्राम्हण समाज के जिला अध्यक्ष देवेंद्र पांडेय ने अपनी पूरी टीम के साथ सभी सहयोगी जनों के प्रति कृतज्ञता एवं आभार व्यक्त किया है। तथा सभी आत्मीय जनों से भविष्य में इसी तरह का सहयोग देने का अनुरोध किया है।

# कलेक्टर ने 15 तक सभी राशन हितग्राहियों की ईकेवाईसी कराने के दिए निर्देश

### फिंगर प्रिंट नही आने पर एप के माध्यम से कर सकते हैं ईकेवाईसी

● **सीहोर, ईएमएस।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन प्राप्त करने वाले सभी पात्र हितग्राहियों की इकेवाईसी का कार्य किया जा रहा है। अभी तक जिले के 10,28,913 पात्र हितग्राहियों में से 8,88,418 हितग्राहियों की इकेवाईसी की जा चुकी है। कलेक्टर बालागुरू के. ने 15 मई तक जिले के सभी पात्र हितग्राहियों की इकेवाईसी कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के सभी पात्र राशन हितग्राहियों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपनी इकेवाईसी कराएं ताकि उन्हें आगे भी निर्बाध रूप से राशन प्रदान किया जा सके।

**फिंगर नही आने पर एप के माध्यम से कर सकते हैं इकेवाईसी:** इकेवाईसी कराते समय जिन हितग्राहियों के पीओएस मशीन में फिंगर नहीं आ रहे है वे स्वयं अपने स्मार्टफोन में प्ले स्टोर से मेरा ई-केवायसी एप डाउनलोड कर फेस इकेवाईसी के माध्यम से इकेवाईसी कर सकते है। इसके लिए सर्वप्रथम एप डाउनलोड करें, फेस इकेवाईसी डाउनलोड की पूरी प्रक्रिया को एलाउ करें। एप डाउनलोड होने के बाद सबसे पहले अपना स्टेट मध्यप्रदेश का चयन करें, उसके बाद हितग्राही का आधार नंबर दर्ज करें। आधार नंबर दर्ज होने के बाद जनरेट ओटीपी का चयन करें तब आधार में दर्ज मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त होगा।

### किसानों के खेतों में जल भराव एवं ब्लास्टिंग से किसानों के घरों में पड़ी दरारें

# भारतीय किसान यूनियन ने समस्याओं को लेकर दिया ज्ञापन

● **मैहर, ईएमएस।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत मैहर द्वारा सोमवार को अपर कलेक्टर मैहर को किसानों की समस्याओं का निराकरण हेतु ज्ञापन दिया गया। विगत 31 जनवरी को 4 सूत्रीय ज्ञापन कलेक्टर मैहर को दिया गया था जिसमें रिलायंस कम्पनी के माइंस द्वारा किसानों के खेतों में जल भराव एवं ब्लासि्टग से किसानों के घरों में दरारें पड़ गई हैं वह छतो से पानी रिसाव होने लगा है जिन किसानों की जमीन कंपनी द्वारा खरीदी गई है उनके आश्रितों को नौकरी देने का आश्वासन दिया गया था लेकिन आज तक नौकरी नहीं दी गई। माइंस एरिया से लगे हुए खेतों में



कंपनी द्वारा कृषि कार्य नहीं करने दिया जाता है। प्रभावित किसानों से मारपीट की जाती है उक्त समस्याओं के निराकरण हेतु भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक 30 अप्रैल को शिव पार्क मैहर में आयोजित की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष रामसिंह द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि रिलायंस सीमेंट फैक्ट्री भरौली माइंस एरिया सढ़ेरा के किसानों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है। शासन प्रशासन कंपनी के दबाव में किसानों के हितों की अनदेखी कर रहा है। भारतीय किसान यूनियन मैहर द्वारा निर्णय लिया गया कि 5 मई को स्मरण पत्र के साथ ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान 15 दिवस के अंदर यदि नहीं किया जाता तो किसानों के हितो की रक्षा हेतु भारतीय किसान यूनियन उग्र आंदोलन करेगा जिसमें आंदोलन में किसी प्रकार की क्षति किसानों के ऊपर होगी उसकी समस्त जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष रामसिंह, तहसील अध्यक्ष अयोध्या सिंह, रामचरण रजक, चंद्रशेखर पटेल, ईश्वरदीन सिंह, बाल्मीक पटेल, जगतधारी विश्वकर्मा, महेंद्र सिंह, रामजियावन सिंह, लालमन सिंह, लोकमानी कुशवाहा, दयाराम कुशवाहा एवं संजय पटेल आदि उपस्थित रहे।

## आर्य संन्यासी ने की पहलगाम की घटना की निंदा

● **सिरोंज, ईएमएस।** रविवार को पहलगाम में हिंदुओं को नाम पूछ पूछ कर गोलियां मारी गई, संपूर्ण भारतवर्ष में आर्य समाज इस घटना की घोर भर्त्सना करता है। हथियारों की लड़ाई के सामने सनातन संस्कृति को बचाने क लिए आर्य समाज वैचारिक लड़ाई लड़ रहा है। आर्य समाज की वैचारिक लड़ाई ही सनातन संस्कृति की नैया को पार लगा सकती है। देश के गुलामी के काल में आर्य समाज की स्थापना कर महर्षि दयानंद सरस्वती के द्वारा स्वाधीनता का बिगुल फूंका गया, उनके द्वारा सत्यार्थप्रकाश नामक अमर ग्रंथ लिखकर सनातन संस्कृति को बचाने का संदेश दिया गया है, आर्य समाज के स्थापना के 150 वर्ष के कार्यकाल में अनेक आर्य संन्यासियों ने सनातन संस्कृति को बचाने के लिए अपना बलिदान दिया है। यह विचार आर्य समाज के क्रांतिकारी सन्यासी स्वामी सच्चिदानंद महाराज ने पाटीदार भवन में आयोजित की गई वैचारिक संगोष्ठी में व्यक्त किये। इस मौके पर मध्य भारतीय प्रतिनिधि सभा के उप मंत्री ओम प्रकाश आर्य एडवोकेट, प्रसिद्ध भजन उपदेशक पंडित दिनेश पथिक, आर्य समाज सिरोंज के संचालक कामराज पाटीदार, विशेष रूप से मौजूद थे। राष्ट्र जागरण हेतु निकले आर्य सन्यासी स्वामी सच्चिदानंद महाराज का विदिशा जिले के सिरोंज में पदार्पण हुआ है। स्वामी सच्चिदानंद महाराज ने इस मौके पर व्याख्यान देते हुए कहा कि आर्य समाज ने हमेशा धर्म संस्कृति को बचाने के लिए विधर्मियों से लोहा लिया है।

### ऋषभ के अजीब शॉट को लेकर उठ रहे सवाल

नई दिल्ली (ईएमएस)। लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत (आईपीएल) के 18 वें सत्र में पूरी तरह से विफल रहे हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में भी वह 18 रनों पर ही पेवेलियन लौट गये। इस मैच में जिस प्रकार से ऋषभ जिस प्रकार अजीब तरह से आउट हुए उसपर सवाल उठ रहे हैं। इसका एक विडियो भी वायरल हुआ है।

### सनराइजर्स हैदराबाद ने स्मरण की जगह हर्ष को शामिल किया

नई दिल्ली (ईएमएस)। सनराइजर्स हैदराबाद ने बाएं हाथ के स्पिन-बॉलिंग ऑलराउंडर हर्ष दुबे को अपनी टीम में शामिल किया है। हर्ष को कर्नाटक के 22 वर्षीय बल्लेबाज रविचंद्रन स्मरण की जगह पर शामिल किया गया है। हर्ष घरेलू क्रिकेट में विदर्भ की ओर से खेलते हैं। उनके नाम रणजी ट्रॉफी के एक सत्र में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड हैं।

# मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस के बीच मुकाबला आज

## 7:30 बजे शुरू होगा मैच




■ मुम्बई (ईएमएस)।

आईपीएल में मंगलवार को मुंबई इंडियंस की टीम अपने घरेलू मैदान पर गुजरात टाइटंस का मुकाबला करेगी। इस मैच में घरेलू मैदान होने के कारण मुम्बई का पलड़ा भारी रहेगा। अंकतालिक में शीर्ष टीमों में शामिल होने के कारण दोनो ही टीमें इस मैच में जीत के साथ ही प्लेऑफ के लिए अपनी दावेदारी पक्की करना चाहेंगी। इस मैच में शुभमन गिल की गुजरात टाइटंस के लिए मुम्बई के गेंदबाजी आक्रमण का सामना करना आसान नहीं होगा। मुम्बई के पास जसजीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट जैसे तेज गेंदबाज है। इसके अलावा हार्दिक पंड्या और दीपक चाहर का भी उन्हें मुकाबला करना होगा।

वहीं गुजरात की टीम के पास साइ सुदर्शन जैसा बैल्लेबाज है। सुदर्शन ने इस सत्र में 504 रन बनाये हैं। इसके अलावा उसके पास जोस बटलर कप्तान गिल जैसे बल्लेबाज है। इन दोनो ने ही 400 से अधिक रन बनाये हैं। अंक तालिका में तीसरे नंबर पर चल रही मुंबई की टीम ने इस सत्र में खराब शुयआत के बाद अच्छी वापसी की है। इससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। उसके प्रमुख बल्लेबाज रोहित शर्मा ने भी लय हासिल कर ली है। इसके अलावा टीम के पास सूर्यकुमार यादव जैसा टी20 का नंबर एक बल्लेबाज हैं। सूर्या का बल्ला इस सत्र में जमकर चला है।

वहीं गुजरात को सफलता उसके बल्लेबाजों के कारण मिली है। कुल मिलाकर देखा जाये तो दोनो ही टीमों में से कोई कमजोर नहीं है। गुजरात के शीर्ष तीन बल्लेबाजों के शानदार फॉर्म के कारण बाकी बल्लेबाजों को खेलन का अधिक अवसर नहीं मिला है। इस मैच में मुंबई के गेंदबाजों का लक्ष्य गुजरात के शीर्षक्रम पर अंकुश लगाना रहेगा। तीन सत्र पहले हार्दिक की कप्तानी में गुजरात ने पदार्पण के साथ आईपीएल खिताब जीता था। वही हार्दिक अब मुंबई के कप्तान हैं। हार्दिक ने इस सत्र में अब तक 157 रन बनाने के साथ ही 13 विकेट लिए हैं। वहीं रोहित शर्मा ने 293 रन और सूर्यकुमार यादव ने 475 रन बनाये हैं। इसके अलावा रियान रिकेलटन ने तिलक वर्मा भी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। गुजरात की गेंदबाजी प्रसिद्ध कृष्णा के अलावा कर मोहम्मद सिराज के अलावा स्पिनर साइ किशोर पर आधारित रहेगी।

**टीमें ही टीमें इस प्रकार है**

**मुंबई इंडियंसः** हार्दिक पंड्या (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, बेवॉन जैकब्स, रयान रिकेल्टन, रॉबिन मिंज, कृष्णन श्रीजीत, , नमन धीर, राज बावा, विग्नेश पुथुर, विल जैक्स, मिशेल सेंटनर, जसप्रीत बुमराह, अर्जुन तेंदुलकर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, लिज़ाद विलियम्स, कर्ण शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, सत्यनारायण राजू, मुजीब उर रहमान।

**गुजरात टाइटंसः** शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), बी साई सुदर्शन, शाहरुख खान, शेरफेन रदरफोर्ड, राहुल तेवतिया, राशिद खान, कैगिसो रबाडा, रविश्रीनिवासन साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, अनुज रावत, महिपाल लोमरोर, अरशद खान, जयंत यादव, निशांत सिंधु, कुलवंत खेजरोलिया, गेराल्ड कोएट्ज़ी, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र, गुरनूर बराड़ और करीम जनत।

### लखनऊ पर जीत के साथ ही पंजाब किंग्स दूसरे स्थान पर पहुंची

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** पंजाब किंग्स की टीम ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जीत के साथ ही प्लेऑफ के लिए अपनी संभावनाएं मजबूत की है। इससे पंजाब के अब 15 अंक हो गए हैं। वहीं सुपर जायंट्स की प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाओं को करारा झटका लगा है। पंजाब अब अंक तालिका में दूसरे नंबर पर पहुंच गयी है। वहीं आरसीबी 16 अंकों के साथ नंबर एक पर है। वहीं पंजाब की जीत से सनराइजर्स हैदराबाद के प्लेऑफ में पहुंचने की सभी संभावनएं समाप्त हो गयीं।

हैदराबाद अब सभी मैच जीत भी जाये तो भी 14 अंक तक ही पहुंचेगी। वहीं मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटन्स के अभी 14-14 अंक हैं और ये दोनो ही मंगलवार को को मुकाबला करेंगे। इसमें विजेता टीम 16 अंकों तक पहुंच जाएगी। ऐसे में हैदराबाद चौथे स्थान से ऊपर नहीं जा सकती।

वहीं अगर मुम्बई और गुजरता के बीच मैच बारिश के कारण नहीं होता है तो दोनों को ही एक-एक अंक मिलेगा। ऐसे में दोनों के 15-15 अंक हो जाएंगे और इस तरह हैदराबाद की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। अभी तक राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स ही बाहर हुई हैं। हैदराबाद अब एक हार के साथ ही बाहर हो जाएगी।

# आईपीएल में सबसे कम उम्र में अर्धशतक लगाने वाले खिलाड़ी

■ मुम्बई (ईएमएस)।



आईपीएल के 18 वें सत्र में 17 साल के वैभव सूर्यवंशी और 14 साल के आयुष म्हात्रे ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित किया है। आयुष ने चेन्नई सुपरकिंग्स की ओर से खेलते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 94 रन बनाये थे। आयुष ने इस दौरान 25 गेंदों में ही अर्धशतक लगा दिया था। इसी के साथ ही वह सबसे तेजी से अर्धशतक लगाने वाले तीसरे सबसे युवा बल्लेबाज बन गए थे। वहीं राजस्थान रॉयल्स के वैभव ने 38 गेंदों पर शतक लगा दिया था। इस प्रकार वह सबसे तेजी से शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने थे। आईपीएल में सबसे कम उम्र में अर्धशतक लगाने वाले पांच बल्लेबाज इस प्रकार हैं।

**वैभव सूर्यवंशी :** वेभव ने उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों में ही शतक लगा दिया था। वैभव आईपीएल में सबसे कम उम्र में अर्धशतक जड़ने वाले बल्लेबाज हैं। इसके अलावा वह लीग के इतिहास में सबसे तेज शतक जड़ने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं। वैभव ने अपना अर्धशतक सिर्फ 17 गेंदों पर पूरा किया. उन्होंने 38 गेंदों पर 101 रन की शानदार पारी खेली जिसमें 11 छक्के और सात चौके शामिल थ। वह सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले खिलाड़ी हैं।

**रियान पराग :** राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज रियान पराग आईपीएल में अर्धशतक लगाने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी हैं। उन्होंने राजस्थान की ओर से 2019 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलते हुए यह 17 साल 175 दिन की उम्र में यह कारनामा किया था। पराग ने 49 गेंदों में 50 रन (जिसमें चार चौके और दो छक्के शामिल हैं) बनाए थे।

**आयुष म्हात्रे :** 17 वर्षीय आयुष आईपीएल में अर्धशतक बनाने वाले तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी हैं। उन्होंने आरसीबी के खिलाफ 48 गेंदों पर 94 रन बनाए। म्हात्रे ने 25 गेंदों में अर्धशतक लगाया। आयुष ने 17 वर्ष 291 दिन की उम्र में यह रिकॉर्ड अपने नाम किया।

**संजू सैमसन :** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन 18 साल 169 दिन की उम्र में आरसीबी के खिलाफ साल 2013 में आईपीएल में अर्धशतक लगाया। इस प्रकार वह लीग में चौथे सबसे युवा बल्लेबाज बने हैं। सैमसन ने साल 2013 में 41 गेंदों पर 63 रन की पारी खेली थी। उस समय, वह 18 वर्ष और 169 दिन की उम्र में आईपीएल के सबसे कम उम्र के अर्धशतकधारी खिलाड़ी बने थे और अब वह कुल मिलाकर चौथे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं.

**पृथ्वी शॉ :** दिल्ली कैपिटल्स के पूर्व ओपनर पृथ्वी शॉ इस सूची में 5वें नंबर पर हैं। जिन्होंने केकेआर के खिलाफ साल 2018 में 44 गेंदों पर 62 रन (सात चौके) और दो छक्के लगाए थे।तब उनकी उम्र 18 वर्ष और 169 दिन थी।

## फ्लेमिंग बोले, भारतीय प्रतिभाओं को देखकर मुझे अन्य टीमों की चिन्ता हो रही

■ नईदिल्ली (ईएमएस)।

न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर स्टीफन फ्लेमिंग आईपीएल में युवा भारतीय प्रतिभाओं के प्रदर्शन को लेकर हैरान हैं। फ्लेमिंग का कहना है कि जिस प्रकार से लीग में वैभव सूर्यवंशी और आयुष महात्रे सहित कई अन्य युवाओं ने खेला है उससे साफ है कि आगामी अंडर-19 विश्व कप में भारत से मुकाबला करने वाली टीमों को सावधान रहना होगा।

फ्लेमिंग ने कहा कि वह इस बात को सोचकर परेशान है कि अन्य टीमें किस प्रकार भारतीय प्रतिभाओं का मुकाबला करेंगी। फ्लेमिंग आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) टीम के कोच हैं। उन्हीं की टीम में शामिल 17 साल के आयुष महात्रे ने आरसीबी के खिलाफ 94 रनों की आक्रामक पारी खेली थी। वहीं एक अन्य मैच में राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी ने 35 गेंदों में ही शतक लगा दिया था। फ्लेमिंग ने कहा, 'जब आयुष का ट्रायल हुआ तो हम उनका कौशल देखकर प्रभावित हुए थे। उनका संयम काफी प्रभावशाली था. बहुत सारे शॉट लगाने में माहिर होना अच्छी बात है लेकिन दुनिया के बड़े खिलाड़ियों के सामने धैर्य बनाए रखना और टीम की योजना को अंजाम देने में सफल होना अलग बात है।' आयुष की बल्लेबाजी की सबसे अच्छी बात यह रही कि वे पहले से शॉट खेलने का मन नहीं बना रहे थे और ना ही बहुत ताकत के साथ शॉट लगा रहे थे बल्कि वह हालातों के अनुसार बल्लेबाजी कर रहे थे।

# इंग्लैंड दौरे में बुमराह को उपकप्तान नहीं बनाना चाहती बीसीसीआई

## शुभमन और ऋषभ में से किसी एक को मिल सकती है जिम्मेदारी

■ मुम्बई (ईएमएस)।



भारतीय क्रिकेट टीम अगले माह पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगी। इस दौरे में भारतीय टीम की कप्तानी रोहित शर्मा करेंगे पर उपकप्तान के लिए किसी ऐसे खिलाड़ी की तलाश की जा रही है जो सभी पांच मैच खेल सके। एक रिपोर्ट के अनुसार इस दौरे में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को उपकप्तान नहीं बनाया जाएगा क्योंकि उनकी फिटनेस को लेकर समस्या बनी रहती है। बीसीसीआई किसी ऐसे व्यक्ति को उपप्तान बनाना चहती है जो सभी सभी मैच खेल सके। इसको देखते हुए उप्तानी की रेस में बल्लेबाज शुभमन गिल और ऋषभ पंत सबसे आगे हैं। शुभमन ने चैंपियंस ट्रॉफी में उपकप्तान की भूमिका निभाई थी। वहीं ऋषभ ने साल 2022 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी की थी।

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 20 जून से शुरु होगी। ये विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र का हिस्सा है। इस टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा कुछ समय में की जाने की उम्मीद है।

बुमराह को इंग्लैंड दौरे के दौरान उप्तान बनाने बीसीसीआई इसलिए तैयार नहीं हैं क्योंकि बुमराह का चोट का पुराना रिकार्ड रहा है।

बुमराह को 2024-25 में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान पांचवें टेस्ट के दौरान पीठ में चोट लग गई थी, जिसके बाद उन्हें तीन महीने तक मैदान से बाहर रहना पड़ा और चैंपियंस ट्रॉफी में भी वह बाहर रहे थे। आईपीएल में भी वह फिट नहीं होने के कारण शुरुआती मैचों से बाहर रहे हैं। उन्होंने पर्थ में ऑस्ट्रेलिया दौरे में टीम की कप्तानी करते हुए जीत दिलायी थी। अब उनके चोट के पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए ही बोर्ड उन्हें उप-कप्तान बनाने तैयार नहीं है। सिडनी टेस्ट से पहले भी बुमराह साल 2022 में सर्जरी के कारण ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 विश्व कप सहित लगभग 11 महीने तक क्रिकेट से दूर रहे थे।

## आईपीएल से सामने आये इन युवा गेंदबाजों को मिल सकती है भारतीय टीम में जगह



**मुम्बई (ईएमएस)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) में इस बार विघ्नेश पुथुर सहित पांच ऐसे गेंदबाज हैं जिन्होंने अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। अब इन गेंदबाजों को भारतीय टीम में जगह मिलने की संभावनएं हैं।

**अश्वनी कुमार (मुंबई इंडियंस)-** मुंबई इंडियंस की ओर से 23 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अश्वनी कुमार ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। अश्वनी के पास अच्छी गति, मूवमेंट और कुछ विविधताएं हैं, हालांकि वे अब भी निरंतरता की तलाश में हैं। इस तेज गेंदबाज ने 3 मैचों में अब तक 6 विकेट लिए हैं, उनका औसत 17.50 है।

**फटाफट खबरें**

### सैमसंग ने 50 करोड़ डॉलर जुर्माने को चुनौती दी!

नई दिल्ली (ईएमएस)। प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग इंडिया ने उस पर लगाए गए 50 करोड़ डॉलर से अधिक के जुर्माने को चुनौती देते हुए सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क एवं सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सीईएसटीएटी) का दरवाजा खटखटाया है। उद्योग सूत्रों ने यह जानकारी दी। भारतीय सीमा शुल्क अधिकारियों ने इसी साल सैमसंग पर नेटवर्किंग गियर सहित दूरसंचार उपकरणों के आयात को कथित रूप से गलत तरीके से वर्गीकृत करने के लिए 50 करोड़ डॉलर से अधिक का जुर्माना लगाया था। सूत्रों ने बताया कि सैमसंग इंडिया ने उक्त आदेश को अपीलीय न्यायाधिकरण सीईएसटीएटी की मुंबई पीठ के समक्ष चुनौती दी है।

### अपार्टमेंट का आकार 2,009 से 3,430 वर्गफुट तक है

**मुंबई (ईएमएस)।** ओबेरॉय रियल्टी ने मुंबई के गोरेगांव में अपनी एकीकृत टाउनशिप परियोजना में 970 करोड़ रुपये के लक्जरी अपार्टमेंट बेचे हैं। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी है। कंपनी ने कहा कि उसने 30 अप्रैल को गोरेगांव में अपनी टाउनशिप परियोजना ओबेरॉय गार्डन सिटी में 'एलिसियन टॉवर डी' की पेशकश की है। कंपनी ने कहा कि उसने 2.1 लाख वर्ग फुट और 3.25 लाख वर्ग फुट के बिक्री योग्य क्षेत्र के लिए लगभग 970 करोड़ रुपये का कुल बुकिंग मूल्य दर्ज किया है।'

एनएसई निफ्टी 114.45 अंक तकरीबन 0.47 फीसदी बढ़कर 24,461.15 अंक पर बंद हुआ

# भारतीय शेयर बाजार बढ़त पर बंद

■ मुंबई (ईएमएस)।



भारतीय शेयर बाजार सोमवार को बढ़त के साथ ही बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये बढ़त दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी रहने से आई है। आज कारोबार के दौरान सभी सभी मुख्य सूचकांकों में तेजी दर्ज की गयी। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 294.85 अंक करीब 0.37 फीसदी बढ़कर 80,796.84 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 114.45 अंक तकरीबन 0.47 फीसदी बढ़कर 24,461.15 अंक पर बंद हुआ।

आज लार्जकैप की जगह पर मिडकैप और स्मॉलकैप में खरीदारी हावी रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 970 अंक करीब 1.81 फीसदी बढ़कर 54,675.75 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 168 अंक तकरीबन 1.02 फीसदी की बढ़त के साथ ही 16,609 पर बंद हुआ।

वाहन शेयरों में आज उछाल रहा। निफ्टी ऑटो इंडेक्स 1.85 फीसदी की बढ़त पर बंद हुआ। वहीं एफएमसीजी, मेटल, हेल्थकेयर, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, फार्मा और मीडिया के शेयरों में भी सबसे अधिक उछाल रहा। निफ्टी पीएसयू बैंक और निफ्टी प्राइवेट बैंक इंडेक्स भी गिरावट पर बंद हुए। आज सबसे ज्यादा तेजी

अदाणी ग्रुप के सभी शेयरों में दर्ज की गई। इसमें 11 प्रतिशत तक की तेजी रही।

अदाणी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व, एमएंडएम, इटरनल (जोमैटो), पावर ग्रिड, आईटीसी, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स, एचयूएल, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल और एचडीएफसी बैंक के शेयरों को सबसे अधिक लाभ हुआ। वहीं कोटक महिंद्रा बैंक, एसबीआई, टाइटन, एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक, एचसीएल टेक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर सबसे अधिक नुकसान में रहे।

विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) लगातार 12वें सत्र में 2 मई को शुद्ध खरीदार बने रहे और उन्होंने 2,769 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने भी 3,290 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। इससे पहले आज सुबह बाजार मजबूती के साथ खुले। बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स 300 से ज्यादा अंक च?कर खुला जबकि निफ्टी मजबूत शुरुआत के साथ 24,400 के पार खुला। शेयर बाजार के कारोबार में निवेशकों का फोकस अमेरिकी आयातों पर लगाए गए टैरिफ के प्रभाव, भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण संबंधों और वैश्विक बाजार की गतिविधियों के अलावा विदेशी निवेशकों के रुख पर रहेगा।

## निदेशक के रूप में नामित किए गए परमेश्वरन अय्यर

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक (ईडी) परमेश्वरन अय्यर को नौ मई को होने वाली महत्वपूर्ण बैठक से पहले अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के बोर्ड में अस्थायी रूप से भारत के नामित निदेशक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सरकार ने आईएमएफ में कार्यकारी निदेशक के रूप में केवी सुब्रमण्यन की सेवाओं को उनका तीन साल का कार्यकाल पूरा होने से छह महीने पहले समाप्त कर दिया था। सरकार का यह फैसला इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि आईएमएफ कार्यकारी बोर्ड की नौ मई को बैठक होनी है जिसमें जलवायु कार्यक्रम के तहत पाकिस्तान को 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर के नए ऋण के साथ मौजूदा सात अरब डॉलर के राहत पैकेज की पहली समीक्षा की जाएगी। गौरतलब है कि भारत कूटनीतिक और विभिन्न वैश्विक मंचों पर पाकिस्तान को घेरने का प्रयास कर रहा है।

# सोना 93,249 पर, तो चांदी 94,049 रुपए प्रति किलो



■ नईदिल्ली (ईएमएस)।

विदेशी बाजार में कीमती धातुओं के मिलेजुले रुख के बीच देश के बाजारों में सोमवार को सोने की कीमतों में तेजी देखी जा रही है, वहीं चांदी की कीमतें नरम हुई हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोना सोमवार को सुबह के सौदों के दौरान 0.49 प्रतिशत की उछाल के साथ 93,090 रुपये प्रति 10 ग्राम पर देखा गया। एमसीएक्स पर सोने की कीमतें 93,249 पर ऊपर की ओर खुलीं और खुलते ही कुछ ही मिनटों के भीतर 93,340 प्रति 10 ग्राम के उच्च स्तर को छू गईं। जानकारों के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का यूएस-चीन टैरिफ पर यू-टर्न और यूएस फेड की मीटिंग से पहले यूएस फेड के चेयरमैन जेरोम पॉवेल पर नरम रुख का सोने की कीमत पर असर देखा जा रहा है। वहीं एमसीएक्स पर चांदी की कीमत में हालांकि 0.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट आई और यह 94,049 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार करती देखी गई है। इंडिया बुलियन एसोसिएशन (आईबीए) पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, दिल्ली में सोने के भाव 93,210/10 ग्राम है। मुंबई में कीमत 93,290/10 ग्राम है। बेंगलूरू में सोने के भाव 93,440/10 ग्राम, चेन्नई में सोने का दाम 93,640/10 ग्राम है और कोलकाता में सोने का भाव 93,250/10 ग्राम है।

## ट्रंप ने फिल्मों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की योजना बनाई

**वाशिंगटन (ईएमएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने हाल ही में एक और बड़ा निर्णय लिया, जो हो सकता है कि फिल्म उद्योग में तहलका मचा दे। ट्रंप ने कहा किया कि वह विदेशों में बनी फिल्मों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की योजना बना रहे हैं। यह एक ऐतिहासिक कदम है जिससे फिल्म इंडस्ट्री को अमेरिका में वापस लाने को लेकर जीवन में पहली बार इतनी मुश्किलें आ सकती हैं। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर इस निर्णय को साझा करते हुए कहा है कि विदेशी फिल्मों पर टैरिफ लगाने की प्रक्रिया तुरंत शुरू करनी चाहिए। हालांकि इसके परिणाम और इसका तात्पर्य क्या होगा, यह स्पष्ट नहीं है। हॉलीवुड में इस निर्णय का प्रभाव हो सकता है, जैसे कि विदेश में शूट हुई फिल्मों पर क्या होगा, और इसके फैसले के परिणामस्वरूप विदेशी निर्माताओं के साथ संबंध कैसे बिगड़ेंगे।

## टाटा म्युचुअल फंड ने पेश किया नया निवेश विकल्प

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** टाटा म्युचुअल फंड ने सोमवार को नया निवेश विकल्प पेश किया है। इस नए फंड का नाम टाटा इनकम प्लस आर्बिट्रेज एक्टिव फंड ऑफ फंड है। इस ओपन-एंडेड फंड ऑफ फंड में निवेशक घरेलू म्युचुअल फंड्स के विभिन्न योजनाओं में निवेश कर सकते हैं। इस नई स्कीम का सब्सक्रिप्शन 5 मई से 19 मई तक में किया जा सकेगा।

# वाहनों की बिक्री अप्रैल में बढ़कर 22.87 लाख इकाई पर

■ नईदिल्ली (ईएमएस)।



देश में वाहनों की कुल खुदरा बिक्री इस साल अप्रैल में मामूली 2.95 प्रतिशत बढ़कर 22,87,952 इकाई हो गई। वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) ने यह जानकारी दी है। फाडा ने कहा कि चैत्र नवरात्रि, अक्षय तृतीया, बंगाली नव वर्ष, बैसाखी और विशु के आसपास ग्राहकों द्वारा खरीदारी पूरी करने से अप्रैल का अंत सकारात्मक रुख के साथ हुआ। अप्रैल, 2024 में वाहनों की कुल खुदरा बिक्री 22,22,463 इकाई रही थी। फाडा ने कहा कि वाणिज्यिक वाहनों (सीवी) को छोड़कर सभी श्रेणियों में अप्रैल में बिक्री में बढ़ोतरी दर्ज हुई है। समीक्षाधीन अवधि में दोपहिया, तिपहिया, यात्री वाहन और ट्रैक्टर बिक्री में क्रमशः 2.25 प्रतिशत, 24.5 प्रतिशत, 1.5 प्रतिशत और 7.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। वहीं वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री एक प्रतिशत घट गई।अप्रैल में दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 16,86,774 इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 16,49,591 इकाई रही थी। इस तरह दोपहिया वाहनों की बिक्री में 2.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई। समीक्षाधीन महीने में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 3,49,939 इकाई रही, जबकि अप्रैल, 2024 में यह आंकड़ा 3,44,594 इकाई रहा था।

## फार्मेसी स्टूडेंट का हल्ला बोलः एबीवीपी के नेतृत्व में आंदोलन

**भोपाल,ईएमएस।** मध्यप्रदेश के फार्मेसी स्टूडेंट ने आज स्टेट फार्मेसी काउंसिल कार्यालय के बाहर जमकर हल्ला बोला। फार्मेसी स्टूडेंट ने यह आंदोलन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में किया और अपनी मांगे रखी। फार्मेसी काउंसिल में पूर्णकालिक रजिस्ट्रार की नियुक्ति की जाए। फार्मेसी छात्रों को सभी लाइसेंस एक महीने में देने की मांग, पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन और पारदर्शी बनाने की मांग शामिल है।



## शहीद बीरबल ढालिया जन कल्याण परिषद ने सकोरे वितरित किए

**भोपाल,ईएमएस।** शहर में भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए पंछियों की सेवा में योग केंद्र ईदगाह हिल्स पर क्षेत्रीय लोगों को 50 सकोरे शहीद बीरबल जन कल्याण परिषद संयोजक भगवानदास ढालिया ने कार्यकर्ताओं के साथ भेंट किए। ढालिया ने पर्यावरण संतुलन के लिए पेड़ पौधों के साथ ही पंछियों की भूमिका भी अहम बताई। राकेश कुकरेजा ने शहर वासियों से अपील की है की पंछियों के लिए स्कोरो में पानी भरकर ठंडे स्थान पर आवश्यक रखें।



### ▸ रेस्टोरेंट में टेबल नहीं मिलने पर फूड विभाग के छापे पड़वाएं

# मंत्री जी की वीआईपी भूख

**ग्वालियर (ईएमएस)।**



प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल रविवार रात उस वक्त सुर्खियों में आ गए जब ग्वालियर के क्वालिटी रेस्टोरेंट में उन्हें टेबल नहीं मिलने पर उन्होंने नाराज होकर फूड सेफ्टी विभाग की टीम को मौके पर बुला लिया। रात करीब सवा 11 बजे तक फूड विभाग की टीम ने होटल के किचन में पहुंचकर तेल, पनीर और मावा के पांच सैंपल लिए, जिससे होटल प्रबंधन में हड़कंप मच गया। दरअसल, मंत्री पटेल विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे की शादी के रिसेप्शन में शामिल होने के बाद परिवार संग रेस्टोरेंट पहुंचे थे। वे इस दौरान कुर्ता-पायजामा की बजाय फॉर्मल ड्रेस में थे, जिससे होटल स्टाफ उन्हें पहचान नहीं सका और सीट न होने की वजह से इंतजार करने को कह दिया।

इसी बात से मंत्री भड़क उठे और होटल में गंदगी की शिकायत करते हुए आधी रात फूड विभाग की टीम तलब कर ली। भाजपा के जिला अध्यक्ष, मीडिया प्रभारी और पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। कुछ देर बाद मंत्री को टेबल मिल गई और मामला शांत हुआ।

### कांग्रेस ने कहा मंत्री सत्ता के नशे में चूर

मामले पर कांग्रेस ने सोशल मीडिया (एक्स) पर तीखी प्रतिक्रिया दी और लिखा, बीजेपी के मंत्री सत्ता के नशे में चूर हैं, जनता को धमकाना इनकी आदत बन चुकी है।÷ यह विवाद अब सियासी रंग ले चुका है और विपक्ष इस मुद्दे को लेकर सरकार पर हमलावर हो गया है।

### पीएसओ ने की धक्का-मुक्की

होटल संचालक कमल अरोरा का कहना है कि उन्हें पहले ही फूड विभाग की ओर से कॉल कर टेबल बुक रखने को कहा गया था। लेकिन मंत्री के स्टाफ ने पहचान बताने पर नाराजगी जताई और मंत्री के साथ आए पीएसओ और समर्थकों ने स्टाफ के साथ धक्का-मुक्की की।

### व्यापारी संगठन भड़के मंत्री की बर्खास्तगी की मांग

मामले के तूल पकड़ते ही ग्वालियर चेंबर ऑफ कॉमर्स और अन्य व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचे और पुलिस से चर्चा की। चेंबर अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने इसे तानाशाही और गुंडागर्दी करार देते हुए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मंत्री पटेल को बर्खास्त करने की मांग की है।

### मंत्री पटेल ने दी सफाई

**मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने सफाई देते हुए कहा कि वे अस्पताल और एंबुलेंस का निरीक्षण कर रहे थे और उसी क्रम में रेस्टोरेंट की जांच के लिए पहुंचे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि होटल स्टाफ ने उनके साथ बदतमीजी की और सवाल उठाया कि जब एक मंत्री के साथ ऐसा व्यवहार हो रहा है तो आम जनता और कर्मचारियों के साथ कैसा बर्ताव होता होगा।**

## अपना दल (एस) के मप्र प्रभारी बने आरबी सिंह पटेल

**भोपाल,ईएमएस।** अपना दल (एस) ने मध्य प्रदेश में अपनी संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय महासचिव आर बी सिंह पटेल को प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के निर्देश पर यह नियुक्ति की गई है।



पिछले दिनों अपना दल (एस) ने लखनऊ के गांधी भवन प्रेक्षागृह में अपनी जिला स्तरीय मासिक संगठन समीक्षा बैठक का आयोजन किया, जिसमें पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष व यूपी कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने मध्य प्रदेश का प्रभार आर बी सिंह को सौंपे जाने की घोषणा की। इस नियुक्ति पर आरबी सिंह पटेल ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि पूर्ण निष्ठा के साथ संगठन को मजबूत करने और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। गौरतलब है कि इस बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने केंद्र सरकार के जाति जनगणना कराने के ऐतिहासिक फैसले की जमकर सराहना की। उन्होंने इसे सामाजिक न्याय की दिशा में एक बड़ा कदम बताया और कहा कि यह फैसला समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने में मददगार साबित होगा। मध्य प्रदेश में पार्टी की नई रणनीति के तहत संगठन को मजबूती मिलना तय है, वहीं प्रभारी की नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं में भी उत्साह देखने को मिल रहा है।

### सीएम ने जिस घाट को पर्यटन केंद्र बताया, घड़ियाल छोड़े, वहां अब रेत माफिया का कब्जा

## चंबल नदी का सीना चीरकर धड़ल्ले से हो रहा है अवैध उत्खनन



**भोपाल,ईएमएस।**

चंबल में रेत माफिया बेलगाम और बेखौफ हैं। रेत माफिया वन विभाग की टीमों पर आए दिन हमला कर रहे हैं। अब चौंकाने वाला नजारा चंबल के राजघाट से सामने आ रहा है। इस स्थान पर वन विभाग ने पर्यटन केंद्र बनाया हुआ है। ढाई महीने पहले मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने इस स्थान को खूब सराहा। इसी राजघाट पर रेत माफिया का कब्जा हो गया है। सैलानी जाने से डरते हैं, क्योंकि रेत माफिया और उनके लोग यहां लोगों को फोटो-सेल्फी तक नहीं लेने देते। वन विभाग के आला अफसर खुलकर कह रहे हैं, कि राजनीतिक संरक्षण में धड़ल्ले से रेत का अवैध उत्खनन हो रहा है, जिसे रोकना असंभव होता जा रहा है। मप्र के मुरैना और राजस्थान के धौलपुर के बीच चंबल नदी का जो हिस्सा है, वही राजघाट के नाम से जाना जाता है। यहां वन विभाग पर्यटन केंद्र चलाता है, जिसमें मोटरवोटों से सैलानियों को चंबल में जलविहार करवाया जाता है। राजघाट पर 17 फरवरी को मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, कृषि मंत्री ऐंदल सिंह कंषाना, वन राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार ने जलविहार किया।

### मशीनों से हो रहा है अवैध उत्खनन

अब इसी राजघाट पर रेत माफिया द्वारा बेखौफ लोडर मशीन (जेसीबी) से रेत का उत्खनन किया जा रहा है। पूरा घाट छोटी-छोटी खाईयों में बदल गया है। दिन की तुलना में रात के समय यहां जमकर अवैध उत्खनन होता है और हर रोज एक हजार ट्राली से ज्यादा रेत निकाला जा रहा है। यह तब हो रहा है, जब राजघाट पर वन विभाग का भरा-पूरा अमला और एसएएफ के एक दर्जन से ज्यादा जवान सुरक्षा के लिए तैनात किए गए हैं।

### लोकनिर्माण विभाग में भ्रष्ट सबसे विश्वसनीय

## भ्रष्टाचार में फंसे अफसरों को बड़े प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी

**भोपाल,ईएमएस।** सरकार की सख्ती के बावजुद लोकनिर्माण विभाग में भ्रष्टाचार रूकने का नाम नहीं ले रहा है। वहीं भ्रष्ट अफसरों का पूरा संरक्षण मिल रहा है। विभाग की कार्यप्रणाली को देखें तो यह तथ्य सामने आता है कि लोकनिर्माण विभाग में भ्रष्ट सबसे विश्वसनीय है। इसका आकलन इससे किया जा सकता है कि विभाग में भ्रष्टाचार में फंसे अफसरों को बड़े-बड़े प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी दी जा रही है। ताजा मामला पीडब्ल्यूडी सेतू में पदस्थ चीफ इंजीनियर जीपी वर्मा का सामने आया है। 83 करोड़ के घोटाले में वर्मा को आरोप पत्र देने के बाद भी सरकार ने इन्हें 2 हजार करोड़ से ज्यादा के 46 फ्लाईओवर और आरओबी के निर्माण की जिम्मेदारी सौंप दी है। गौरतलब है कि मप्र सरकार एक तरफ जहां भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टारलेंस की बात करती है, वहीं भ्रष्टाचार



में फंसे अफसरों को बड़े और करोड़ों के प्रोजेक्ट भी सौंपने में लगी है। तत्कालीन मुख्य अभियंता (भवन) इंदौर में पदस्थ रहे जीपी वर्मा पर आरोप है कि इन्होंने 83 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले जिला अदालत के निर्माण में कथित तौर पर अनियमितताएं कीं। इन्होंने न्यायालय भवन इंदौर के निर्माण में द्वितीय निविदा आमंत्रण के दौरान न्यूनतम निविदाकार मेसर्स एरकॉन इंनफ्रा लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत टर्नओवर की विधिवत पुष्टि नहीं की और टेंडर खोलकर काम को मंजूरी दे दी।

### मुख्य सचिव की फटकार के बाद तीसरी मर्तबा ताबड़तोड़ जारी करने पड़े टेंडर, 7 कम्पनियों ने की हिस्सेदारी, मेला सेल का भी होगा गठन

## उज्जैन में 563 करोड़ में बनेंगे 29 किलोमीटर लम्बे घाट

**भोपाल,ईएमएस।**

पिछले दिनों मुख्य सचिव अनुराग जैन ने उज्जैन का दौरा किया और सिंहस्थ से जुड़े प्रोजेक्टों की समीक्षा में कई लापरवाहियां लामने आई, जिसके चलते उन्होंने अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और कई प्रोजेक्टों के टेंडर जारी ना होने पर भी आश्चर्य जताया, क्योंकि तीन साल का समय भी अब सिंहस्थ में नहीं बचा है। जबकि कई निर्माण कार्य ऐसे हैं जिनको पूरा करने की समय सीमा ही 3 से 4 साल की सीमा टेंडर शर्तों में ही लिखी है। इन्हीं में से एक 29 किलोमीटर लम्बे घाट का निर्माण भी करना शामिल है। दो बार इसके टेंडर बुलाए गए, मगर किसी ने हिस्सा नहीं लिया। अब तीसरी बार बुलाए टेंडर में 7 कम्पनियों ने हिस्सेदारी की है और इंदौर की कम्पनी को 563 करोड़ रुपए में ठेका दिया गया है। दूसरी तरफ सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह का कहना है कि मेला सेल भी गठित किया जा रहा है।

उज्जैन विकास प्राधिकरण ने सिंहस्थ मेला क्षेत्र के लिए 5 हजार एकड़ से अधिक जमीनें चिन्हित की हैं और किसानों को 60 फीसदी जमीन वापस सौंपी जाएगी। इस संबंध में इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह, जिन्हें शासन ने उज्जैन सिंहस्थ का मेला अधिकारी बनाया है, उन्होंने पिछले दिनों किसानों द्वारा किए जा रहे विरोध के मद्देनजर उज्जैन में बैठकें लीं और काफी हद तक भूमि अधिग्रहण का विरोध कर रहे किसानों को समझाने में सफल भी रहे।

### मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और मप्र राज्य सहकारी दुग्ध संघ के बीच बॉन्ड के बाद की गई कार्यवाही की समीक्षा की, कहा...

## निजी डेयरी संचालकों को मिले परामर्श सुविधा

### दूध उत्पाटन का वैल्यू एडिशन के बाद ही डेयरी प्रोडक्ट राज्य से बाहर भेजें

**भोपाल,ईएमएस।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में जितना भी दूध उत्पादित किया जा रहा है, उसका वैल्यू एडिशन कराए जाने के बाद ही डेयरी उत्पाद प्रदेश से बाहर भेजे जाएं। उन्होंने कहा कि सहकारी संघों के साथ-साथ निजी डेयरी संचालकों को भी आवश्यक परामर्श (कंसल्टेंसी) उपलब्ध कराया जाए। साथ ही, अन्य राज्यों में अच्छी नस्ल की गायों और भैंसों से होने वाले दूध उत्पादन का अध्ययन कर, उन नस्लों को प्रदेश के किसानों को उपलब्ध कराने पर भी काम किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और मध्यप्रदेश राज्य सहकारी दुग्ध संघ के बीच बॉन्ड के बाद



की गई कार्यवाही की समत्व भवन में समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि डेयरी क्षेत्र में एनडीडीबी के विशेषज्ञता का लाभ पूरे प्रदेश को समान रूप से मिलना चाहिए।

### प्रदेश में बड़ी गोशालाएं विकसित की जा रहीं

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए अन्य राज्यों की बेहतर नस्ल की गायों और भैंसों को प्रदेश में लाने व उन्हें किसानों को उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाना आवश्यक है। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रदेश में उत्पादित दूध का पहले वैल्यू एडिशन हो और उसके बाद ही डेयरी उत्पादों को प्रदेश से बाहर भेजा जाए। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि प्रदेश में बड़ी गोशालाएं विकसित की जा रही हैं। इनके विकास और बेहतर प्रबंधन से भी दूध उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि निजी विश्वविद्यालय भी डेयरी टेक्नोलॉजी और एनिमल हसबेंडरी संबंधी कोर्स संचालित करें।

## सरकार सख्ती के बाद पराली जलाने की घटनाएं होने लगी कम

### प्रदेश में अब तक पराली जलाने के 30655 मामले

**भोपाल,ईएमएस ।** बीते कई सालों की तरह, पराली (नरवाई) जलाने की घटनाओं ने मध्य प्रदेश से लेकर केंद्र तक हडकंप मचा दिया था। बिगड़ती स्थिति के बीच, प्रदेश सरकार ने उच्च स्तरीय बैठक कर 24 अप्रैल को पराली जलाने के खिलाफ कड़े निर्णय लिए थे। पराली जलाने पर किसानों को पीएम सम्मान निधि के प्रदेश के हिस्से से वंचित करने और अगले साल गेहूं की खरीद से बाहर करने का फैसला लिया था।



24 अप्रैल को प्रदेश में पराली के 2135 मामले सामने आए थे, जबकि अगले 9 दिनों में, यानी 3 मई तक, ये 88 प्रतिशत घटकर 259 रह गए। केंद्र द्वारा की जाने वाली सैटेलाइट मैपिंग में, मध्य प्रदेश 1 अप्रैल के बाद से ही सभी प्रदेशों के बीच सबसे अधिक पराली जलाकर पहले नंबर पर रहा है। बीते साल खरीफ में प्रदेश में 31 मई तक पराली जलाने के 18833 मामले सामने आए थे। ये मामले इस साल 23 अप्रैल तक ही लगभग 23 हजार तक पहुंच गए थे। 24 अप्रैल को राजस्व विभाग की बैठक में मुख्यमंत्री के सामने इसके आंकड़े रखे गए। इसके बाद प्रवृत्ति को रोकने के लिए कुछ कड़े कदम उठाए गए। 24 अप्रैल को पराली जलाने के 2135 मामले 25 अप्रैल को घटकर 1930 हो गए और 26 अप्रैल को आधे होकर 892 हो गए।

### जून के पहले सप्ताह में सूची आने की संभवाना

## तबादलों के बाद राजनीतिक नियुक्तियों का खुलेगा पिटारा

**भोपाल,ईएमएस।** मध्यप्रदेश में लंबे समय से खाली पड़े निगम, मंडल, प्राधिकरणों में राजनीतिक नियुक्ति की उम्मीद लगाए लोगों के अच्छी खबर है। प्रदेश में तबादलों के बाद राजनीतिक नियुक्तियों का पिटारा खुलेगा। संभवत अगले माह जून के पहले सप्ताह में नियुक्तियां हो सकती है। इसको लेकर चर्चा शुरू हो गई है। चर्चा है कि सरकार और संगठन के साथ संघ के विचार मंथन के बाद जून में नियुक्ति की तैयारी की जा रही है। नियुक्ति के इंतजार में बैठे लोगों को बहुत जल्द अच्छी खबर मिलेगी। एक साल पहले डॉ. मोहन सरकार ने सभी निगम-मंडलों और आयोगों में नियुक्ति राजनीतिक नेताओं से इस्तीफे ले लिए थे। इसके बाद से सभी नई नियुक्तियों का इंतजार कर रहे हैं। पिछले तीन-चार महीनों से इन चर्चाओं ने जोर पकड़ा था कि भाजपा को नया प्रदेश अध्यक्ष मिलने के बाद नियुक्तियां होंगी, लेकिन अब इस बात पर सहमति बन गई है कि नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति जब भी हो, लेकिन इसके लिए राजनीतिक नियुक्तियां न रोकी जाएं। बता दें कि एमपी में सरकारी विभागों में तबादलों के बाद अब राजनीतिक नियुक्तियों का पिटारा खुलेगा। इसी कड़ी में जून के पहले सप्ताह से नियुक्तियां होने के आसार है।

EMS ACADEMY OF JOURNALISM
(AFFILIATED BY BHARTIYA VIDYA BHAVAN, AHMEDABAD)
Become a Media professional
ADMISSION
OPEN FOR PG-DIPLOMA 2025
One Year Diploma Course
1. Journalism & Mass communication
2. Public Relation
3. Digital Media
4. Marketing & Sales management



APPLY NOW
Contact Us:
9302208608,9229226533
www.emsindia.com, Jabalpur express.com
ems_academy@rediffmail.com
यदि आप बनाना चाहते हैं मीडिया की दुनिया में अपनी पहचान तो जुड़िये मध्यप्रदेश की नंबर 1 मीडिया एकेडमी से
Academy premises: Bhopal Teaching mode: Offline
FACILITIES
• Well equipped media lab & TV Studio
• Writing exercise for print and web
• Guidance by Media Professionals
• Practical Training of conducting Interview, Tv Reporting Writing Article, Field reporting etc.
• Regular Field Visits
• Well Qualified Faculty
• Guaranteed Internship and Placement
ADDRESS : 7, COMMERCIAL CHITTOD COMPLEX ZONE 1 M.P. NAGAR, BHOPAL MADHYA PRADESH

### एनसीटीई ने पिछले 3 सत्रों से लगा रखा है प्रतिबंध, 4 साल में भी नहीं हो सकी शिक्षकों की भर्ती

## फैकल्टी के अभाव में बीयू में नहीं शुरू हो पा रहा बी-एड

**भोपाल,ईएमएस।**

राजधानी भोपाल स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में फैकल्टी के अभाव में कई कोर्स सुचारू रूप से नहीं चल पा रहे हैं। इस समय सबसे ज्यादा चलने वाला कोर्स बीएड पिछले चार वर्षो से बंद पड़ा है। दरअसल राष्ट्रीय शिक्षक परिषद (एनसीटीई) ने पिछले तीन सत्रों से बी-एड कोर्स के प्रवेश में प्रतिबंध लगा दिया। इसका मुख्य कारण विश्वविद्यालय मैं के इस विभाग में फैकल्टी नहीं होना माना जा रहा है। विश्वविद्यालय में शैक्षणिक ढांचे को अब तक पूरा नहीं कर सका है। बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय में पिछले 4 साल से शिक्षकों की भर्ती नहीं कर सका है। जानकारी के लिए बतादें कि बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के बीएड कोर्स की हर साल 100 सीटें भर जाती थीं, लेकिन चार सत्रों से एनसीटीई ने इस पर रोक लगा रखी है। एनसीटीई ने विश्वविद्यालय को समय दिया था ताकि वह अपने संसाधनों को दुरुस्त कर सके, लेकिन बीयू इस दौरान एक भी फैकल्टी मेंबर की नियुक्ति नहीं कर सका।



विश्वविद्यालय ने हर साल आश्वासन पत्र भेजे और शपथ पत्र पर प्रवेश की अनुमति मांगी, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई सुधार नहीं हुआ। वर्तमान में बीएड डिपार्टमेंट में एक भी स्थाई शिक्षक मौजूद नहीं है, जिससे एनसीटीई की नाराजगी और बढ़ गई है।

### कोर्स शुरू करने की तैयारी

जानकारी के अनुसार अब बरकतल्लाह विश्वविद्यालय बीए बीएड और बीएससी बीएड कोर्स शुरू करने की तैयारी शुरू की है, जिसके लिए अनुमति के लिए एनसीटीई को पत्र भेजा गया है। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि जब बीएड के लिए ही फैकल्टी नहीं है, तो इन नए कोर्सों को अनुमति मिलना भी कठिन होगा। इधर बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय में प्रथम वर्ष के छात्रों को प्रवेश देने की तैयारी शुरू कर दी है।

### 70 से अधिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश देने की तैयारी शुरू

इधर बीयू ने सत्र 2025-26 में यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट्स (यूटीडी) में संचालित 70 से अधिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश देने की तैयारी शुरू कर दी है। इस बार बीयू से बीएएलएलबी और बीएससी एग्रीकल्चर पाठ्यक्रम के लिए सीयूईटी (कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट) देना अनिवार्य होगा। वहीं यूटीडी में संचालित अधिकतर पाठ्यक्रमों में सीयूईटी और नॉन सीयूईटी (ऐसे छात्र जो सीयूईटी-यूजी व पीजी में शामिल नहीं होंगे) दोनों तरह के विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सनत कुमार जैन के लिए सुपर प्रिन्टर्स, आर-11, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल (म.प्र.) से मुद्रित कर हॉल नं. 07, चित्तौड़ कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर, भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : बलदेवराज गुप्त, एसोसियेट एडीटर : विनीत खरे, स्थानीय संपादक : सौरभ जैन*
फोन-0755-2572334, दिल्ली कार्यालयः ''ईएमएस हाउस'' यू-39-ए, शकरपुर, दिल्ली-110092. फोन नं.011-22022531 फैक्स नं. 011-22022535. ई-मेलः expressnews.advt@gmail.com (रजि न. RNI 62831/95, डाक पंजीयन सं. म.प्र./भोपाल/402/2024-26) समाचार चयन के लिए *पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।